रांची
बुधवार
16.11.2022
मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 08
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

**रश्मि प्रवाह**
जब तक मनुष्य के जीवन में सुख-दुख नहीं आयेगा, तब तक मनुष्य को यह एहसास कैसे होगा कि जीवन में क्या सही है और क्या गलत।

www.rastriyanaveenmail.com
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
वर्ष-23 अंक-280 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50



## राज्य में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और झारखंड स्थापना दिवस की रही धूम

# सीएम ने राज्यवासियों को दिये कई तोहफे

- 7309. 58 करोड़ रुपये की लागत से 369 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास
- 13,90,164 लाभुकों के बीच 1247.39 करोड़ रुपये की बांटी गयी परिसंपत्ति
- सहायक अभियंता, परिचारिका और लेखा पदाधिकारियों को मिला नियुक्ति पत्र
- राज्य स्थापना दिवस पर 147 योजनाओं की रखी गयी नींव 222 योजनाओं का उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित मुख्य समारोह एक बार फिर ऐतिहासिक पल का गवाह बना। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य और राज्यवासियों की उन्नति, खुशहाली और सशक्तिकरण के लिए कई योजनाओं की सौगात दी। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि निश्चित तौर पर ये योजनाएं झारखंड के लिए उम्मीदों का नया सवेरा लेकर आयेगी। जहां राज्य विकास के नये आयाम स्थापित स्थापित करेगा, वहीं राज्यवासियों की उम्मीदें और आशाएं पूरी होंगी। श्री सोरेन यह कहना गलत नहीं होगा कि ये सभी नीतियां और योजनाएं झारखंड के सुनहरे भविष्य की आधारशिला रखेंगी। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में 13,90, 164 लाभुकों के बीच 1247.39 करोड़ रुपये की परिसंपत्ति का वितरण किया गया। इसके अलावा 12 अक्टूबर से 14 नवम्बर तक दो चरणों में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 12 जिलों में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने इन जिलों में (12 नवम्बर तक) 8,95,324 लाभुकों के बीच 759.21 करोड़ रुपये की परिसंपत्तियां बांटी थी।

### राज्यवासियों को स्थापना दिवस पर मिलीं ये सौगातें



स्थापना दिवस के अवसर पर 7309. 58 करोड़ रुपये की लागत से कुल 369 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास हुआ। इसमें 5433.24 करोड़ रुपये की लागत से 147 योजनाओं की आधारशिला रखी गयी और 1876.34 करोड़ रुपये की लागत से 222 योजनाओं का उद्घाटन हुआ।

जिन योजनाओं का शिलान्यास सम्पन्न हुआ, उसमें पथ निर्माण विभाग की 41 (राशि 1718.64 करोड़), पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की 17 (931.31 करोड़), भवन निर्माण विभाग की चार (261.34 करोड़), जल संसाधन विभाग की तीन (84.27 करोड़), नगर विकास एवं आवास विभाग की 12 (1658.86 करोड़), स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की तीन (74.31 करोड़), अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग एवं कल्याण विभाग की एक, ग्रामीण कार्य विभाग की 14, झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन की 16, कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग की 17, स्वास्थ्य विभाग की 14 (517.65 करोड़) और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा की पांच योजनाएं शामिल हैं।

जिन योजनाओं का उद्घाटन किया गया उनमें पथ निर्माण विभाग की 43, जल संसाधन विभाग की दो, भवन निर्माण विभाग की दो, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की सात, नगर विकास एवं आवास विभाग की 13, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की सात, ग्रामीण कार्य विभाग की 13, झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन की 25, श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की छह, स्वास्थ्य विभाग की आठ, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की 10 और स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की 86 योजनाएं शामिल हैं।

### तीन नयी पॉलिसी की लांचिंग

**झारखंड विद्युत वाहन नीति-2022 :** झारखंड विद्युत वाहन नीति-2022 के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जाना है। इसमें वर्ष 2030 तक आईसीई इंजन आधारित वाहनों को विद्युत वाहनों से प्रतिस्थापित किया जाना है। जबकि, 2027 तक एसीसी बैट्री के निर्माण के लिए एक परियोजना स्थापित की जायेगी।

**झारखंड इथेनॉल उत्पादन प्रोत्साहन नीति-2022 :** झारखंड इथेनॉल उत्पादन प्रोत्साहन नीति के तहत राज्य में जैव ईंधन के प्रयोग को बढ़ावा दिया जायेगा। इस नीति में वर्ष 2025 तक इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल का प्रयोग को बढ़ाकर 40 प्रतिशत करने का लक्ष्य है। जैव ईंधन का निर्माण गन्ना जैसे कृषि उत्पादों से किया जाता है।

**झारखंड औद्योगिक पार्क एवं लॉजिस्टिक नीति-2022 :** झारखंड औद्योगिक पार्क एवं लॉजिस्टिक नीति-2022 का मकसद राज्य को आर्थिक मजबूती प्रदान करना है। यहां सरकार और निजी संस्थानों की भागीदारी से औद्योगिक पार्क एवं लॉजिस्टिक पार्क बनाये जायेंगे। इससे होनेवाली आय भी सीधे राज्य स्त्ररकार को प्राप्त होगी। इससे राज्य में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

#### इन नयी योजनाओं का शुभारंभ

**गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना :** इस योजना के तहत राज्य के 10वीं और 12वीं उतीर्ण आर्थिक रुप से कमजोर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के क्षेत्र- इंजीनियरिंग, मेडिकल, लॉ, रिसर्च आदि की पढ़ाई के लिए ऋण की सुविधा सरकार उपलब्ध करायेगी।

**एकलव्य प्रशिक्षण योजना :** राज्य के विद्यार्थियों को संघ लोक सेवा आयोग, झारखंड लोक सेवा आयोग, केंद्रीय/झारखंड कर्मचारी चयन आयोग और बैंकिंग तथा रेलवे आदि जैसी भर्ती एजेंसियों के द्वारा ली जाने वाली भर्ती प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों में निःशुल्क कोचिंग सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।

**मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना :** इस योजना के अंतर्गत झारखंड राज्य के विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग, मेडिकल, विधि, जन संचार, फैशन डिजाइनिंग/फैशन टेक्नोलॉजी, होटल मैनेजमेंट, चार्टर्ड अकाउंटेंट और आईसीडब्लूए, झारखंड में अवस्थित राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों द्वारा निःशुल्क कोचिंग सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।

**मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना :** राज्य सरकार ने 22 जिलों के 226 प्रखंडों को सूखा क्षेत्र घोषित किया है। ऐसे में सूखा प्रभावित क्षेत्र में प्रत्येक परिवार को तत्काल 35 सौ रुपये आनुग्राहिक राहत अनुदान राशि उपलब्ध करायी जायेगी।

**मुख्यमंत्री सारथी योजना :** इस योजना के तहत राज्य के प्रतिभाशाली और मेहनतकश युवाओं को हुनरमंद बनाकर रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ना है। इसके तहत सरकार द्वारा 18 से 35 वर्ष तक के युवाओं को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण दिया जायेगा।

## जनजातीय गौरव दिवस : राष्ट्रपति ने बिरसा मुंडा को पुष्पांजलि अर्पित की



नवीन मेल संवाददाता

**रांची/खूंटी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को धरती आबा की जन्मस्थली झारखंड के खूंटी स्थित उलिहातू गांव पहुंचकर इस वर्ष देशभर में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस का नेतृत्व किया। राष्ट्रपति ने धरती आबा को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनको नमन किया। इस दौरान राष्ट्रपति ने भगवान बिरसा मुंडा के वंशजों से मुलाकात की और स्वतंत्रता संग्राम के महानायक धरती आबा के योगदान को याद किया। राष्ट्रपति के साथ राज्यपाल रमेश बैस, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने भी 'जनजातीय गौरव दिवस' के अवसर पर बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू, खूंटी जाकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके प्रति श्रद्धा-सुमन अर्पित की और उनके वंशजों से भेंट की। इस दौरान कई अन्य लोगों ने भी धरती आबा को शत्-शत् नमन किया।

## भगवान बिरसा मुंडा हमारी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक ऊर्जा के संवाहक : प्रधानमंत्री



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा को देश की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक ऊर्जा का संवाहक बताते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा और करोड़ों जनजातीय वीरों के सपनों को साकार करने के लिए देश आजादी के पंच प्रणों की ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस के माध्यम से देश की आदिवासी विरासत पर गर्व व्यक्त करना और आदिवासी समुदाय के विकास का संकल्प उसी ऊर्जा का हिस्सा है। प्रधानमंत्री जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर एक वीडियो संदेश के माध्यम से राष्ट्र को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को जनजातीय गौरव दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज पूरा देश भगवान बिरसा मुंडा की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मना रहा है। मैं देश के महान क्रांतिकारी सपूत भगवान बिरसा मुंडा को सादर नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि 15 नवम्बर की यह तारीख, भारत की आदिवासी परंपरा के गौरवगान का दिन है। मैं इसे अपनी सरकार का सौभाग्य मानता हूं कि उसे 15 नवम्बर (बिरसा मुंडा की जयंती) को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित करने का अवसर मिला। भगवान बिरसा मुंडा न केवल हमारी राजनीतिक आजादी के महानायक थे, बल्कि वे हमारी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक ऊर्जा के संवाहक भी थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश आज आजादी के पंच प्रणों के साथ भगवान बिरसा मुंडा सहित करोड़ों शेष पृष्ठ 11 पर

## राष्ट्रपति का राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया स्वागत



**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के मंगलवार को रांची पहुंचने पर राज्यपाल रमेश बैस और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत अन्य लोगों ने उनका स्वागत किया जिसके बाद वे भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू के लिए रवाना हुईं।

**बिरसा मुंडा की समाधि स्थल पर सीएम ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर दी श्रद्धांजलि :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के कोकर स्थित भगवान बिरसा मुंडा के समाधि स्थल पर आदिवासी नायक और स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा को उनकी जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# सभी के सहयोग से राज्य को सशक्त और मजबूत बनायेंगे : हेमंत सोरेन

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड खनिज संपदा के साथ-साथ वीरों की भूमि रही है। आज 15 नवम्बर का दिन सिर्फ स्थापना दिवस के लिए नहीं बल्कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती दिवस के रूप में भी मनाया जा रहा है। लम्बे समय से अलग झारखंड राज्य की मांग थी। हमारे पूर्वजों ने सदियों से झारखंडवासियों के हक, अधिकार और मांग को लेकर संघर्ष किया। हमारे पूर्वजों ने यहां के लोगों के अस्तित्व और सम्मान के लिए अनेकों लड़ाइयां लड़ी। न कभी रुके न कभी थके। दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नेतृत्व में अलग राज्य की परिकल्पना को पूरा किया जा सका था। झारखंड खनिज संपदा को लेकर देश और दुनिया में एक अलग पहचान रखता है। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर अपने संबोधन में कही।

**सीएम बोले -**
- 31 लाख किसान परिवारों को मिलेगा सूखा राहत का लाभ
- गरीबी के अभिशाप को मिटाने का है संकल्प

**सभी समस्याओं का समाधान कर रही सरकार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 वर्ष में कई सरकारें बनी, लेकिन इस राज्य के आदिवासी, दलित, पिछड़ों की समस्याएं यथावत रहीं। पूर्ववर्ती सरकारों ने राज्य की जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य नहीं किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में आपदा के रूप में सुखाड़ की समस्या आ खड़ी हुई। राज्य सरकार ने 226 प्रखंडों को चिन्हित कर सूखाग्रस्त घोषित करने का काम किया है। शेष पृष्ठ 11 पर

# विश्व की जनसंख्या हुई 800 करोड़

- चीन की जनसंख्या 141.24 व भारत की 139.34 करोड़
- बच्चा पैदा करने के मामले में भारत है विश्व में नंबर वन

- 2023 में भारत जनसंख्या के मामले में हो जायेगा नंबर वन

\- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** बधाई हो बधाई! भारत बच्चा पैदा करने के मामले में विश्व गुरु पहले से तो है ही, अगले वर्ष 2023 में जनसंख्या के मामले में भी चीन को पीछे छोड़ता हुआ विश्व में नंबर वन हो जायेगा। हो सकता है नये वर्ष के शुरू होते ही इसके लिये भी जोर-शोर से जश्न मनाया जाये। फिलहाल चीन की जनसंख्या है 141.24 करोड़ व भारत की है 139.34 करोड़। मंगलवार 15 नवम्बर को विश्व की आबादी आठ अरब तक पहुंच गयी। इस तरह बीते 72 वर्ष में दुनिया की आबादी तीन गुना से भी ज्यादा बढ़ी है। 1950 में दुनिया की आबादी लगभग 2.5 अरब थी। संयुक्त राष्ट्र ने अनुमान लगाया है कि यदि आबादी बढ़ने की मौजूदा दर जारी रही, तो 2030 तक दुनिया की आबादी साढ़े आठ अरब और 2050 तक नौ अरब 70 करोड़ हो जायेगी। बच्चा पैदा करने की रफ़्तार यही रही, तो साल 2100 तक दुनिया की आबादी 10 अरब 40 तक पहुंच जायेगी।

### 2080 में विश्व जनसंख्या अपने चरम तक पहुंच जायेगी



**संयुक्त** राष्ट्र की गणना के मुताबिक दुनिया में आबादी बढ़ने की रफ्तार घट रही है। इससे 2080 में विश्व जनसंख्या अपने चरम तक पहुंच जायेगी। उसके बाद आबादी में गिरावट शुरू हो सकती है। दुनिया में 61 देश ऐसे हैं, जिनकी आबादी से अब से 2050 के बीच एक प्रतिशत गिर जायेगी। जनसंख्या में सबसे ज्यादा गिरावट लातविया, बुल्गारिया, सर्बिया, लिथुआनिया और यूक्रेन में आने का अनुमान है। उन देशों में कुल मिला कर आज की तुलना में जनसंख्या 20 प्रतिशत तक घट सकती है।

### 1960 के दशक में आबादी में हुई सबसे ज्यादा बढ़ोतरी

**जनसंख्या** विशेषज्ञों के मुताबिक आबादी में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी 1960 के दशक में हुई। उसके बाद गर्भनिरोधकों की उपलब्धता और आम तौर पर समाजों के विकास के कारण जनसंख्या वृद्धि की दर गिरने लगी। खासकर, उन महिलाओं में जन्म दर गिरी, जो शिक्षा प्राप्त करने के बाद नौकरी-पेशा हो गयीं। अब दुनिया में प्रति महिला औसत जन्म दर दो बच्चों की है। जबकि 1950 के दशक में यह दर पांच शेष पृष्ठ 11 पर

## राज्य स्थापना दिवस कार्यक्रम से राज्यपाल केंद्रीय मंत्री समेत भाजपा नेताओं ने बनायी दूरी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड स्थापना दिवस कार्यक्रम से राज्यपाल ने दूरी बनायी और वे कार्यक्रम में नहीं आये। कार्यक्रम में राष्ट्रपति के इंकार के बाद राज्यपाल को मुख्य अथिति बनाया गया था। इससे पहले राजभवन जाकर मुख्यमंत्री गवर्नर से मिले थे। झारखंड स्थापना दिवस समारोह से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और भाजपा नेताओं ने दूरी बनाये रखी। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को खास तौर पर निमंत्रित किया गया था, जबकि सम्मानित अतिथि के तौर पर राज्यसभा सांसद सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, सांसद आदित्य प्रसाद साहू, रांची सांसद संजय सेठ, रांची विधायक सीपी सिंह को आमंत्रित किया गया था, लेकिन भाजपा नेता सरकारी कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए।

### राजनीतिक इस्तेमाल का पहले से था अंदेशा : दीपक प्रकाश

**राज्यसभा** सांसद सह प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि पहले से ही यह अंदेशा था कि मोरहाबादी स्थित सरकारी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री व दूसरे नेताओं के द्वारा राजनीतिक भाषा का इस्तेमाल किया जायेगा, हुआ भी ठीक ऐसा ही। यही वजह है कि अपनी गरिमा बनाये रखने के लिए भाजपा के नेताओं ने कार्यक्रम से दूरी बनायी। दीपक प्रकाश ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली हमारे लिए धर्मस्थल की तरह है। भाजपा ने वहां कार्यक्रम किया। वहीं, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड राज्य का गठन अटल बिहारी वाजपेयी ने किया, लेकिन मोरहाबादी स्थित मंच से एक बार भी श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी का नाम तक नहीं लिया गया, जबकि दुनिया जानती है कि उन्होंने झारखंड अलग राज्य की सौगात दी थी। दीपक शेष पृष्ठ 11 पर

## न्यूज गैलरी

### 27 प्रतिशत आरक्षण राज्य सरकार नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के साथ हो : राजेश गुप्ता



रांची। धरती आबा बिरसा मुंडा की जन्म दिवस पर बिरसा चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा ने जल जंगल जमीन के लिए संघर्ष किया था आज उनके संघर्ष और बलिदान की दास्तां इस देश में सुनाई जाती है और उनके बताए गए मार्ग पर हम चलकर ही देश को सशक्त और मजबूत बना सकते हैं। जयंती और राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा गठबंधन की सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन से मांग करता है कि ओबीसी का 27 प्रतिशत आरक्षण राज्य में अविलंब लागू हो और नगर निकाय का चुनाव में ओबीसी का आरक्षण देने के बाद हो। इस मौके पर माल्यार्पण करने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष एसएन सिंह कुशवाहा वरिष्ठ नेत्री शोभा यादव पार्षद कृष्णा महतो, रामावतार कश्यप, कार्यालय प्रभारी अभय प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

### भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं राज्य स्थापना दिवस धूमधान से मनाया गया



बुढ़मू। भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं राज्य स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बुढ़मू प्रखंड मुख्यालय स्थित स्टेडियम में भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर कई गणमान्य लोगों ने माल्यार्पण किया और लोगों ने संबोधित करते हुए बिरसा मुंडा को याद किया। उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। माल्यार्पण करने वालों में पूर्व रांची जिप उपाध्यक्ष पार्वती देवी, प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, उपप्रमुख हरदेव, प्रखंड के पश्चिमी जिला परिषद सदस्य रामजीत गंझू, पूर्व उप प्रमुख जगजीवन महतो, विनोद मुंडा, शमीम बड़ेहार, महेंद्र मुंडा सहित कई गणमान्य लोगों ने माल्यार्पण किया।, इससे पूर्व थाना मोड़ से अतिथियों का स्वागत करके ले जाया गया।, और भगवान बिरसा मुंडा को माल्यार्पण किया गया। मौके पर कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### बुढ़मू प्रखंड के मुरवे गांव में मेला का आयोजन किया गया



बुढ़मू। बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर बुढ़मू प्रखंड के मुरवे गांव में मेला का आयोजन किया गया। मेला में नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान में कार्यक्रम में आए कलाकारों ने अपने गीत व नृत्य को प्रस्तुत किया।, और मेला देखने आए दर्शकों को मजोरंजन कराया।, और मेला देखने आए लोगों ने मेला का लुप्त उठाया। मेला का उद्घाटन स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं मेला कमिटी के सदस्यों ने संयुक्त रुप से फीता काट कर किया। मेला में मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा नेता कमलेश राम सहित कई अतिथि उपस्थित थे। मेला में भाजपाा नेता कमलेश राम ने कलाकारों के साथ मंच पर मांदर लेकर खूब थिरके। मेला में खिलौने, मिठाइयां आदि की दुकान लगी हुई थी। मेला में कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। मेला के सफल आयोजन में मेला जनक मुंडा, महेंद्र मुंडा, बबलू मुंडा आदि ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।

# मेजर बनकर सैलून संचालक के खाते से उड़ा लिया 1.05 लाख



## गूगल पे और क्रेडिट कार्ड का नंबर लेकर उड़ाया पैसा

**विनोद ने पुलिस को बताया कि बीते आठ नवंबर को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन किया। फोनकर्ता ने खुद को पंडरा आर्मी कैंट का मेजर बताया। कहा कि उनके कैंप के 50 जवानों का दाढ़ी और बाल बनाना है। कितने पैसे लगेंगे। विनोद ने उसे बताया कि 30 हजार रुपए का भुगतान करना पड़ेगा। इसके बाद ठग ने उन्हें वीडियो कॉल किया और कहा कि आधा राशि का भुगतान वे ऑनलाइन कर देंगे। इसके लिए वे उन्हें गुगल पे और फोन पे का नंबर के अलावा क्रेडिट कार्ड का नंबर उन्हें व्हाट्सएप पर उपलब्ध कराए। जैसे ही विनोद ने ठग को दोनों नंबर उपलब्ध कराया। कुछ ही देर में उनके दोनों खातों से 1.05 लाख रुपए की अवैध निकासी हो गयी। इसके बाद वे सीधे बरियातू थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया।**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** साइबर अपराधी लोगों को नए-नए तरकीबों से ठगी का शिकार बना रहे हैं। ताजा मामला बरियातू थाना क्षेत्र के एदलहातू का है। एदलहातू स्थित एक सैलून के संचालक को साइबर ठगों ने सेना के जवानों का बाल काटने का झांसा देकर उनके खाते से 1.05 लाख रुपए की ठगी कर ली। घटना बीते आठ नवंबर की है। इस संबंध में संचालक विनोद कुमार शर्मा ने बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस फोनकर्ता ठग के नंबर की जानकारी इक्ट्ठा कर रही है। हालांकि पुलिस को अब तक साइबर ठगों का कोई सुराग हाथ नहीं लगा है।

## वार्ड 29 में शिक्षक सह समाजसेवी निशांत का शिक्षा के क्षेत्र में अनोखा पहल



रांची। समाज सेवी निशांत यादव द्वारा वार्ड 29 में रहने वाले 10वें और 12वें के वैसे छात्र छात्राएं जो गुणवक्ता पूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में असमर्थ हैं। उनके लिए निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की गयी है। इक्षुक छात्र छात्राएं 8210729907 पर संपर्क कर सकते है या फिर जय प्रकाश नगर रोड नंबर 2 स्थित निशांत यादव के कार्यालय में संपर्क कर सकते है। निशांत यादव जी ने बताया की इस क्षेत्र में गुणवक्ता पूर्ण शिक्षा और स्वस्थ सेवाएं बहाल करना उनकी प्राथमिकता है और हमेशा इस कार्य में वो लगे रहते है।

## भगवान बिरसा ने अपने कुशाग्रह बुद्धि से अंग्रेजी हुकुम को मजबूर कर दिया था : सांसद

**नवीन मेल संवाददाता**

**ओरमांझी ।** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने अपने समर्थकों के साथ पुंदाग स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने कहा कि देश के महान सपूत भगवान बिरसा मुंडा को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। भगवान बिरसा मुंडा एक गरीब परिवार में जन्मे थे। उनके परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत ही दैयनिय था। भगवान बिरसा मुण्डा ने अपने कुशाग्रह बुद्धि से से अंग्रेजी हुकुम को दांतों तले चना चबाने को मजबूत कर दिया था। उन्होंने महज 22 साल में अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए थे। समाज को एकजुट रहने एवं संघर्ष करने के हमेशा प्रयास करते रहते थे। उन्होंने शोषण



के विरूद्ध लड़ने के लिए समाज को जागरूक किए। उनकी कुबार्नी व्यर्थ नहीं जाएगी। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू भगवान बिरसा मुंडा की नया आदम कद प्रतिमा एवं सुंदरीकरण करने कि घोषणा किया है। मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश किसान मोर्चा अमरनाथ चौधरी, जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष मानकी राजेंद्र साही, मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, अलखनाथ महतो, चतुर साहू, राज किशोर साहू , अशोक पहान, प्रवेश भोगता, विक्रांत तिवारी, सुरेश मुंडा, नरेश मुंडा सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पवित्रम गो सेवा परिवार द्वारा आयोजित पांच दिवसीय नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पवित्रम गोसेवा परिवार के तत्वधान में पवित्रम सेवा धाम धनबाद में 11-15 नवंबर तक आयोजित पांच दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर का आज समापन हुआ। चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर में उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध वयोवृद्ध वैध श्री नरेश जैन के मार्गदर्शन में 100 से भी अधिक भाई बहिनों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिविर में वैद्य नरेश जैन ने अनेको जटिल रोगों के बारे में संपूर्ण चिकित्सा परामर्श जानकारी दी। यह सम्पूर्ण कार्यक्रम पूर्ण रूप से निःशुल्क रखा गया था। इसमें आयुर्वेद ओषधियां भी निःशुल्क दी गई। पवित्रम गो सेवा परिवार के प्रमुख संयोजक अजय भरतिया ने बताया कि संस्था के अनेक आयाम है जिस पर संस्था पिछले कई वर्षों से लगातार कार्य कर रही है,जिसमे आरोग्य ,वैदिक शिक्षा ,गो सेवा,स्वावलंबन एवं मातृ-शक्ति प्रमुख है। संस्था द्वारा गांव- गांव में प्रशिक्षण शिवरों व अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से प्राकृतिक जीवन शैली अपनाने



,नशा,मांसाहार से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया तथा केंसर से घातक बीमारियों से बचने के लिए जैविक खेती का प्रशिक्षण भी दिया गया। उपयोगी आयुर्वेदिक ओषधियाँ घर घर मे लगाने हेतु प्रेरित किया गया, शिविर में सैकड़ों निःशुल्क पौधे बाटें गये। प्रत्येक व्यक्ति अपना डॉक्टर खुद बने इसी भाव से पूरा प्रशिक्षण दिया गया। इस चिकित्सा शिविर कार्यक्रम में सैकड़ों भाई बहिन को निःशुल्क परामर्श एवं आयुर्वेद दवाई दी गई। तथा पवित्रम स्वदेशी प्रचार केंद के माध्यम से जैविक उत्पाद, पंचगव्य उत्पाद ,आयुर्वेदिक उत्पाद का प्रचार प्रसार किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बहुत शीघ्र ही अन्य जिलों में भी कराने की योजना है।

## बीएयू में आज नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय चिकित्सालय एवं आईरिस सुपर स्पेशलिटी नेत्र जाँच केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आज निः शुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया है. कांके स्थित विश्वविद्यालय चिकित्सालय में प्रातः 10.30 बजे से नेत्र, नेत्र रोग एवं आँख की रौशनी आदि की निः शुल्क जाँच होगी. बीएयू मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ युएस वर्मा ने बताया कि कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह के निर्देश पर आयोजित इस शिविर में लोगो को गंभीर नेत्र रोगों का ईलाज, बचाव एवं सुरक्षा कवच देने की कोशिश होगी. शिविर में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी, शिक्षक, वैज्ञानिक, छात्र-छात्राएँ, कर्मचारी, आकस्मिक कर्मी और उनके परिवार का सदस्यों को निः शुल्क जाँच सुविधा दी जाएगी.

## झारखंड राज्य गठन के 22 वां स्थापना दिवस

## 1932 का खतियानअबुआ दिसुम-अबुआ राइज का आधार : पुष्कर महतो

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा व बिरसा मुंडा स्मारक समिति के सयुक्त तत्वावधान में आज भगवान बिरसा मुंडा की 147 वीं व झारखंड अलग राज्य गठन के 22 वा स्थापना दिवस चुटिया स्थित प्राचीन राधा वल्लभ मंदिर व भगत सिंह चौक में बिरसा मुंडा के चित्र में माल्यार्पण व पुषपांजलि अर्पित कर मनाया गया.झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक व बिरसा मुंडा स्मारक समिति के संयोजक पुष्कर महतो ने कहा कि आंदोलनकारियों के संघर्ष व शहादत के कारण ही झारखंड अलग राज्य का गठन हुआ है. झारखंड आंदोलनकारी गौरव पुत्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 1932



का खतियान आधारित स्थानीय नियोजन नीति लागू करके भगवान बिरसा मुंडा के अबुआ दिसुम-अबुआ राइज के सपनों को साकार करने की दिशा में ऐतिहासिक व स्वागत योग्य बड़ी पहल है. राज्य के झारखंड आंदोलनकारी गण मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त करते हैं. संयोजक भुवनेश्वर केवट ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा से जल जंगल जमीन व जन के शोषण व पूंजीवादी ताकतों के खिलाफ संघर्ष किए व शहादत दिए है. बिरसा मुंडा के संकल्प आबुआ दिसुम आबूआ राइज को लागू करने की चुनौती को अवसर में बदलना है. बिरसा मुंडा को पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में मनपुरन नायक, कैलाश केशरी, कृष्णा सहाय,दिवाकर साहू,सुबोध लकड़ा,मनोज पासवान, सतीश पांडेय, नकुल नायक,सरदार शेरू सिंह,अरविंद माहली,रवि कुमार, महाराज गोकुल दास सहित अन्य प्रमुख थे. वहीं दूसरी ओर कोकर स्थित डिस्लारी पुल स्थित बिरसा मुंडा के समाधि स्थल में भी पुष्कर महतो,भुवनेश्वर केवट, इजहार राही,सनिचरवा तिर्की, सुबोध लकड़ा द्वारा पुष्प अर्पित किया गया।

## सभी आवास योजना के लाभुकों का जल्द होगा वितरण : जयसवाल

**नामकुम।** नामकुम प्रखंड के खिजरी नया टोली मैं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभुक सुनीता देवी



व अंबेडकर आवास योजना के तहत लाभुक सुचिता मिंज के आवास नामकुम प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्ञान शंकर जयसवाल, जिला परिषद सदस्य रामअवतार केरकेट्टा, कारमेला कच्छप द्वारा फीता काटकर गृह प्रवेश कराया। इस मौके पर बीडीओ श्री जायसवाल ने बताया कि नामकुम प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कुल 1411 आवास बनाने का लक्ष्य रखा गया है, वर्तमान में कुल 836 भवन का निर्माण पूरा हो चुका है। सभी लाभुकों को आवास वितरण कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा है कि जल्द से जल्द सभी लाभुकों को आवास का निर्माण पूर्ण कर प्रवेश करा दिया जाएगा। वही बिरसा मुंडा जयंती पर नामकुम प्रखंड कार्यालय परिसर में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण क्या किया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल, परिषद सदस्य रामअवतार केरकेट्टा, खिजरी मुखिया कारमेला कच्छप, रेनू कुमारी, नाजिर रितेश कुमार, अनिल सिंह सहित कई पदाधिकारियों की मौजूदगी में सैकड़ों जरूरतमंद के बीच कंबल का वितरण किया गया।

## जन जातीय गौरव दिवस पर भगवान बिरसा प्रतिमा किया मार्ल्यापन

**रांची।** बिरसा जयंती के अवसर पर मंगलवार को कोकर स्थित विरसा समाधि स्थल पर भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यकर्ता रैली की शक्ल में समाधी स्थल पर पहुंचे जहां सभी ने बारी बारी से प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वीर बिरसा के सपनों को पुरा करने का संकल्प लिया। इस अवसर पथलगढ़ी स्थल पर जुटे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए माले राज्य कमिटी सदस्य भुवनेश्वर केवट ने कहा कि ब्रिटिश काल से लेकर अब तक झारखंड और झारखंड की जंगल जमीन की रक्षा के लिए लड़ने योद्धाओं की साजिश कर हत्या होती रही है। बिरसा से लेकर फादर स्टैन की साजिशन हत्या इसी की कड़ी है। अंग्रेजी राज को स्वर्णीम दौर कहने वाले अब विरसा के सपनो की हत्या करने पर आमादा है।

## 22वीं नेशनल पेरा स्विमिंग चैंपियनशिप में झारखंड के हरिलाल ने गोल्ड एवं सिल्वर व जितेंद्र ने कांस्य पदक जीता

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गुवाहाटी (असम) में आयोजित 22 वीं नेशनल पेरा स्विमिंग चैंपियनशिप 2022 प्रतियोगिता में झारखंड ने पहली बार 1स्वर्ण पदक 1रजत पदक एवं 1कांस्य पदक जीत कर इतिहास रचा है। चैंपियनशिप का आयोजन 11 से 13 नवंबर तक गुवाहाटी के डॉ जाकिर हुसैन कंपलेक्स में किया गया,इस चैंपियनशिप में झारखंड से 13 सदस्यीय टीम ने भाग लिया था। सभी ने पेरा स्विमिंग चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन किया जिसमें मधुपुर के हरिलाल टुडू ने एक गोल्ड मेडल तथा एक सिल्वर मेडल जीता। तथा रामगढ़ के जितेंद्र पटेल ने कांस्य पदक जीता। टीम में पांच ऑफिसर पेरालिंपिक कमेटी ऑफ झारखंड के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कुमार दत्ता,



कमेटी के सीईओ पेरा स्विमिंग ईस्ट जोन के सचिव सुनील कुमार विश्वास, कमेटी के वित्तीय प्रबंधक विवेक राज, कोच उज्जवल घोष, कार्यसमिति सदस्य गोवर्धन रजक टीम का नेतृत्व किया। चैंपियनशिप में देश के 25 राज्यों से लगभग 800 दिव्यांग खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस चैंपियनशिप का मेजबानी पेरालिंपिक एसोसिएशन असम द्वारा किया गया था। झारखंड से भाग लेने वाले खिलाड़ियों में धनबाद से राजकुमार रवानी, सुनील कुमार वर्मा, गोवर्धन रजक, ओम प्रकाश चौहान, शेरू कुमार भुईया, अशोक कुमार भुइया, देवघर से उज्जवल घोष, मधुपुर से हरिलाल टूडू, रामगढ़ से रंजीत कुमार, जितेंद्र पटेल, बोकारो से महावीर चौधरी, साहेबगंज से डॉक्टर घोष, पलामू से मुकेश कुमार चौबे,शामिल थे। पेरालिंपिक कमेटी ऑफ झारखंड ने स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक झारखंड के खिलाड़ी हरिलाल टूडू एवं जितेंद्र पटेल के जीतने पर हर्ष व्यक्त व्यक्त किया है।

## राज्य के उद्योगों में स्किल्ड लेबर की कमी, लंबे समय से औद्योगिक संगठन कर रहे सेंटर की मांग

**रांची।** राज्य में अधिकांश स्टील फर्नेस बेस्ड उद्योग है. विशेषकर जमशेदपुर और सरायकेला इलाके में. लेकिन इन उद्योगों के अनुसार राज्य में स्किल्ड लेबर नहीं मिलते. इसकी प्रमुख वजह राज्य में स्कील्ड लेबर की कमी. वहीं राज्य सरकार की ओर से इन उद्योगों के मांग के अनुसार श्रमिकों को प्रशिक्षण नहीं दिया जाना है. राज्य के व्यवसायिक संगठन लंबे समय से राज्य सरकार से ये मांग करते आ रहे है. जिसमें राज्य के उद्योगों में ही स्कील्ड डेवलपमेंट सेंटर खोलने की मांग की जा रही है. पिछले कुछ समय से चौंबर ऑफ कॉमर्स, जेसिया जैसे औद्योगिक संगठन सरकार से इसकी मांग कर रहे है. अब फिर से उद्योगों की ओर से राज्य उद्योग विभाग और केंद्र सरकार को भी पत्र लिखने की तैयारी की जा रही है.

## मुख्यमंत्री की मांग को ईडी ने किया खारिज, 17 नवंबर को ही होना होगा उपस्थित

# मुख्यमंत्री ने 16 नवंबर को उपस्थित होने का भेजा था संदेश, पुलिस मुख्यालय से भी ईडी ने मांगी सुरक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में एक हजार करोड़ से अधिक के अवैध खनन के जरिए मनी लाउंड्रिंग की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मांग को खारिज कर दिया है। ईडी के सूत्रों के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने 17 नवंबर के बजाय 16 नवंबर को ही ईडी के समक्ष हाजिर होने की मांग रखी थी, लेकिन एजेंसी ने तकनीकी कारणों से मुख्यमंत्री की इस मांग को खारिज कर दिया। दरअसल, मुख्यमंत्री को पहली बार 1 नवंबर को नोटिस भेजकर 3 नवंबर को रांची जोनल आफिस आने का




समन भेजा गया था। लेकिन पहली नोटिस पर मुख्यमंत्री ने तीन हफ्तों का वक्त मांगा था। एजेंसी के वरीय अधिकारियों की चर्चा के बाद मुख्यमंत्री को 17 सितंबर को पूछताछ के लिए समन भेजा गया था। जिसे लेकर मुख्यमंत्री ने एक दिन पहले ही उपस्थित होने के लिए ईडी को पत्र भेजा था। एजेंसी के अधिकारियों के मुताबिक, तकनीकी कारणों से मुख्यमंत्री को 17 नवंबर की तारीख को ही उपस्थित होने को कहा गया है।

**17 नवंबर के लिए मांगी सुरक्षा**

ईडी ने मुख्यमंत्री के ईडी कार्यालय आने के समन के आलोक में सुरक्षा की मांग की है। इसके लिए डीजीपी नीरज सिन्हा को भी पत्र भेजा गया है। 17 नवंबर को मुख्यमंत्री पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय आएंगे, ऐसे में उनके साथ भारी संख्या में नेताओं व कार्यकताओं की भी आने की सूचना ईडी को है। ऐसे में सुरक्षार्थ ईडी ने सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त रखने के लिए डीजीपी व सीआरपीएफ रांची मुख्यालय को पत्र भेजा है।

## हाईवे पर गाड़ी तेज चलाया तो आने वाले टोल प्लाजा पर भरना होगा जुर्माना

रांची। आए दिन राज्य के हाईवे और रांची-टाटा मार्ग पर होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए झारखंड सरकार रोड सेफ्टी को लेकर काफी गंभीर है. राज्य के हाईवे पर निर्धारित लिमिट से ज्यादा तेज गाड़ी चलाना वाहन चालकों को काफी महंगा पड़ेगा. तेज वाहन चलाने वाले चालकों से अगले टोल प्लाजा या अगली पुलिस चेक पोस्ट पर जुर्माना की वसूली की जाएगी. वर्ष 2021-22 के लिए रोड सेफ्टी के मद में 7 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है. इसमें 417 ब्रेथ अल्कोहल एनालाइजर, 46 स्पीड लेजर गन, 190 बॉडी वॉर्न कैमरा सिस्टम खरीदे जाएंगे. इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, परचेज प्रक्रिया 45 दिनों के भीतर पूरी कर लेने का आश्वासन हाईकोर्ट को ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट की ओर से दिया गया है.

## नेताओं के चुनाव लड़ने के लिए तय हो न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता : सुनील

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि देश में नेताओं के चुनाव लड़ने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता तय की जानी चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि जिस तरह से भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में नौकरी व अन्य कार्य के लिए शैक्षणिक के साथ अन्य योग्यता तय होती है, उसी प्रकार नेताओं के चुनाव लड़ने पर भी योग्यता तय हो। उन्होंने आगे कहा कि जब एक चपरासी की नौकरी के लिए भी अभ्यर्थी को पढ़ा-लिखा व डिग्री का होना आवश्यक है, तो फिर पंचायत के प्रतिनिधि, विधायक-सांसद, मंत्री के लिए डिग्री का होना आवश्यक क्यों नहीं? उन्होंने कहा कि जिस तरह से एक सामान्य कर्मचारी पर शैक्षणिक योग्यता की गलत जानकारी व फर्जी डिग्री देने पर कार्रवाई होती है, तो नेताओं की भी



फर्जी डिग्री पाये जाने पर उसे तत्काल पद से बर्खास्त कर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि नेताओं के लिए शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ सामाजिक, चारित्रिक योग्यता भी निर्धारित हो। वहीं, आपराधिक चरित्रहीन, गबन-घोटाले, क्रिमीनल, क्षुद्र मानसिक प्रवृति के लोगों को भारतीय राजनीति में पैसे के बल पर कतई प्रवेश नहीं मिले, यह सुनिश्चित हो। कहा कि एक ओर जहां लोकतंत्र में जनता को सर्वोपरि माना गया है।

## बालाजी महाराज के दरबार में हुआ हनुमान चालीसा का 21 हजार पाठ

**रांची।** महाराजा अग्रसेन भवन में अखंड सवा लाख श्री हनुमान चालीसा पाठ के तीसरे दिन मंगलवार को भक्तों ने 21 हजार पाठ किया। मंगलवार को अखंड हनुमान चालीसा पाठ शुरू होने से पहले संतोष भाई के सान्निध्य में पंडित दिलीप शास्त्री और बनारस से आए विद्वान पंडितों ने विधि-विधान से पाठ की शुरूआत की। बालाजी महाराज के दरबार में बैठ हनुमान चालीसा की चौपाइयों की व्याख्या करते हुए संतोष भाई ने कहा कि तेजस्वी विचारों और चिंतन से बौद्धिक आरोग्य प्राप्त होता है। व्यक्ति का चिंतन और उसकी विचारधारा उसके बौद्धिक आरोग्य का मापदंड है। जो हनुमान चालीसा का 100 बार पाठ करेगा, वह सब बंधनों से छूट जाएगा। उन्होंने कहा कि बुद्धि को आरोग्यदायक खाद्य सामग्री देनी चाहिए। तुलसीदास ने लिखा है कि जो सत बार पाठ कर कोई, छूटहि बंदि महासुख होई... अर्थात हनुमान चालीसा का सौ बार पाठ करने से मनुष्य हर तरह के बंधनों से मुक्त हो जाता है।


मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना
CMEGP
भू-राजस्व मामलों का निपटारा
भू-लगान रसीद
धोती, साड़ी, लुंगी वितरण
कंबल वितरण
बिजली तथा पेयजल समस्याओं का निपटारा
किसान क्रेडिट कार्ड (के.सी.सी.)
फूलो झानो आशीर्वाद अभियान
हरा राशन कार्ड
सेवा के अधिकार अंतर्गत आवेदनों का निष्पादन
मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना
असंगठित श्रमिकों का e-shram में निबंधन
सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना
15 वें वित्त आयोग अंतर्गत योजना
सर्वजन पेंशन योजना
मनरेगा अंतर्गत हर गांव में न्यूनतम 5-5 योजनाओं का शुभारंभ
अन्य लोक-कल्याणकारी योजनाओं के आवेदन
प्रवासी श्रमिकों/परिवारों का श्रमाधान में निबंधन
राशन कार्ड का आधार से लिंक
झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND
आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार
पहला चरण : 12 से 22 अक्टूबर, 2022
दूसरा चरण : 1 से 14 नवम्बर, 2022
कुल आवेदन प्राप्त
55,22,751*
कुल निष्पादन
36,27,559*
कुल प्रक्रियाधीन
18,95,192*
*डाटा जानकारी 15/11/2022, 06:00 PM
स्रोत :- https://sarkaraapkedwar.jharkhand.gov.in/
राज्यभर में कार्यक्रम के जरिये राज्य सरकार पहुंची लोगों के द्वार। लाखों लोगों ने उत्साह के साथ अपने क्षेत्र में लगे शिविर से लिया विभिन्न योजनाओं का लाभ।
वर्ष 2021 के आंकड़े : कुल आवेदन प्राप्त - 35.95 लाख
PR No. 282345 (IPRD) 2022-23
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## न्यूज गैलरी

### इक्फाई विश्वविद्यालय में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया

**रांची।** झारखंड के इक्फाई विश्वविद्यालय में आज पारंपरिक उत्साह के साथ जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रांची विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित शिक्षाविद और पूर्व कुलपति डॉ के के नाग और ग्लोबल ट्राइबल क्वीन-2022 की विजेता सुश्री पूजा लाकड़ा को विश्वविद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया। इसके बाद पड़ोसी सिमलिया गांव के एक समूह द्वारा सरहुल गीत और लोक नृत्य और विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा नागपुरी संस्कृति और परंपराओं को दशार्ते हुए गीत और समूह नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। झारखंड की संस्कृति और परंपराओं को दशार्ने के लिए छात्रों के बीच पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने किया स्टेज निर्माण कार्य का शिलान्यास

**सिमडेगा।** पाकरटांड़ स्कूल के पास जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने स्टेज निर्माण का शिलान्यास किया। मौके पर जोसिमा खाखा के अलावे प्रमुख रजत लकड़ा, बीडीओ शक्ति कुंज, थाना प्रभारी अमित राय आदि ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। वहीं असहाय एवं बृद्ध लोगों के बीच कम्बल का भी वितरण किया। जोसिमा खाखा ने मौके झारखंड स्थापना दिवस की सभी को शुभकामना दी। साथ ही धरती आबा को नमन करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की। कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन सबके लिए प्रेरक है। अंग्रेजों के विरुद्ध उनका आंदोलन आदर्श है। उनके साहस, समर्पण और बलिदान से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। समाज से बुराई और कुरीतियों को मिटाने की प्रतिबद्धता दोहरानी चाहिए। कहा कि आजादी के आंदोलन में बिरसा मुंडा का अहम योगदान रहा है। इनके जीवन के संघर्ष हम सबको देशभक्ति की प्रेरणा देती है। आज के युवा बिरसा मुंडा के जीवनी से प्रेरणा ले। भगवान बिरसा मुंडा के बताए मार्ग पर हमें चलने की जरूरत है। मौके पर प्रतिमा कूजुर, लीला नाग, जूली लुगुन, सतेंद्र, शिताराम आदि उपस्थित थे।

### भगवान बिरसा जयंती पर कई राजनीतिक दलों ने श्रद्धांजलि अर्पित की

**सिमडेगा।** झारखंड स्थापना दिवस पर नगर भवन स्थित भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर विभिन्न राजनीतिक दलों के द्वारा माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। सर्वप्रथम झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला संयोजक मंडल शफीक खान के अगुवाई के तत्वधान में भगवान बिरसा मुंडा पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि दी। वहीं इसके बाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनूप केसरी की अगुवाई में कांग्रेसियों के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा पर श्रद्धांजलि दी गई। वहीं इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा जिला समिति की ओर से जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं के द्वारा माल्यार्पण करते हुए भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी से सीख लेते हुए सच्चे भारत एवं सच्चे झारखंड निर्माण की प्रेरणा लेने की बात कही। वहीं आजसू पार्टी जिला अध्यक्ष धुपेंद्र पांडेय के नेतृत्व में माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। इसके अलावा केंद्रीय सरना समिति आदिवासी छात्र संघ सहित अलग-अलग सामाजिक एवं राजनीतिक संगठन तथा कई जनप्रतिनिधियों ने भी भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि दी।

### मॉडल डिग्री कॉलेज बानो में धूमधाम से मनाया गया झारखंड स्थापना दिवस

**बानो।** मॉडल डिग्री कॉलेज बानो सिमडेगा में झारखंड स्थापना दिवस को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। मॉडल डिग्री कॉलेज के छात्र छात्राओं ने बड़ी उत्साह के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भगवान बिरसा मुंडा, सिदो कान्हु को याद करते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। पॉलिटिकल साइंस के असिस्टेंट प्रोफेसर उत्तम रॉबर्ट गुड़िया ने जनजातीय गौरव दिवस को न सिर्फ किसी वर्ग विशेष के लिए पर पूरे झारखंड राज्य के लिए गौरवपूर्ण बताया।साथ ही झारखंड के सभी नागरिकों को झारखंड के विकास हेतू अपना योगदान देने की बात कही। डॉ नीलम कुमारी ने भी इस मौके पर झारखंड राज्य के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के स्तर को ऊंचा करने पर जोर दिया।इस मौके पर असिस्टेंट प्रोफेसर कुमारी शिप्रा ने भी जनजातीय भाषाओ को राष्ट्रीय एवम अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने पर जोर देते हुए जनजातीय संग्रहालय स्थापित करने पर जोर दिया। बिरसा मुंडा के सपनो के झारखंड एवम विकसित झारखंड बनाने की बात कही। इस मौके पर कनारोवां मुखिया,मिंसी लिना तिर्की,मुखिया प्रतिनिधि विकास,गीता रानी कुजूर,अंजना केरकेट्टा, हर्षवर्धन आदि लोग उपस्थित थे।

### समारोह में अपने बेटे को नियुक्ति पत्र मिलने पर गदगद हुए पिता आलार केरकेट्टा

**सिमडेगा।** सिमडेगा के लाल अनुज केरकेट्टा ने जेपीएससी सहायक अभियंता परीक्षा में सफलता प्राप्त कर नाम रौशन किया है। मंगलवार को राज्य स्थापना दिवस समारोह में एई अनुज केरकेट्टा को नियुक्ति पत्र दिया गया। मौके अपने बेटे को राज्य स्थापना दिवस समारोह में जेपीएससी का नियुक्ति पत्र मिलता देख अनुज के पिता आलार केरकेट्टा खुशी से गदगद हो गए। वहीं माँ बसंती केरकेट्टा के आँखों से भी खुशी के आंसू निकल आए। पिता आलार केरकेट्टा और मां बसंती केरकेट्टा ने हर्ष ब्यक्त करते हुए कहा कि उसे अपने बेटे अनुज पर नाज है। जिस सपने के साथ काफी संघर्ष कर उसे इंजीनियर पढ़ाया। आज उनका सपना पूरा हो गया। इधर अनुज ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। उन्होंने कहा कि वे आगे और भी मेहनत कर ऊंचा मुकाम हासिल करना चाहते हैं। अनुज ने बताया कि उसने काफी संघर्ष के बाद यह मुकाम हासिल किया है। बता दें कि अनुज को झारखंड लोक सेवा आयोग सहायक अभियंता परीक्षा में पास होने पर जेपीएससी द्वारा जल संसाधन विभाग के लिए नियुक्ति पत्र दिया गया है।

### राज्य का मना स्थापना दिवस

**मुरी।** राजकीय रेल थाना मुरी परिसर में आज 15 नवंबर को झारखंड का 22 वां स्थापना दिवस भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर मनाया गया। राजकीय रेल थाना के प्रभारी जमादार मुंडा ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 ईसवी में हुआ था उन्होंने अंग्रेजो के खिलाफ जोरदार आंदोलन चलाया। धीरे-धीरे उनका आंदोलन का रूप बड़ा होते चला गया और अंग्रेजों को भागने पर मजबूर कर दिया। हमें उन्हें नमन करते हुए उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलना चाहिए। इसी क्रम में मुरी रेलवे स्टेशन पर महान स्वतंत्रता सेनानी एवं देश के जनजातीय अधिनायक धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर स्टेशन प्रबंधक पीके साहू, हिंडाल्को के श्याम कुमार, मुरी ओपी के एसआई सौरव शर्मा, रेलवे विभाग के सीआई सुखदेव रक्षित, पंचायत समिति सदस्य पूर्वी अरविंद कुमार, गणेश महतो, कमल सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## मां भारती की महाआरती व हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन, बोले भैरव सिंह

# संस्कृति को अक्षुण्ण बनाएं रखना हमारा संकल्प

नवीन मेल संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान में मंगलवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर दीपमाला के साथ मां भारती की महाआरती व हनुमान चालीसा पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिंदूवादी नेता भैरव सिंह ने कहा कि सरना व सनातन समाज के लोगों को अपने हक अधिकार की रक्षा के लिए आवाज बुलंद करनी होगी। वे मंगलवार को भगवान बिरसा मुंडा के जयंती के अवसर पर आयोजित महाआरती कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने सरना व सनातन समाज के लोगों से एकजुट होकर अपने सामाजिक, सांस्कृतिक व धार्मिक व्यवस्था को अक्षुण्ण बनाए रखने का आह्वान किया। साथ ही धार्मिक ग्रंथों को पढ़ने की आदत बनाने की बात कही। उन्होंने कहा



कि सनातन समाज की व्यवस्थाऐं जीवन जीने की पद्धति है। जो मानवमात्र को जीवन जीने की अनमोल प्रेरणा व पाठ पढ़ाती हैं। उन्होंने सरना व सनातन समाज के लोगों से अपने बच्चों को अच्छा संस्कार, आदर्श चरित्र,अनुशासन और हक अधिकार की रक्षा के लिए समुचित शिक्षा का पाठ पढ़ाने पर बल दिया। इसके पूर्व उन्होंने मां भारती, बजरंगबली व भगवान बिरसा की तस्वीर के समक्ष मत्था टेका। इस दौरान महादानी मैदान में हजारों जगमगाते दीपमाला से भारत का मानचित्र बनाया गया। जो कार्यक्रम का आकर्षण रहा। वहीं भंडारा के दौरान लोगों के बीच खिचड़ी का वितरण किया गया। इसके पूर्व भैरव सिंह का सरना सनातन धर्मावलंबियों ने देवी मंडप से भव्य स्वागत करते हुए उन्हें गाजे बाजे,जयश्री राम व बजरंगबली के जयकारों के साथ कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाया। जहां भैरव सिंह ने महादानी बाबा व सरना स्थल पर जाकर मत्था टेका और मैदान में सजी अखंड भारत की बनी दीपमाला पर महाआरती किया। वहीं उन्होंने करतल ध्वनि के बीच हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सनातन धर्म जीने की पद्धति है। अपने बच्चों को अपने धर्म की शिक्षा दें। जब तक उन्हें बचपन से धर्म की शिक्षा नहीं दी जाएगी तब तक हिन्दू इसी तरह बिखरे रहेंगे। भगवान बिरसा मुंडा ने अपना जीवन बलिदान कर अंग्रेजों से लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दिया। वहीं सिधू कान्हू व वीरांगना फूलो झानो ने अंग्रेजों से लोहा लिया। मौके पर सरना व सनातन समाज के हजारों लोग मौजूद थे।

## समाज को अच्छा मैसेज देने की कोशिश की है फिल्म मोर संगी रे आई लव यू

नवीन मेल संवाददाता

**रांची ।** फिल्म मोर संगी रे आई लव यू देखने के बाद दर्शकों ने बताया कि फिल्म के जरिए समाज को अच्छा मैसेज देने की कोशिश की गई । फिल्म में दर्शकों के लिए सब कुछ है जो फिल्म के खत्म होने तक कुर्सी से बांधकर रखता है। इस फिल्म के निमार्ता-निर्देशक कहानी पटकथा नवीन केरकेट्टा की है। सामाजिक कार्यकर्ता जादूगर एमएस भारती ने बताया कि यह एक पारिवारिक फिल्म है। फिल्म में मनोरंजन एक्शन और रिश्तो की मजबूती देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि मैं इतने बेहतरीन फिल्म बनाने वाले निमार्ता-निर्देशक नवीन केरकेट्टा को सलाम करता हूं । जादूगर एमएस भारती ने कहा कि इस फिल्म में एक खासियत दिखाया गया है कि इसमें संप्रदायिक सौहार्द को बड़े ही अच्छे ढंग से दिखाया गया है ।जिसे दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं । बूटी मोड़ के रहने वाले




संजय महतो ने बताया कि भाषा की बात करने वाले लोग आज मोर संगी रे नागपुरी फिल्म को सिनेमा हॉल देखने के लिए नहीं आ रहे हैं ।यह बहुत अफसोस की बात है ।उन्होंने कहा कि मैं फिल्म देखने के लिए आया तो भीड़ नहीं थी 2 लोगों ने मिलकर अधिक टिकट खरीद कर फिल्म देखनी पड़ी ।संजय महतो ने कहा कि सलमान खान , अक्षय कुमार , अजय देवगन की फिल्म देखने के लिए हम लोग ब्लैक में टिकट खरीदते हैं और हमारी भाषा की फिल्म लगी है तो लोग देखने तक नहीं आ रहे हैं । सामाजिक कार्यकर्ता शकील भाई को भी खूब पसंद आया ।

## विधायक के सहयोग से भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर खेल कूद का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**ठेठईटांगर।** ठेठाईटांगर प्रखंड अंतर्गत केरेया में बिरसा मुंडा जयंती झारखंड स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि समी आलम, रावेल लकड़ा, मोहम्मद कारू, प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम उपस्थित हुए। जिनका जोरदार स्वागत किया गया मौके पर विधायक के तरफ से स्थापना दिवस समारोह के लिए सहयोग राशि तथा खेल खुद के लिए पुरस्कार भी दिया गया। साथ ही विधायक प्रतिनिधि ने कहा 15 नवम्बर सन- 1875 में एक छोटे तथा गरीब किसान परिवार में हुआ था। छोटा नागपुर पठार में निवास करने वाले मुंडा एक जनजातीय समुदाय का हिस्सा हैं। जल,जंगल,जमीन तथा अपने कुटुम्ब व मुंडारी पहचान की रक्षा करने हेतु युवा बिरसा मुंडा ने सन- 1895 में ब्रिटिश सरकार के खिलाफ 'उलगुलान' का आगाज कर दिया और ब्रिटिश सरकार के सैनिकों को नाको चने चबाने को विवश किया। फलस्वरूप बिरसा मुंडा को ब्रिटिश सरकार ने गिरफ्तार कर तत्कालीन झारखण्ड के हजारीबाग में जेल में बंद कर दिया, जहां उनके स्वास्थ्य में लगातार गिरावट के कारण निधन हुआ बिरसा मुंडा अपने माटी की रक्षा करते हुए शहीद हो गए। बिरसा मुंडा के इस बलिदान के कारण उन्हें भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के जनजातीय विद्रोहों तथा क्रांति के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है और इसलिए उन्हें 'भगवान'बिरसा मुंडा कहा जाने लगा। कार्यकर्म में कांग्रेस पार्टी के प्रखंड सचिव प्रिंस कुमार, बर्नार्ड केरकेट्टा, पंचायत अध्यक्ष अनिल सुरीन, नगर अध्यक्ष जमीर हसन, अप्पू, सुमन कुजूर, अनिल बागे सिपरियां बागे, केरेया मुखिया खिरिसदानी लकड़ा, आदि मौजूद थे।

## भाषा-संस्कृति को बचाने के साथ खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने के लिए प्रतियोगिताएं जरूरी: भूषण बाड़ा

नवीन मेल संवाददाता

**पाकरटांड़।** प्रखंड के सैंडिह में पिछले छह दिनों से चल रहे सांस्कृतिक नाच सह हॉकी प्रतियोगिता का समापन किया गया। स्थापना दिवस के मौके हुए प्रतियोगिता में विधायक भूषण बाड़ा और जिप सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थे। मौके पर विधायक ने भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए लोगों को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना दिवस के मौके पर सैंडिह में हर साल यह प्रतियोगिता आयोजित की जाती है, जो सराहनीय है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से हमे हमारी भाषा संस्कृति के जीवंत होने का एहसास दिलाता है। हॉकी के साथ साथ संस्कृति नाच प्रतियोगिता के आयोजन से



हमारी भाषा संस्कृति को पीढ़ी दर पीढ़ी जान रहा है। समय की भी मांग ऐसे प्रतियोगिताओं की। विधायक ने कहा कि हॉकी प्रतियोगिता के आयोजन से भी स्थानीय हॉकी खिलाड़ियों की प्रतिभा निखर रही है। यह आयोजन स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का एक सुनहरा अवसर प्रदान कर रहा है। विधायक के आमंत्रण पर अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी बीरेंद्र लकड़ा, पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सह भारतीय टीम के कप्तान प्रबोध तिर्की उपस्थित हुए। जिन्हें विधायक ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। दोनों खिलाड़ियों ने भी अपना अनुभव साझा करते हुए खेल की बारीकी बताई। कार्यक्रम में बांसजोर जिप सदस्य समरोम पॉल तोपनो, प्रमुख रजत लकड़ा,प्रमुख शीला देवी,उप प्रमुख सिलबेस्टर बघवार, पूर्व मुखिया अजीत लकड़ा, पूर्व मुखिया शिशिर मिंज, सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोनल लकड़ा,विधायक प्रतिनिधि लुसियन मिंज,, विजय, बिल्शन,आदि भारी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

### आदिवासी समाज को हेमंत सरकार ने उनका हक दिया: विजय

**रांची।** स्थानीय नीति नियोजन नीति एवं आरक्षण नीति का ध्वनिमत से सदन से पारित होना झारखंडी दलित आदिवासी मूलवासी समाज के लिए ऐतिहासिक दिन साबित हुआ और आज का दिन झारखंड के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों पर लिखा जाएगा। उपरोक्त बातें आज झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष हटिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने सदन में दोनों विधेयक का ध्वनिमत से पारित होने पर आज अपनी प्रतिक्रिया में कहीं। उन्होंने हेमंत सरकार को बधाई देते हुए कहा कि जो भारतीय जनता पार्टी की सरकार 20 वर्षों तक झारखंड के दलित आदिवासी मूलवासी समाज के हक और अधिकार को दबाकर रखा था उसको हेमंत सोरेन की सरकार ने उनके हक और अधिकार को देने का काम किया है।

## आजसू ने मनायी धरती आबा बिरसा मुंडा का जयंती



नवीन मेल संवाददाता

**सिल्ली।** आजसू पार्टी सिल्ली प्रखंड की ओर से मंगलवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का जयंती मनाया गया। प्रखंड के बंता चौक में स्थित भगवान बिरसा मुंडा की आदतकद प्रतिमा पर विधायक सुदेश कुमार महतो, गौतम कृष्ण साहु, संजय सिद्धार्थ, पुर्व उप प्रमुख प्रफुल्ल कुम्हार, सुशील चंद्र सिंह मुंडा, सुरज सोनार, अनुपम भाई महतो, जयंत भगत समेत आजसू कार्यकताओं ने माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जनजातीय समाज के ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए गौरव थे। उन्होंने अपने धर्म, संस्कृति, जल, जंगल व जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजी हुकूमत से लड़ते हुए महज पचीस वर्ष की आयु में देश के लिए अपना प्राण न्योछावर कर दिया। वहीं प्रखंड के गोड़ाडीह पंचायत के ब्राह्मणी मोड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह, जीप उपाध्यक्ष विनय चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, उपप्रमुख आरती देवी, श्रीधर महतो, सुभाष महतो, शिव शंकर प्रसाद, डबलु महली समेत आजसू कार्यकताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर जयपाल सिंह ने कहा कि धरती आबा के सपने को साकार करने की जिम्मेदारी हर एक झारखंडी पर है। वहीं उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने बिरसा मुंडा की जंयती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। यह पूरे झारखंड के लिए हर्ष की बात है। मौके पर पुस्तम महतो, सुरेन महतो, चैती देवी, रजौली मोमिन, हारून मोमिन, गदाधर गोस्वामी आदि मौजूद थे।

### महाजुटान कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बैठक

**सिल्ली।** नीलगिरी पार्क सिल्ली पतरातु में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका के अध्यक्षता में एक बैठक रखी गई जिसमें 17 और 18 नवंबर को मोराबादी मैदान रांची में होने वाली महा जुटान कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से झामुमो जिला उपाध्यक्ष सह सिल्ली प्रभारी रामानंद बेदिया, झारखंड आंदोलनकारी पूर्व केंद्रीय सदस्य प्रोफेसर रतन लाल महतो, प्रखंड संयुक्त सचिव अजीत कुमार महतो, उपाध्यक्ष सुभाष महतो, परमेश्वर प्रमाणिक, रामपदो महतो, शिव मास्टर, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष बानेश्वर महतो, दिले महतो, रमापति महतो, भोला दास गोस्वामी, बलराम महतो, बनेश्वर मंडल, मनीष कुमार ,रामराज महतो, निवारण मुखियार, परशुराम महतो, हरेंद्रनाथ प्रमाणिक आदि सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित हुआ।

## भगवान बिरसा मुंडा के विचारों से प्रेरणा लेने जरूरत है: विनय महतो

नवीन मेल संवाददाता

**सिल्ली।** भाजपा नेता विनय महतो धीरज ने आज कोंताटोली में महान स्वतंत्रता सेनानी एवं आदिवासी नेता भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर उनके प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर वन रक्षा समिति द्वारा आयोजित मेले को संबोधित करते हुए कहा कि बिरसा मुंडा द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन को धार देने और आदिवासी समाज के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष एवं उनके कुबार्नी को सदैव याद रखना चाहिए। देश के आदिवासियों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, धरोहर और उनके द्वारा राष्ट्र के निर्माण में दिए गए योगदान को याद करने के लिए पिछले साल केंद्र सरकार ने ह्यधरती आबाह्न भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का



निर्णय लिया जो हमारे लिए गर्व का विषय है।साथ ही उन्होंने युवाओं से बिरसा मुंडा के विचारों से प्रेरणा लेने और अपनी वन भूमि तथा सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुखिया पांडुराम मुंडा, पंचायत समिति सदस्य टुसुमनी देवी,मेला समिति अध्यक्ष शिवराम लोहरा, रामनाथ मुंडा, धनेश्वर मुंडा, बसंत मुंडा, पुरंदर पहान समेत मेला समिति एवं ग्राम वन रक्षा समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

### भगवान बिरसा मुंडा की श्रद्धासुमन अर्पित की गयी

**रांची।** केंद्रीय पुस्तकालय सलाहकार समिति के सदस्य (भारत सरकार) डॉ राजाराम महतो ने रांची के कोकर स्थित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की समाधि स्थल पर स्थापित प्रतिमा एवं बिरसा चौक पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान इस दौरान डॉ राजाराम महतो ने कहा इससे पहले लोग धरती आबा बिरसा मुंडा को झारखंड में ही जानते थे लेकिन मोदी जी के स्वर्णिम काल में बाबा बिरसा मुंडा जी के जन्म दिवस पर जनजातीय गौरव दिवस मना कर पूरे देश विदेश में पहचान दिला कर हमारे झारखंड वासियों को गौरवान्वित महसूस कराया है। मौके पर पूर्व पार्षद सरवन कुमार महतो, प्रकाश कुमार महतो एवं सुमित पोद्दार सहित सभी सम्मानित लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर कर उनको स्मरण किया।

## लापुंग प्रखंड में भगवान बिरसा मुंडा याद किये गये, बोले वक्ता

# जनरक्षा के लिए लोगों को जगाने का कार्य किये धरती आबा

नवीन मेल संवाददाता

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के गाड़ी गांव और लापुंग बिरसा चौक में भगवान बिरसा मुंडा को उनकी जयंती के मौके पर हजारों लोगों ने याद किया और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। गाड़ी गांव में जहां भगवान बिरसा मुंडा के ज्यन्ती के शुभ अवसर पर पूर्व मंत्री और कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की तथा हिंदु जागरण मंच के किशोर साहु ने संयुक्त रुप से भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण किया। किशोर साहु ने खुद अपने खर्च पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का स्थापना किया। गाड़ी गांव में बिरसा जयंती के अवसर पर रंगारंग नागपुरी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि बंधु तिर्की और विशिष्ट अतिथि समाज सेवी किशोर साहु ने फिता काटकर



उद्घाटन किया। मौके पर समाजसेवी चरकु साहु, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष जयन्त बरला विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, आयोजन समिति के अध्यक्ष तेम्बा उरांव, सचिव कृष्णा उरांव, उपाध्यक्ष करमदेव मुंडा, बिरंची महतो, फिरेन्द्र साहु, पहारू लोहरा, पुनई उरांव सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं दूसरी ओर लापुंग प्रखंड के कार्यकारी अध्यक्ष बिरसा मुंडा ने लापुंग बिरसा चौक में भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम के लिए आरंभ किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांत के श्रद्धा जागरण प्रमुख मुसाफिर विश्वकर्मा ने कहा कि भगवान बिरसा जनजाति समाज के लिए उल्लेखनीय कार्य किया जनजाति समाज की परंपरा रूढ़िवादिता को दूर करने के लिए भगवान बिरसा ने अनेक गांव में जाकर जागरण का कार्य किया। यहां की संस्कृति परंपरा जल जंगल जमीन तथा जन के रक्षा के लिए लोगों को जगाने का कार्य किया, वे समाज के प्रति समर्पित थे। इस धरती को उन्होंने बताया कि धरती जान से भी प्यारा है इसलिए इस धरती की रक्षा हम सबका दायित्व है। आज पूरे देश में भगवान बिरसा जी का मान सम्मान पूरे देश में स्वाभिमान के साथ बढा, हमें भी उनके अधूरे कार्यों को पूरा करना है, उसे पूर्ण करने के लिए हम सबको समाज के लिए कार्य करना है। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व मुखिया जयंत बारला, वर्तमान मुखिया सविता उरांव,बिकनू मुंडा,भुवंजय साहु, बंधु उराव, संदीप सिंह, सुधाकर विश्वकर्मा, जूनास बारला तथा अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## झारखंड स्थापना एवं बिरसा जयंती पर भगवान बिरसा मुंडा को किया गया याद

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** झारखंड स्थापना दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा के जयंती पर कोलेबिरा में लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा को याद किया। मौके पर कोलेबिरा मार्केट कंपलेक्स परिसर स्थित भगवान बिरसा मुंडा के मूर्ति पर पदाधिकारियों पंचायत प्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। मौके पर उपस्थित प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम ने उन्होंने उपस्थित लोगों को भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी से प्रेरणा लेने की आह्वान किया। मौके पर उप प्रमुख सुनीता देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार, अंचला अधिकारी हरीश कुमार, कोलेबिरा पंचायत के मुखिया अंजना लकड़ा, नवाटोली पंचायत के मुखिया कल्पना देवी, डोम टोली पंचायत के मुखिया,



कोलेबिरा थाना के सब इंस्पेक्टर रंजीत महतो, सांसद प्रतिनिधि चिंतामणि कुमार, कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष श्यामलाल प्रसाद, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष लूथर सुरीन ,20 सूत्री सदस्य सुनील खड़िया, झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य फिरोज अली, प्रखंड खेल एवं सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष अभिषेक कुमार ,रमेश सिंह, सुजीत प्रसाद, रघुवीर प्रसाद, मेराज उल आलम, विनोद कुमार उर्फ डब्लू, अनुपम बैक, प्रफुल्ल साहू आदि लोगों के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया।

## न्यूज गैलरी

### रांची के प्लास्टिक सर्जन विवेक गोस्वामी को मिला टीएमएच फैलोशिप

रांची। झारखंड के जाने-माने प्रसिद्ध प्लास्टिक सर्जन डॉक्टर विवेक गोस्वामी जो रांची के लाइफ केयर अस्पताल सहित लगभग कई अन्य अस्पतालों में प्लास्टिक सर्जरी कर महिला, पुरुष के चेहरे को सुंदर बनाने के साथ ही कटे, जले हुए अंगों को जोड़ कर मरीजों का सफल इलाज कर उसे नया जीवन देने का काम कर रहे हैं। इसी सराहनीय और उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें अमृतसर में चल रहे 9 नवंबर से 14 नवंबर 2022 तक छह दिवसीय ऑल इंडिया प्लास्टिक सर्जरी राष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन में टीएमएच मुंबई के लिए फैलोशिप देकर सम्मानित किया गया। डॉ विवेक गोस्वामी ने फोन पर बताया कि यह खुशी का पल है की टीएमएच मुंबई के लिए फेलोशिप दिया गया है और इसके लिए मुझे काम करना है, पूर्व में भी कई फेलोशिप से सम्मानित किया जा चुका है।

झारखंड में अस्पताल की जरूरत : डॉ विवेक गोस्वामी ने बताया कि अभी लेजर थेरेपी ,माइक्रो स्क्लेरोथेरेपी, रिंकंस्ट्रक्टिव, दी कांस्टेलेशन, ऑकोलॉजी ट्रामा एंड हैंड सर्जरी किया जा रहा है, उन्होंने बताया कि माइक्रोस्क लेरोथेरेपी सर्जरी के लिए मशहूर है।

फेलोशिप मिला : फेलोशिप के लिए गंगा अस्पताल कोलबो से 1 साल के लिए फैलोशिप, तायवान के बाद टीएमएच मुंबई और इसके बाद 6 महीना के लिए डेवलपिंग नेशन सर्जन कृष्ण सेवा आश्रम द्वारा संचालित सात सौ बेडों स्कॉलरशिप में चिन्हित किया गया।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में स्पीकमैके द्वारा बिहू नृत्य



रांची। सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने विद्यालय द्वारा आयोजित स्पीकमैके की प्रस्तुति बिहू नृत्य का आनंद लिया। स्पिकमैके समाज में युवाओं के बीच भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति का प्रचार करती है। श्री रंजीत गोगोई और उनकी टीम द्वारा किए गए बिहू नृत्य को देखना छात्रों के लिए एक सुनहरा अवसर था। टीम द्वारा किया गया नृत्य प्रदर्शन मंत्रमुग्ध करने वाला था। बिहू नृत्य के बारे में छात्रों को जानकारी दी गई। उस्ताद गोगोई ने छात्रों को कुछ महत्वपूर्ण और उत्कृष्ट स्टेप्स भी सिखाएं। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने छात्रों के ज्ञान वर्धन के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए विद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि यह कार्यक्रम हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को हर बच्चे तक पहुंचाने का एक सुनियोजित प्रयास है।

### झारखंड को दो स्वर्ण , दो रजत व एक कांस्य पदक समेत कुल 05 पदक मिले



रांची। भारतीय एथलेटिक्स संघ द्वारा 11 से 15 नवंबर तक असम के साई एथलेटिक्स स्टेडियम,गोहाटी में संपन्न 37वी राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अंतिम दिन अंतर्राष्ट्रीय एथलीट आशा किरण बारला ने बालिका 20 वर्ष में 2:08.85 सेकेंड का समय लेते हुए झारखंड को स्वर्ण पदक दिलाया। इस उपलब्धि पर खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा, भारतीय एथलेटिक्स संघ के कोषाध्यक्ष सह झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मधुकान्त पाठक , झारखण्ड एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव सी डी सिंह, कोषाध्यक्ष आशीष झा, सी. ई. ओ .एस.के. पाण्डेय, झारखंड एथलेटिक्स संघ के उपाध्यक्ष डॉ प्रभात शंकर, कोच सह साई सैग के प्रभारी बिनोद सिंह,कोच आशू भाटिया, योगेश यादव, प्रभात रंजन तिवारी, टीम मैनेजर शैलेश शर्मा, वरुण कुमार, प्रभाकर वर्मा, किरण रानी, आलोक मिश्रा, संजय, त्रिपाठी, सिकंदर महतो, सुखेर भगत, प्रिया भारती, राज्य तकनीकी समन्वयक अनवर समेत संघ के पदाधिकारियों ने बधाई दी।

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती व झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह का सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ शुभारंभ

# 15 नवंबर राज्यवासियों के लिए गौरव का दिन, पूर्वजों के सपनों को साकार करने की जरूरत : हेमन्त





**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड के लिए मंगलवार का गौरवशाली दिन है। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का आज जयंती दिवस है और आज के ही दिन यहां के आदिवासी तथा मूलवासियों को अलग झारखंड राज्य मिला था। राज्य के कई वीर महापुरुषों ने त्याग, तपस्या और बलिदान दिया। अपना सर्वस्व न्यौछावर किया तब जाकर अलग झारखंड राज्य मिला। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा कोई परिचय के मोहताज नहीं हैं। झारखंड वीरों की धरती रही है। झारखंड की धरती की उपज और संसाधनों से पूरा देश जगमगाता है। बहुत बड़े पैमाने में देश को इस राज्य से आर्थिक संसाधन मिलती है। देश की आर्थिक मजबूती मैं झारखंड की अहम भूमिका है। झारखंड के संसाधनों का लाभ देश के सवा सौ करोड़ लोगों को मिल रहा है। झारखंड कोई परिचय के मोहताज नहीं है। उक्त बातें मुख्यमंत्री ने आज रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में आयोजित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ अवसर पर अपने संबोधन में कहीं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया।

सभी लोग मिलजुलकर राज्य को बेहतर दिशा देंगे : मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में अनेकों ऐसे अनछुए पहलू हैं जिसको हम देखते हैं हम सभी लोगों को आश्चर्यचकित होना पड़ता है। चाहे राज्य की सुंदरता हो, या सुदूर क्षेत्र में खिलाड़ियों का भंडार या फिर यहां के सीधे-सरल स्वभाव के लोग। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के लोगों की मानसिकता कभी भी लड़ाई- झगड़ा करने वाला नहीं रहा है। यहां के लोग हमेशा हंसते-मुस्कुराते रहते हैं। हमारे राज्य के महापुरुष डॉ रामदयाल मुंडा ने कहा है 'जे नाची से बाची'। झारखंड में चलना ही नृत्य और बोलना ही गीत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सबसे बढ़कर राज्यवासियों का अपना स्वाभिमान भी है और हमारी सरकार राज्यवासियों के स्वाभिमान से कभी भी समझौता नहीं होने देगी। राज्य की जनता का मान-सम्मान और गौरव को संरक्षित करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। हमसभी लोग मिलजुल कर इस राज्य को बेहतर दिशा देने में अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। आज का दिन कहीं न कहीं हमारे शहीद वीर पुरुषों को याद करने का दिन है। राज्य के महापुरुषों के आदर्शों पर चलकर खुशहाल राज्य का निर्माण करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप के बीच राज्य सरकार कई योजनाएं चला रही है।

#### लोगों को उनका हक-अधिकार दे रही हमारी सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा हमारी सरकार यहां के लोगों को उनका हक-अधिकार देने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पूर्वजों के सपनों को पूरा करने में हम सभी लोग अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। समग्र विकास की परिकल्पना को पूरा करने के लिए हम सभी को आपसी समन्वय बनाकर आगे बढ़ने की जरूरत है। किसी एक व्यक्ति के बूते समग्र विकास नहीं किया जा सकता है। विकास की गाड़ी को तीव्र गति देकर झारखंड को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाकर खड़ा करना है। इस अवसर पर श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग के मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता, राज्यसभा सांसद श्रीमती महुआ माजी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री विनय कुमार चौबे सहित अन्य विशिष्ट अतिथिगण, वरीय पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेने पहुंचे लोग उपस्थित थे।

# जल, जंगल और जमीन को बचाने के लिए भगवान बिरसा के रास्ते पर चलने का भाकपा ने लिया संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य कार्यालय अल्बर्ट एक्का चौक रांची में धरती आबा जननायक भगवान बिरसा मुंडा के 147 में जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया । जयंती समारोह के कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के रांची जिला के सचिव अजय कुमार सिंह ने किया। समारोह में मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक उपस्थित थे। उपस्थित लोगों के द्वारा बारी बारी से उनके चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई गई ।महेंद्र पाठक ने कहा शहीद धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जल जंगल जमीन की हिफाजत के लिए अंग्रेजों से लड़ते हुए अपनी जान की आहुति दे दी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी उनके बताए रास्ते पर चलकर राज्य की संपदा ओं के दोहन से बचाने के लिए जन आंदोलन तेज करेगी। उन्होंने कहा कि आज पूरे राज्य में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती समारोह मनाया जा रहा है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के एक कार्यकर्ता उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए राज्य में राज्य में संकल्पित है। अजय कुमार सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य के गठन के बाद 22 साल बीत गए लेकिन आज भी झारखंड में रहने वाले लोगों के सपना अधूरा पड़ा हुआ है ।प्रत्येक साल लाखों की संख्या में युवक और युवतियां दूसरे राज्यों में रोजगार के लिए प्लान कर रहे हैं। राज्य में अकूत खनिज का भंडारण होने के बावजूद भी लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है।

श्री श्याम मित्र मंडल की स्वर्ण जयंती के अवसर पर श्री सुंदरकांड विधि-विधान के साथ संपन्न

# श्री श्याम मंदिर परिसर बजरंग बली की जय-जयकारों से गूंज रहा था



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल की स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर मंगलवार को 24वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ्यक्रम हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में विधि विधान से संपन्न हुआ। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री श्री विश्वनाथ नर्सरिया ने बताया कि प्रत्येक मंगलवार को होने वाला उपरोक्त पाठ दो मंगलवार 25 अक्टूबर व 8 नवंबर को क्रमशः सूर्य ग्रहण और चंद्र ग्रहण के कारण नहीं हो पाया। अब आगे निरंतर यह पाठ होता रहेगा। आज के समारोह में डोरंडा निवासी मंडल के कार्यकारिणी सदस्य संजय सर्राफ ने अपनी धर्मपत्नी पिंकी शर्राफ के साथ हनुमान जी महाराज के दिव्य पावन अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित करके केसरिया पेड़ा चना गुड़ सेव फल का प्रसाद अर्पित किया। सुगंधित गुलाब इत्र अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना निवेदित की। सुभाष रौनक पोद्दार ने ज्योति के लिए घृत सेवा व श्रवण ढानढनिया ने गुड़ चना की सेवा निवेदित की मंडल के उप मंत्री अनिल नारनोली ने विधिपूर्वक यजमान संजय सर्राफ से पूजन अनुष्ठान करवाया। इसके बाद पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने सहयोगियों के साथ ढोलक-डफली करताल की तान के बीच श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा संगीतमय पाठ प्रारंभ करवाया। श्री श्याम मंदिर परिसर बजरंग बली की जय जयकारों से गूंज रहा था। श्री हनुमान जी की आराधना में सैकड़ों की संख्या में भक्त जनों ने भाग लिया। पाठ के बीच मध्य में भी भजनों का गायन किया गया। भक्तजन भाव विभोर होकर संकट मोचन हनुमान जी की आराधना वंदना में लीन थे। समारोह का प्रारंभ और अंत में श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सराओगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू, उप मंत्री अनिल नारनोली, संजय सर्राफ, स्नेह पोद्दार, रतन शर्मा, कमल लोहिया, राहुल मारु, मीरा अग्रवाल ने व्यवस्था व प्रसाद वितरण में सहयोग किया। शनिवार को श्री श्याम भंडारा श्री श्याम मित्र मंडल की स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष पर 19 नवंबर शनिवार को 37 वां श्री श्याम भंडारा 5:30 बजे से हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में होगा। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी वह मंत्री गौरव अग्रवाल ने भक्तजनों को भंडारे के लिए आमंत्रित किया।

> हनुमान जी महाराज के दिव्य पावन अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित करके केसरिया पेड़ा चना गुड़ सेव फल का प्रसाद अर्पित किया।

बीआईटी मैसरा में चल रहे ईस्ट जोन फुटबॉल चैंपियनशिप में कुल 8 मैच खेले गये

# उदघाटन मैच में नॉर्थ बंगाल यूनिवर्सिटी ने नागालैंड यूनिवर्सिटी को 5-0 से दी मात



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** ग्राउंड नंबर 2 में खेले गए पहले मैच में नॉर्थ बगाल यूनिवर्सिटी ने नागालैंड यूनिवर्सिटी को 5-0 से हरा दिया नार्थ बंगाल यूनिवर्सिटी की ओर से रूपम रॉय अनिकेत एका और राजेश सिंह ने एक-एक गोल किया। जबकि सौरव विश्वास ने दो गोल किए। ग्राउंड नंबर 2 में दूसरा मैच सुबह 9:00 बजे से खेला गया जिसमें उत्कल यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर ने एपीएस रीवा को 5-1 से हराया उत्कल यूनिवर्सिटी कोर्स एसके फरीद ,परब टूडू , संजय चंद्रकांत और मनोज ने गोल किए जबकि ए पी एस यूनिवर्सिटी की ओर से एकमात्र गोल प्रवीण मिश्रा ने किया। ग्राउंड नंबर 2 में खेले गए तीसरे मैच जो कि दोपहर के 1:00 बजे खेला गया जिसमें रविंद्र भारती यूनिवर्सिटी ने वेस्ट बंगाल स्टेट यूनिवर्सिटी को 2-1 से हराया रविंद्र भारती यूनिवर्सिटी की ओर से सामरिक और दिव्यांशु ने गोल किए। ग्राउंड नंबर 2 में चौथा मैच एस के यू बस्तर और मुंगेर यूनिवर्सिटी के बीच चला गया जिसमें मुंगेर यूनिवर्सिटी ने टाईब्रेकर में 5-3 से विजयी रहा : ग्राउंड नंबर वन में आज चार मैच खेले गए पहले मैच में आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी और सीएसवीटीयू भिलाई के बीच खेला गया जिसमें सीएसवीटीयू भिलाई ने आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी को टाईब्रेकर में 4-2 से हराया। ग्राउंड नंबर एक में खेले गए दूसरे मैच में जो कि 9:00 बजे खेला गया जिसमें बीबीएमके यू ने वीर कुंवर सिंह यूनिवर्सिटी को 5-1 से हराया। ग्राउंड नंबर 1 में दोपहर 1:00 बजे आज का तीसरा मैच खेला गया जिसमें विद्यासागर यूनिवर्सिटी ने कोल्हन यूनिवर्सिटी को 2-0 से हराया विद्यासागर यूनिवर्सिटी की ओर से दीपराज ने 70 मिनट में पहला गोल तथा दूसरा गोल रामा सिमरन ने 74 मिनट में किया। ग्राउंड नंबर 1 में खेले गए आज अंतिम मैच में रांची यूनिवर्सिटी ने बीएनएम यूनिवर्सिटी मधेपुरा को 7-0 से हरायारांची की ओर से पहला गोल छोटू तिर्की ने 5 मिनट में दूसरा गोल मनोज महतो 12 मिनट तीसरा गोल रोहित तिग्गा मैं 16 मिनट मैं किया।

# एमआईटी स्कूल ऑफ गवर्नमेंट, पुणे की राजनीतिक पाठशाला के बच्चों से संवाद करेंगे सांसद सेठ



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के सांसद संजय सेठ बुधवार को एमआईटी स्कूल ऑफ गवर्नमेंट, पुणे में आयोजित पॉलिटिकल लीडरशिप एवं गवर्मेंट कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। यह एक ऐसा संस्थान है, जो राजनीति और सरकार संचालन को लेकर 2 वर्षीय पाठ्यक्रम का कोर्स करवाता है। स्नातकोत्तर से संबंधित उपरोक्त कोर्स में देशभर के बच्चे शामिल होते हैं। यह कॉलेज अपनी स्थापना का 18 वर्ष पूर्ण करने वाला है। 18वें बैच के विद्यार्थियों की कक्षाएं आरंभ होने वाली है। कॉलेज की परिपाटी रही है कि कक्षाएं आरंभ होने से पूर्व देश के प्रमुख राजनीतिक हस्तियों से यह कॉलेज अपने बच्चों को रूबरू करवाता है ताकि उन्हें राजनैतिक और सरकार संचालन की समझ दी जा सके। इसी कार्यक्रम के तहत इस बार रांची के सांसद श्री संजय सेठ को बतौर विशिष्ट अतिथि आमंत्रित किया गया है, जहां बच्चों के साथ सांसद श्री सेठ अपने राजनैतिक व सामाजिक अनुभव साझा करेंगे। इससे पूर्व उपरोक्त कॉलेज में श्री नितिन गडकरी, अनुराग सिंह ठाकुर, भैरों सिंह शेखावत, शरद पवार, विष्णु दत्त शर्मा, हरीश रावत, पंकज सिंह सहित कई दिग्गज राष्ट्रीय नेता जा चुके हैं। झारखंड से अब तक राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को उस संस्थान के कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। संजय सेठ राज्य के ऐसे दूसरे नेता है जो वहां के कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शामिल होंगे। सांसद संजय सेठ ने बताया कि भविष्य के राजनेताओं और शासन-प्रशासन चलाने के लिए तैयार बच्चों के साथ संवाद का उनका अनोखा अनुभव होगा। देश के विभिन्न राजनीतिक क्षेत्रों में कैसे सकारात्मकता आए। कैसे अच्छे लोग राजनीति में आएं। इस विषय पर वे बच्चों से संवाद करेंगे और उनका मार्गदर्शन करेंगे।

झारखंड ट्राइबल डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम आयोजित

# 74 लाभार्थियों ने प्रशिक्षण में शामिल होकर हुए प्रशिक्षित



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** टी आर टी सी, चाईबासा में लोककल्याण संस्थान के द्वारा और झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के आयोजन से 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम किया जा रहा है । मंगलवार को दूसरे चरण के छठे दिन अर्थात प्रशिक्षण के तेरहवें दिन झारखंड ट्राइबल डेवलपमेंट सोसाइटी के पदाधिकारी एवं भारतीय लोककल्याण संस्थान के प्रशिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का कार्य सोनुआ तथा गोइलकेरा ब्लॉक का दो अलग अलग ट्रेनिंग हाल में कराया गया । प्रथम ट्रेनिंग हाल में प्रशिक्षण का कार्य मुख्य प्रशिक्षक अशोक कुमार सहायक प्रशिक्षण चन्द्रेशवर ओझा तथा दूसरे ट्रेनिंग हाल में प्रशिक्षण का कार्य मुख्य प्रशिक्षक राकेश कुमार और सहायक प्रशिक्षण संयुक्ता देवी ने किया जिसमें आरती पात्रो, गुरूवारी पान का विशेष सहयोग रहा। मुख्य प्रशिक्षक व सहायक प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण के आठवें दिन इस परियोजना के अंतर्गत सोनुआ ब्लॉक के सरंडिया ग्राम (23) एवं बांदोडिह ग्राम (15) और गोइलकेरा ब्लॉक के आराहासा (18) ओर घोड़ाडूबा ग्राम(18) के कुल 74 लाभार्थी प्रशिक्षण में शामिल को प्रशिक्षित किया। झारखंड स्थापना दिवस व भगवान बिरसा मुंडा जयंती के शुभ अवसर पर लाभुकों द्वारा कुछ सांस्कृतिक नृत्य किया गया तथा झारखंड राज्य तथा भगवान बिरसा मुंडा से से संबंधित विभिन्न तथ्यो के बारे में लाभुकों को जानकारी दी गई सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ साथ मधुमक्खी पालन से संबंधित पढ़ाई भी हुई जिसमें मुख्य प्रशिक्षक व सहायक प्रशिक्षकों ने मधुमक्खी पालन से संबंधित विभिन्न विषयों तथा मुख्यतः पिछले तेरह दिनों में पढ़ाये गये सभी विषयों का पुर्नवलोकन किया गया तथा इत्यादि विषयों को व्यवहारिक व प्रयोगात्मक रूप में अध्ययन कराया गया तथा प्रोजेक्टर लैपटॉप के द्वारा विभिन्न फोटो व वीडियो के माध्यम से आसान व विस्तृत रूप से भी सभी लाभुकों को समझाया गया व मधुमक्खी पालन करने को प्रेरित किया गया साथ ही साथ मानसिक व बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण के साथ-साथ मनोरंजन के लिए विभिन्न खेल भी कराया गया तथा विभिन्न सवालों के माध्यम से अब तक अर्जित ज्ञान का परिक्षण भी लिया गया।

> ◆झारखंड स्थापना दिवस व भगवान बिरसा मुंडा जयंती के शुभ अवसर पर लाभुकों द्वारा कुछ सांस्कृतिक नृत्य किया गया तथा झारखंड राज्य तथा भगवान बिरसा मुंडा से से संबंधित विभिन्न तथ्यो के बारे में लाभुकों को जानकारी दी गई

### नगर निकाय चुनाव : वार्ड में शुरू हो गया बैठकों का दौर, मांग रहे समर्थन

**रांची।** नगर निकाय चुनाव नजदीक आ रहा है. कभी भी चुनाव आयोग की ओर से वोटिंग की डेट घोषित कर दी जाएगी. इसे लेकर वर्तमान पार्षद से लेकर प्रत्याशी रेस हो गए है. वहीं वार्ड में अब बैठकों का दौर शुरू हो गया है. सभी वार्ड में लोगों की समस्याएं सुन रहे है. वहीं उनसे आने वाले निकाय चुनाव में समर्थन भी मांग रहे है. उनका कहना है कि आने वाले दिनों में भी जनता का प्यार मिलता रहे बस यहीं कामना है. इसके बाद वे सबके साथ रांची नगर निगम के वार्डों के आरक्षण के लिए प्रकाशित गजट में एक दर्जन से अधिक वार्ड ऐसे हैं, जिनको महिला आरक्षित से बदलकर सामान्य या पुरुष से बदलकर महिला आरक्षित कर दिया गया है. महिला आरक्षित वार्ड को सामान्य करने से अब वहां महिलाओं के साथ पुरुष भी चुनावी मैदान में दो-दो हाथ के लिए तैयार होंगे.

डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा देना 'प्रोजेक्ट शिक्षा' का उद्देश्य

# युवा स्कूल को झारखंड स्थापना दिवस पर मिली 10 लैपटॉप की सौगात



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर 'प्रोजेक्ट शिक्षा' नामक एनजीओ ने रांची हुटाप, ओरमांझी स्थित युवा स्कूल में डिजिटल लर्निंग को प्रोत्साहित करने के लिए 10 लैपटॉप प्रदान किए। प्रोजेक्ट शिक्षा नामक एनजीओ के इस पहल से डिजिटल लर्निंग से जुड़कर ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों छात्र छात्राएं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा ले सकेंगे। डिजिटल शिक्षा बैंगलोर स्थित एनजीओ 'शिक्षा' द्वारा चलाया जाने वाला एक शिक्षा मिशन है, जिसके माध्यम से यह सरकारी स्कूलों और अन्य एनजीओ को अपने कंप्यूटर लैब स्थापित करने और कंप्यूटर साक्षरता के लिए छात्रों को अवसर देने में मदद करता है। झारखंड स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर झारखंड के रांची में आज ₹प्रोजेक्ट शिक्षा₹ ने अपनी पहली कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया। प्रोजेक्ट शिक्षा के संस्थापक सुश्री नेहा चावला ने युवा स्कूल के प्रधानाचार्य और शिक्षण कर्मचारियों के साथ इस केंद्र का उद्घाटन किया और इस अद्भुत पहल पर गर्व करते हुए पूरी शिक्षा टीम को बधाई दी। उन्होंने आगे कहा मैं झारखंड से हूं और प्रोजेक्ट शिक्षा की कंप्यूटर लैब का उद्घाटन करने के लिए इस दिन से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। झारखंड को विशेष रूप से उन लड़कियों के लिए शिक्षा के अधिक अवसरों की आवश्यकता है जो परिवार और वित्तीय बाधाओं के कारण अपनी शिक्षा जारी नहीं रख सकती हैं।

## न्यूज गैलरी

### बोलबा प्रखंड कार्यालय में मनाया बिरसा जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड कार्यालय में भगवान विरसा मुण्डा जयन्ती सह झारखंड राज्य स्थापना दिवस मनाया गया इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज की अगुवाई में भगवान विरसा मुण्डा के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वजन के बाद सभी जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने माल्यार्पण किया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज ने भगवान विरसा मुण्डा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए झारखंड राज्य स्थापना दिवस पर विस्तृत जानकारी दिया। इस मौके पर अंचल अधिकारी बलिराम मांझी ने भी लोगो को संबोधित करते हुए स्थापना दिवस पर लोगों को शुभकामनाएं दिया। इस मौके पर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के बच्चियों को साबित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत सहायता राशि दिया गया। बढ़ते ठंढ को देखते हुए वृद्ध लोगों के बीच कम्बल वितरण किया गया अकुशल श्रमिकों को जॉब कार्ड दिया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज, अंचल अधिकारी बलिराम मांझी, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी रामायण सिंह बिसेन, पंचायती राज्य पदाधिकारी राहुल बड़ाईक, समसेरा पंचायत मुखिया सुरजन बड़ाईक, बिनोद बड़ाईक, कस्तूरबा स्कूल के वार्डेन कमला देवी, पंचायत सचिव अरुण बड़ाईक,राहुल बड़ाईक, किशोर सिंह, गुलवती देवी के अलावे प्रखंड एवं अंचल के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर सलडेगा में मनाया जनजातीय गौरव दिवस




**सिमडेगा।** सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर सलडेगा में मंगलवार को जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। भगवान बिरसा मुण्डा के जयंती के शुभावसर पर विद्यालय में धूमधाम से जनजाति गौरव दिवस मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और विद्यालय क अध्यक्ष लहरू सिंह विशिष्ट अतिथि चंदेश्वर मुण्डा विद्यालय के कोषाध्यक्ष रामकृष्ण महतो और प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू ने संयुक्त रूप से बिरसा मुंडा के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर तथा पुष्पार्चन कर किया। विषय प्रवेश कराते हुए आगत अतिथियों का परिचय मनोज प्रसाद ने किया। इस अवसर पर छात्रों ने पारंपरिक परिधानों में सुंदर लोक नृत्य प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि लहरू सिंह ने कहा की भगवान बिरसा मुण्डा का जीवन हमारे संपूर्ण जीवन के लिए एक उच्च आदर्श स्थापित करता है। विशिष्ट अतिथि चंदेश्वर मुण्डा ने भी सभी को बिरसा मुण्डा जैसे महान स्वतंत्रता सेनानियों से सीख लेने का संदेश दिया इस अवसर पर कक्षा अनुसार भाषण प्रतियोगिता, लोकगीत गायन प्रतियोगिता, रूप सज्जा प्रतियोगिता, सुलेख प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता जैसे अनेक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया कुल अंकों के आधार पर नृत्य प्रतियोगिता में कक्षा दशम को प्रथम स्थान तथा कक्षा सप्तम को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम क के अंत में आशीर्वचन देते हुए प्रधानाचार्य श्री राजेंद्र साहू ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

### जिले के विद्यार्थियों के लिए प्रारंभ होने जा रहीं हैं ओपन टेस्ट सीरीज

**सिमडेगा।** सहभागी कंप्यूटर एजुकेशन के द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे जिले के विद्यार्थियों के लिए रविवार 20 नवम्बर को ओपन टेस्ट सीरीज प्रारंभ कराने जा रहीं हैं , जिसमे जिले के कोई भी विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हो सकते हैं और अपने तैयारी को और बेहतर कर सकते हैं। टेस्ट परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को संस्थान की ओर से पुरस्कार भी प्रदान की जाएंगी रविवार को होने वाली टेस्ट में एसएससी सीजीएल की टेस्ट परीक्षा ली जाएंगी। परीक्षा में जिले के कोई भी विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। जो विद्यार्थी इस टेस्ट में भाग लेना चाहते हैं वे दिन शनिवार तक सहभागी कंप्यूटर एजुकेशन के कार्यालय में 10 रु जमा कर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए सहभागी कंप्यूटर एजुकेशन, इलाहाबाद बैंक द्वितीय तला (इंडियन बैंक) प्रिंस चौक, मेन रोड सिमडेगा, मोबाईल नं. 6204001278, 9199545698 में सम्पर्क करें।

### भंडरा में राज्य स्थापना दिवस मनाया, लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण



**भंडरा/लोहरदगा।** झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय सहित सभी पंचायत भवनों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा एवं सीओ दिनेश गुप्ता प्रसाद गुप्ता ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया। साथ ही प्रखंड के जनप्रतिनिधियों ने भी समाज सुधारक, जननायक भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर मालार्पण व पुष्प अर्पित किया। लाभुकों के बीच परिसम्पत्ति का वितरण किया गया। जिसमें विकलांगो को वैसाखी, योजना फूलों झानो, सावित्री बाई फुले किशीरी समृद्धि योजना, सर्व पेंशन योजना, राशन कार्ड, 6 महिला समूहों के बीच 18 लाख का ऋण आदि का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत सिन्हा ने झारखंड स्थापना के बारे में जानकारी दिया। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगो को बताया। सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता ने 15 नवंबर के महत्व को बतलाते हुए बिरसा मुंडा के पद चिन्हों पर चलते हुये समाज में फैले कुरीतियो को दूर करने का आवाहन किया।मौके जीप सदस्य राजमणी उरांव, प्रमुख बारिया देवी बीस सूत्री अध्यक्ष डोमना उरांव, बीस सूत्री उपाध्यक्ष जुगल भगत, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष प्रवेज अंसारी बिशनपुर विधायक प्रतिनिधि बीढ़ू उरांव, पूर्व जीप सदस्य शामिल उरांव सहित पंचायत समिति सदस्य आदि उपस्थित थे।

## समाहरणालय मैदान में आयोजित कार्यक्रम में 44.64 करोड़ रुपये की परिसंपत्ति का वितरण

# झारखंड विकास की राह पर दौड़ रहा है : डॉ.रामेश्वर उरांव

- बिरसा मुण्डा जयंती और राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर मंत्री ने कहा 52 करोड़ की लागत से बनेगा नया समाहरणालय भवन
- 58 करोड़ रुपये की लागत से होगी नंदिनी जलाशय की मरम्मति




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सूबे के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, ने कहा कि झारखंड विकास की राह पर दौड़ रहा है। 15 नवंबर 2000 का झारखंड से वर्तमान झारखंड में बहुत फर्क है। आज चारों ओर विकास हो रहा है। भगवान बिरसा मुण्डा का सपना साकार होता दिख रहा है। उक्त बातें मंत्री ने भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती व झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। मंत्री ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा ने जिन उद्देश्यों को लेकर अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी, आज उनका सपना पूरा हो रहा है। आज जनता को उनका अधिकार मिल रहा है। यह गरीबों की सरकार है, आम जनता की सरकार है। मंत्री ने कहा कि लोहरदगा में जल्द ही 52 करोड़ रुपये की लागत से नया समाहरणालय निर्माण का कार्य प्रारंभ होगा। नंदिनी जलाशय की मरम्मति के लिए 58 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हो चुकी है। इसकी मरम्मति के बाद नये नहरों का निर्माण होगा। पुराने नहरों की मरम्मति होगी। 100 बेड का नया अस्पताल भी बनेगा। कहा कि जिला में आदिवासी सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है। सदर प्रखंड में दो स्थानों, सेन्हा और भंडरा प्रखंड में भी आदिवासी सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है। लोहरदगा जिला में पुस्तकालय चल रहा है। विधायक निधि से इसमें पुस्तकें भी उपलब्ध करायी जायेंगी। बीएस कॉलेज में 30 लाख रुपये की लागत से लाईब्रेरी का निर्माण हो रहा है। कार्यक्रम में मुख्य मंच पर उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, लोहरदगा विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, बिशुनपुर विधायक प्रतिनिधि सुखदेव उरांव, मंत्री के पुत्र रोहित उरांव, जिला परिषद सदस्यगण समेत अन्य जनप्रतिनिधि, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

**परिसंपत्तियों का किया गया वितरण :** कार्यक्रम में विभिन्न विभागों को मिलाकर कुल 44.64 करोड़ रुपये की राशि की परिसंपत्ति का वितरण किया गया। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना अंतर्गत 1012 किशोरियों को स्वीकृति पत्र और दो दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल दिया गया। नदिया हिंदू उच्च विद्यालय लोहरदगा और केजीबीवी लोहरदगा को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बनाये जाने के लिए राशि का स्वीकृति पत्र। 404 किसानों के बीच बिरसा बीज विनिमय एवं वितरण अंतर्गत धान, सरसों आदि का वितरण किया गया। तीन किसानों को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत चेक प्रदान किया गया। 16 लाभुकों को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना और 19 लाभुकों को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना का स्वीकृति पत्र दिया गया। सर्वजन पेंशन अंतर्गत 593 लाभुकों को पेंशन का स्वीकृति पत्र और 4282 लाभुकों को कंबल प्रदान किया गया। परिवहन विभाग अंतर्गत पुराने हिट एंड रन मामलों के अंतर्गत 5 और नये स्कीम के तहत 2 लाभुकों को लाभ दिया गया। मनरेगा अंतर्गत 447 लाभुकों सिंचाई तालाब, बिरसा हरित ग्राम योजना, कुआं, फील्ड बण्ड, टीसीबी, दीदी बाड़ी योजना, गाय शेड, बकरी शेड, सूकर शेड का स्वीकृति पत्र दिया गया। 140 लाभुकों के 0.274 करोड़ का चेक, 557 लाभुकों को 3.332 करोड़ रुपये का सामुदायिक निवेश निधि, 278 लाभुकों को 2.950 करोड़ रुपये का क्रेडिट लिंकेज और 05 लाभुकों को आजीविका पशु सखी किट प्रदान किया गया।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत 283 लाभुकों को गृह प्रवेश कराया गया। 27 लाभुकों को शौचालय, नाली निर्माण, पीसीसी, आरसीसी, कूप, पेवरब्लॉक, सड़क का लाभ दिया गया। 16 लाभुकों को झारखंड निर्माण कर्मकार मृत्यु/दुर्घटना सहायता योजना अंतर्गत 0.0900 करोड़ का लाभ दिया गया। अंत्येष्टि सहायता योजना अंतर्गत 10 लाभुकों को चेक प्रदान किया गया। 04 लाभुकों को 0.02710 करोड़ रुपए का चेक प्रदान किया गया। 02 लाभुकों को मिनी ट्रैक्टर प्रदान किया गया। 05 लाभुकों को एसएफपीआई ऋण, 05 समूहों का क्रेडिट लिंकेज और 05 समूहों को रिवॉल्विंग फण्ड दिया गया। 29 किसानों के बीच रबी का बीज प्रदान दिया गया। 10 पशुपालको के बीच मेडिकल किट का वितरण किया गया। 800 किसानों के बीच 4 करोड़ रुपये, 40 रिटेलरों के बीच 1.200 करोड़ और 20 मिनी स्मॉल उद्योग को 2.5000 करोड़ रुपये का ऋण प्रदान किया गया।

### 66 प्रतिशत से अधिक आवेदन हुए निष्पादित : डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण

**उपायुक्त** डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि लोहरदगा जिला में लोगों के बीच आपसी सद्भावना बढ़ाने के लिए प्रखण्ड स्तर पर सद्भावना मंच गठित किये गये हैं। खेल के माध्यम से सद्भावना बढ़ाया जा रहा है। जिला के छात्र-छात्राओं को नीट/आईआईटी जेईई की तैयारी के लिए कोचिंग की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही, कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए कोर्स की व्यवस्था की जा रही है। जिला में पानी की समस्या से निजात पाने के लिए जलछाजन के अंतर्गत कई कार्य किये जा रहे हैं जिससे आनेवाले वर्षों में इसका फायदा दिखेगा। मुख्यमंत्री और मंत्री का सहयोग लगातार मिल रह है जिससे लोहरदगा जिला विकास पथ पर अग्रसर है।

### विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिला प्रशासन तत्पर : आर रामकुमार

**पुलिस** अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि लोहरदगा जिला में विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिला प्रशासन लगातार तत्पर हैं। युवा सद्भावना मंच की ओर से लगातार कोई ना कोई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मंगलवार को लोहरदगा जिला में कई कार्य हो रहे हैं। भगवान बिरसा मुण्डा का सपना पूरा करने में आईए सभी हाथ से हाथ मिलाकर आगे बढ़ें।

### भगवान बिरसा मुंडा की 147 वीं जयंती व राज्य के 22 वां स्थापना दिवस मनाया

## झारखंड आंदोलनकारियों के त्याग, संघर्ष व बलिदान के बल पर ही आज झारखंड अलग राज्य का गठन हुआ : पुष्कर महतो



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, भरनो प्रखंड, गुमला जिला की बैठक भरनो अंचल परिसर में हुई। बैठक में भगवान बिरसा मुंडा की 147 वीं जयंती व राज्य के 22 वा स्थापना दिवस पुष्प अर्पित करते हुए मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलन कारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों के त्याग, संघर्ष व बलिदान के बल पर ही आज भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर झारखंड अलग राज्य का गठन हुआ है। राज्य गठन के बाद 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय नियोजन नीति लागू करना भगवान बिरसा मुंडा के अबुआ दिसुम आबुआ राइज का संकल्प को साकार होगा। उन्होंने बताया कि झारखंड आंदोलनकारियों के जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करने के लिए झारखंड विधानसभा की अनागत क्रियान्वयन समिति का गठन हुआ है, इसका अध्यक्ष झामुमो के सचेतक व झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संयोजक मथुरा प्रसाद महतो को अध्यक्ष बनाया गया है। 22 नवंबर 2022 के बाद समिति की बैठक गृह विभाग के अधिकारियों के साथ होगी। जेल जाने की बाध्यता समाप्त होगी आंदोलनकारियों की उम्मीद है। गुमला जिला अध्यक्ष अजीत विश्वकर्मा ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के गठन में गुमला जिला के आंदोलनकारियों का बड़ा योगदान है, लेकिन पहचान नहीं होने के आज आंदोलनकारी मोहताज का जीवन जी रहे हैं। मौके पर चाईबासा से आए आंदोलनकारी इजहार राही, मनोज कुमार वर्मा, सीताराम उरांव,जोशेफ आभाष मिंज, जुबैर अंसारी, नीमी बाड़ा, मुरल राम, सुनील भगत, पनचस बाड़ा, सहित अन्य उपस्थित थे।

### मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में समारोहपूर्वक मनाया जनजातीय गौरव दिवस

## स्वतंत्रता आंदोलन में जनजातीय योद्धाओं की अहम भूमिका : सच्चिदानंद

- पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता में रोशनी उरांव प्रथम



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में जनजातीय गौरव दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ झारखंड प्रांत के संचालक सच्चिदानंद लाल और विद्या भारती विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में जनजातीय नायकों की अहम भूमिका रही है। भगवान बिरसा मुंडा जैसे महानायक न सिर्फ अंग्रेजों के विरुद्ध लड़े बल्कि तत्कालीन परिस्थितियों में सामाजिक कुरीतियों और धर्मांतरण करने वालों के विरुद्ध भी लड़ाई लड़ी। अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा हमारे जननायक की भूमिका में हमेशा प्रेरणा स्रोत रहेंगे। उनके बताए मार्ग पर चलते हुए हमें अपनी परंपराओं और संस्कृति को समृद्ध बनाए रखना है। मौके पर विद्यार्थियों के बीच पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता आयोजित थी जिसमें 27 प्रतिभागियों ने झारखंड सहित भारत की विभिन्न लोक संस्कृति और परंपराओं पर आधारित वेशभूषा में संबंधित संस्कृति और उसके जननायक पर जानकारी दी। प्रथम स्थान रोशनी उरांव ने प्राप्त किया। सुहानी टोप्पो ने दूसरा और पायल वर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। निर्णायको में सुरेश चंद्र पांडे, गोरख पांडे और चेतना प्रिया शामिल थी। इनके अतिरिक्त जिन छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियां सराही गई उनमें अनित उरांव, चंद्रमणि कुमारी, अल्फा कुजूर, तनु कुजुर, नेहा कुमारी, आशीष तिर्की, अंकित कुमार सौर्य, अवंतिका कुमारी पुजारी, मधु श्वेता कुजुर, सोनामुनी उरांव, आकर्षी कुमारी, प्रियंका उरांव, अनीमा लकड़ा, निकिता कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, तान्या अग्रवाल, सुषमा अभिषेक लकड़ा, सोनी कुमारी, सलोमी सुरीन, अमित उराव, सृष्टि श्रेया बागे, सोनी कुमारी, सोनाली मिंज, निशा कुजुर शामिल थी। महाविद्यालय की छात्राओं ने जनजातीय परंपराओं की समृद्धि को दशार्ते गीत और नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मौके पर विनोद राय, कृष्णा प्रसाद, अजय प्रसाद, डॉ शशि गुप्ता, डॉ प्रमोद कुमार पुजारी, शिव शंकर सिंह, जीतराम बड़ाईक, शोभा देवी, बिपिन कुमार दास, प्रीति कुमारी गुप्ता, नीतू कुमारी, आरती भगत, रेणु कुमारी, कविता कुमारी, यशोदा कुमारी आदि उपस्थित थे। संचालन रश्मि साहू और धन्यवाद ज्ञापन ऋद्धि मिश्रा ने किया।







## बिरसा मुंडा व अन्य महापुरूषों की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**लोहरदगा।** भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती व राज्य स्थापना दिवस के मौके पर भगवान बिरसा मुण्डा और अन्य महापुरूषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। डॉ रामेश्वर उरांव, मंत्री, योजना-सह-वित्त विभाग, वाणिज्यकर विभाग, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखंड, रांची द्वारा लोहरदगा जिला के शंख नदी के पास अवस्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी वीएन सिंह समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल समेत अन्य उपस्थित थे। जिला के वरीय पदाधिकारियों द्वारा जिला के शहरी क्षेत्र में अवस्थित महापुरूषों व शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इनमें समाहरणालय लोहरदगा परिसर स्थित भगवान बिरसा मुण्डा, समाहरणालय के समीप बाबा भीमराम अंबेडकर, पावरगंज स्थित नेताजी सुभाषचंद बोस, गुदड़ी बाजार स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद, अपर बाजार स्थित महात्मा गांधी, अजय उद्यान स्थित अजय सिंह और मैना बगीचा स्थित वीर बुधु भगत की प्रतिमा शामिल है। इस मौके पर उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, अनुमण्डल पदाधिकारी, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## थाना क्षेत्र के बच्चों को पठन-पाठन में नहीं आने दिया जायेगा रूकावट : अख्तर अली

### नक्सल अभियान के दौरान पेशरार थाना प्रभारी व सीआरपीएफ के कमांडेंट ने बढ़ाया बच्चों का मान

**नवीन मेल संवाददाता**

**पेशरार/लोहरदगा।** जिले के अति सुदूरवर्ती व उग्रवाद प्रभावित पेशरार थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नक्सल अभियान के दौरान पेशरार थाना प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली एंव केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 158 बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट आशिक अली के द्वारा पेशरार थाना क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में जाकर बच्चों को पठन पाठन कार्य हेतु पेन एवं केक बांटा गया। साथ ही स्कूली बच्चों को थाना प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली एवं असिस्टेंट कमांडेंट आशिक अली के द्वारा पढ़ाई के प्रति जागरूक करने का कार्य किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली एवं असिस्टेंट कमांडेंट आशिक अली ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन क्षेत्र के गरीब असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को समय-समय पर सकारात्मक सोच के साथ सहयोग करने का कार्य करते रही है आगे भी इस तरह के पुनीत कार्य किया जाता रहेगा। कहा क्षेत्र के बच्चों को पठन पाठन कार्य में बाधा उत्पन्न होने नहीं दिया जाएगा। थाना प्रभारी व असिस्टेंट कमांडेंट ने कहा कि क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ावा देने में पुलिस प्रशासन की ओर से हर वक्त सहयोगात्मक कार्य किया जाएगा। इधर दोनों अधिकारियों को अपने बीच देखकर विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के चेहरे पर रौनक दिखाई दिया। वहीं पेशरार थाना प्रभारी व असिस्टेंट कमांडेंट के सराहनीय योगदान को विद्यालय परिवार और बच्चों के अभिभावकगण आभार व्यक्त किया है। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहायक शिक्षक सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

# राज्य स्थापना दिवस व भगवान बिरसा मुंडा जयंती समारोह का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** नगर भवन में झारखंड स्थापना दिवस सह भगवान बिरसा मुंडा जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उदघाटन सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, डीसी आर रॉनिटा, एसपी सौरभ कुमार, जिप सदस्य जोसिमा खाखा,नप अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। कार्यक्रम से पहले सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर बारी बारी से माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके बाद लोगों के परिसम्पत्ति का भी वितरण किया गया। विधायक ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस और धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर अमर शहीदों और आंदोलनकारियों के संघर्ष एवं शहादत को नमन। आज का शुभ दिन हम सब के लिए ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण से अगर प्रेम करना सीखना है, तो उसके लिए भी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा हमारी बहुत बड़ी प्रेरणा हैं। उन्होंने विदेशी शासन की हर उस नीति का पुरजोर विरोध किया, जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली थी। गरीब और मुसीबत से घिरे लोगों की मदद करने में भगवान बिरसा मुंडा हमेशा आगे रहे। विधायक ने कहा कि हमारे वीर पुरखों के खून पसीने से सिंचित यह पवन धरती आज अपने 22 वर्ष का युवा हो गया है। युवा झारखंड भी महागठबंधन सरकार के नेतृत्व में नई जोश और ऊर्जा के साथ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमें बिरसा मुंडा के विचारों को उनके साहस और संघर्ष को आत्मसात करना होगा। युवा पीढ़ी पर झारखंड को सजाने संवारने की अहम जिम्मेदारी है। बिरसा मुंडा के सपने पूरे हों, यह संकल्प बार बार दोहराए जाने और राज्य के नवनिर्माण के लिए मिलजुलकर नई तस्वीर गढ़ने की जरूरत है। धरती आबा के सपने साकार करने की जिम्मेदारी हर एक झारखंडी पर है। विधायक ने कहा कि राज्य सरकार भी राज्यवासियों के लिए कोरोना का प्रकोप खत्म ही तोहफों की बरसात की है। और तोहफों की इस बरसात में हर तबके को भींगाने की पूरी कोशिश की है। सरकार पूरी सतर्कता के साथ अपनी योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम शुरू किया है। सरकार शहर से लेकर गांव में अंतिम अंतिम पंक्ति में बैठे ब्यक्तियों को लाभ दिलाने की दिशा में लगातार प्रयासरत है।

**जिला स्तरीय कार्यक्रम में परिसम्पत्तियों का हुआ वितरण :** जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन ऋण योजना के तहत 40 लाभुकों, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 120 लाभुकों, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 11 लाभुकों, सर्वजन पेंशन योजना के तहत 20 लाभुकों, कंबल वितरण योजना के तहत 31 लाभुकों, एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 05 लाभुकों, केसीसी ऋण योजना के तहत 38 लाभुकों, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 10 लाभुक, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 6 लाभुक, आयुष्मान कार्ड वितरण के तहत 45 लाभुक, आपदा प्रबंधन विभाग के अंतर्गत वज्रपात से मानव क्षति के तहत 5 लाभुकों के बीच चार-चार लाख की मुअवाजा राशि लाभुकों के बीच लाभ दिया गया। कार्यक्रम में जिप अध्यक्ष, डीडीसी अरुण वाल्टर सांगा, सीएस डॉ नवल कुमार, आइटीडीए निदेशक सलन भुइयां, एसी अमरेंद्र सिन्हा, नगर परिषद अध्यक्ष पुष्पा कुल्लु, सिमडेगा जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, कोलेबिरा विधायक प्रतिनिधि मो समी आलम, प्रमुख उप प्रमुख सिलबेस्टर बाघवार, निशा देवी,सुषमा टोप्पो,केके रोहिला सहित कई अधिकारी, नेता व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### भगवान बरसा मुंडा के साहस, समर्पण और बलिदान से प्रेरणा लें युवा : डीसी

**डीसी** आर रॉनीटा ने बिरसा मुंडा को नमन करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन सबके लिए प्रेरक है। अंग्रेजों के विरुद्ध उनका आंदोलन आदर्श है। उनके साहस, समर्पण और बलिदान से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए।

### महान स्वतंत्रता सेनानी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा सभी के लिए प्रेरणास्रोत : एसपी

**एसपी** सौरभ कुमार ने भी धरती आबा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का संकल्प लेना चाहिए। समाज से बुराई और कुरीतियों को मिटाने की प्रतिबद्धता दोहरानी चाहिए। जिस साहस के बल पर बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के नापाक इरादों को नाकाम करने का प्रयास किया। वैसे ही हमें समाज में जहर फैलाने वालों को सही रास्ते पर लाने की कोशिश करनी चाहिए।

## न्यूज गैलरी

### आपका सांसद आपके द्वार कार्यक्रम संपन्न

**मेदिनीनगर।** मंगलवार को आपका सांसद आपके द्वार कार्यक्रम में भाग लेने नौडिहा बाजार प्रखण्ड के ललगड़ा पंचायत के कुहकूह कला पिकेट के पास पहुंचे सांसद विष्णु दयाल राम। ललगड़ा पंचायत के पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। साथ ही पूर्व मुखिया लालबिहारी यादव ने तीन चार वर्षों से लंबित रिसीयापा से कवल भितिहरवा तक अधूरा छोड़ा हुआ रोड को ठीक करवाने की प्रमुखता से उठाया, और साथ कई समस्याओं से अवगत कराया। वहीं मौके पर उपस्थित समाज सेवी राजीव कुमार ने भी कई समस्याओं से अवगत कराया और झारखंड और बिहार के जोड़ने वाली कुशमाही नदी पे उच्च पुलिया निर्माण कार्य करवाने की बात कहीं। साथ ही कई स्थानीय लोगों ने अपनी-अपनी समस्या अपने आवेदन के माध्यम से अवगत करवाया। सांसद महोदय ने भी जल्द से जल्द सभी कार्यों को निस्पादन करवाने की बात कही। वहीं मौके पर उपस्थित सांसद प्रतिनिधि अमरेश श्रीवास्तव, नौडीहा थाना प्रभारी रंजीत यादव , समाज सेवी विनेश विश्वकर्मा सहित कई स्थानीय प्रतिनिधि सहित सकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

### घर-घर यात्रा के तहत वार्ड नंबर 2 में पहुंचे मेयर प्रत्याशी

**मेदिनीनगर।** घर-घर यात्रा के तहत जनसंपर्क करते हुए मनोज सिंह वार्ड नंबर दो पहूँचे। जनसंवाद करते हुए श्री सिंह वार्ड नंबर दो के शिक्षक कालोनी, बैंक कालोनी, वृदांवन, पटेल नगर, अघोर आश्रम, पंचवटी नगर व आजाद नगर के मुहल्ले वासियों से रुबरु हुए। इस दौरान विगत वर्षों में निगम के द्वारा इस वार्ड की उपेक्षा से काफी नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होनें कहा कि नगरनिगम के द्वारा इस क्षेत्र में बुनियादी समस्याओं के निराकरण का कोई प्रयास नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि सड़क पर नाली का पानी होना या बिजली पोल पर वैपर लाईट तक नहीं लगाया जाना यह निगम की नाकामी है। श्री सिंह ने कहा कि नगरनिगम के सिर्फ चिन्हित क्षेत्रों में ही कुछ कार्य हुआ है और निगम के नए क्षेत्रों को बिल्कुल उपेक्षित छोड़ दिया गया है। श्री सिंह का मुहल्ले वासियों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। वहीं श्री सिंह ने मुहल्ला वासियों को हर सुख दु:ख में साथ खड़े रहने के लिए आश्वस्त किया। आज की यात्रा में गोलू मेहता, अक्षय गुप्ता, कुमकुम गुप्ता, प्रदीप पाठक, अर्जुन राम, संजय गुप्ता, बबलू गुप्ता, रौशन उपाध्याय, भोला सोनी, अविनाश गुप्ता, निरंजन सिंह, गुडडू कुमार, बिटटू व सन्नी सहित काफी संख्या में मुहल्लेवासी शामिल थे।

### मेयर व वार्ड पार्षद ने किया सड़क का शिलान्यास

**मेदिनीनगर।** बिरसा जयंती के शुभ अवसर पर मंगलवार को विवेकानंद चौक से बिरसानगर होते हुए कोयल पुल तक पीसीसी पथ का शिलान्यास माननीय महापौर अरुणा शंकर एवं वार्ड पार्षद चंचला देवी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर सड़क का शिलान्यास किया। मौके पर उपस्थित माननीय पार्षद चंचला देवी ने कहा बिरसा नगर वासियों से मैंने जो वादा किया था उसको धरातल पर उतारने की कोशिश किया। आगे भी मेरी कोशिश रहेगी कि हमारे क्षेत्र का जो भी विकास योजना बचा हुआ है। उसको मैं पूर्ण करूं करूंगा। महापौर अरुणा शंकर ने कहा की क्षेत्र में पानी का जो भी समस्या है उसको मैं जल्द दूर करने की कोशिश करूंगी। मौके पर उपस्थित समाजसेवी विजय चंद्रवंशी, सीरिल टोप्पो, प्रताप तिर्की, रंजीत सुरेन, फ्रांसिस मींज, नीलम सुरेन, भीम सेठ सुरीन, शीला कुजुर, अंजना तिर्की, सबीर खान, संजय जयसवाल, जितेंद्र गुप्ता, मुनीर आलम, मुन्ना कुमार, राजेंद्र कुमार, इंद्रदेव सिंह, नीलेश जैन, रुस्तम अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### जनजाति समाज के लिए आज है ऐतिहासिक दिन : पूर्व विधायक

**मेदिनीनगर।** वनवासी कल्याण केन्द्र ने जनजाति गौरव दिवस पर स्टेशन रोड स्थित भगवान बिरसा मुंडा और नावाटोली स्थित शहीद नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ शहीदों के सम्मान में नारेबाजी भी की। इस अवसर पर गुमला के पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव और राष्ट्रीय श्रद्धा जागरण प्रमुख महरंग उरांव भी उपस्थित थे। मौके पर गुमला के पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव ने कहा कि आज का दिन जनजाति समाज के लिए ऐतिहासिक है। उन्होंने जनजाति समाज में कई जन नायक है। जिन्हें इतिहाकारों ने भूला दिया। जिस कारण युवा पीढ़ी उन नायकों के बारे में जानते तक नहीं है। भारत सरकार ने 10 नवंबर 2021 को कैबिनेट से पास कराकर आज के दिन को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस घोषित किया। ताकि जन नायकों को सम्मान मिल सके। उन्होंने नावाटोली स्थित शहीद नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा के पास झाड़ी और गंदगी पसरा देख कहा कि अफसोस की बात है कि जिला प्रशासन और नगर निगम आज के दिन भी शहीदों के स्थलों के पास साफ-सफाई नहीं कराया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के जन जायक किसी एक समुदाय के नहीं होते हैं, सभी समुदाय के लिए सर्वमान्य हैं। इस कारण शहीदों के स्थलों के रख रखाव, साफ-सफाई के प्रति गंभीर बनने की जरूरत है। इस अवसर पर जिला सचिव अश्विनी मिश्रा, जिला सह सचिव राजेश सिन्हा, नगर समिति अध्यक्ष मदन मोहन पांडेय, सचिव संतोष कुमार, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार, जिला संगठन मंत्री अंबिका सिंह, रामजी उरांव, देवेन्द्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, नगर निगम के डिप्टी मेयर मंगल सिंह समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बीएयू में बिरसा जयंती महोत्सव में अधिकांश प्रतियोगिताओं के पुरस्कार छात्राओं ने जीता

# धरती आबा के जीवन व आदर्शों को आत्मसात करने से ही छात्र लक्ष्य पा सकते हैं : डॉ. ओंकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में दो दिवसीय बिरसा जयंती महोत्सव के दौरान गीत-संगीत, नृत्य, तीरंदाजी, भाषण, आकर्षक झांकी, शोभा यात्रा आदि का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंगलवार को सुबह कृषि, पशुचिकित्सा, वानिकी एवं कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने विश्वविद्यालय मुख्यालय स्थित कार्तिक उरांव की प्रतिमा के निकट से शोभा यात्रा एवं बिरसा भगवान के जीवन पर आधारित आकर्षक झांकी निकाली जिसका समापन कृषि महाविद्यालय परिसर स्थित बिरसा भगवान की आदमकद प्रतिमा के समक्ष हुआ। झांकी में बिरसा भगवान के प्रतीक बने छात्र शुभम किस्कू को कुलपति द्वारा सम्मानित भी किया गया। क्षेत्रीय गीत एवं नृत्य प्रतियोगिता में छात्राओं का बोलबाला रहा। उन्होंने अपनी भाव-भंगिमा,




अभिव्यक्ति, सुर, ताल एवं गति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

एकल नृत्य प्रतियोगिता में पशु चिकित्सा संकाय की पूजा अवसरमोल प्रथम, वानिकी संकाय की निकिता टोप्पो द्वितीय तथा कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय की अन्वेषा निधि ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। क्षेत्रीय समूह गायन में आरवीसी के दिव्यम धैर्य एवं ग्रुप को प्रथम, वानिकी महाविद्यालय की अर्चना कुमारी एवं ग्रुप को द्वितीय तथा कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय की मनीषा तिर्की एवं ग्रुप को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। उन्हें गैर फिल्मी लोकगीत ही गाना था। इसी प्रकार क्षेत्रीय समूह नृत्य प्रतियोगिता में रांची कृषि महाविद्यालय की वैभवी कुमारी एवं ग्रुप को प्रथम, वानिकी महाविद्यालय की अलका एक्का एवं ग्रुप को द्वितीय तथा पशु चिकित्सा महाविद्यालय की वंदना तिर्की एवं ग्रुप को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। गीत-नृत्य प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका आकाशवाणी के अवकाशप्राप्त कलाकार मनपूरन नायक, डीएवी स्कूल के संगीत शिक्षक हराधन राय तथा लोक गायिका फूलकेरिया ने निभाई। आयोजन समिति में डॉ अरुण तिवारी, डॉ. बसंत चंद्र उरांव, डॉ शशि किरण तिर्की, डॉ. सुरेश मेहता, डॉ. रासबिहारी साह, डॉ. जय कुमार तथा डॉ. पीआर उरांव जुड़े थे। समापन समारोह को संबोधित करते हुए बीएयू के कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने बिरसा भगवान के जीवन, मिशन एवं आदर्शों को आत्मसात करने की अपील विद्यार्थियों एवं कर्मियों से की। उन्होंने कहा कि बिरसा भगवान ने छोटे-मोटे मुद्दों से ऊपर उठकर अपना जीवन देश की ज्वलंत समस्याओं के निदान और संपूर्ण जनजातीय समाज के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। अनुशासन और समयबद्धता जीवन के किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक है। विद्यार्थियों के लिए यह विशेष जरूरी है, क्योंकि वह अपना जीवन शुरू ही कर रहे हैं।

# केसीबी कॉलेज बेड़ो में जनजातीय गौरव दिवस का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

बेड़ो। बिरसा मुंडा महानायक थे? । उनके बलिदानों को भूलाया नहीं जा सकता। यह बातें केसीबी कॉलेज बेड़ो के प्राचार्य डॉ राजा अजीत कुमार ने कहीं। वे करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो के सभागार में भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर मंगलवार को आयोजित जन जातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ दीप जलाकर व भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए किया। उन्होंने शिक्षाविदों व विद्यार्थियों से बिरसा मुंडा के बताए मार्गों पर चलने का आह्वान किया। साथ ही मानवमात्र के कल्याण के लिए भगवान बिरसा के सिद्धांतों में क्रमशः पवीत्रता, स्वच्छता, अनुशासन,आदर्श चरित्र और मातृभूमि की रक्षा के लिए देशप्रेम,राष्ट्रभक्ति, संकल्प तथा सर्वस्व समर्पण को आत्मसात करने पर बल दिया। वहीं कार्यक्रम में डॉ डेलोमय हंसदा,पूर्व प्राचार्य



डॉ मथुरा राम उस्ताद,प्रो इन्द्र मोहन राय,एनएसएस के पदाधिकारी डॉ मगदली खलखो, डॉ विंध्याचल राम,प्रो नितेश पासवान, आकाश रक्षित, हर्ष टंडन और विक्रम कुमार आदि ने अपने विचार रखे। वहीं मौके पर प्रो पूनम कुमारी,प्रो नेहा टोप्पो, प्रो अरविंद राणा बिलूंग,प्रो मीना पूर्ति, शिवेंद्र सौरभ,दीपक कुमार, संतोषी कच्छप, महेंद्र कच्छप व राम उरांव समेत दर्जनों विद्यार्थी आदि मौजूद थे। इधर कार्यक्रम का संचालन डॉ मगदली खलखो व धन्यवाद ज्ञापन श्रीमंत कुमार चटर्जी ने किया।

जीएन कॉन्वेन्ट स्कूल में खेल प्रतियोगिता का आयोजन, बोले निदेशक

# शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेलकूद जरूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सीबीएसई नईदिल्ली से मान्यता प्राप्त स्थानीय जीएन कॉन्वेन्ट(10+2) स्कूल में स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री चाचा नेहरू के जन्म दिवस सह बालदिवस के अवसर पर बड़े पैमाने पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के निदेशक मदन केशरी, उपप्राचार्य बीके ठाकुर के द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर चाचा नेहरू के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया।




### पंडित नेहरू के जन्मदिन पर मनाया जाता है बाल दिवसः मदन

अपने सम्बोधनमें निदेशक ने कहा कि आज भारत के आधुनिक वास्तुकार पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन है, जिनके जयंती पर बालदिवस मनाया जाता है। वे बच्चों से बहुत प्यार करते थे। आज हम सभी बच्चों की शिक्षा और उनके अधिकारों को प्राथमिकता पर जोर देकर उनके भविष्य गढ़ने में निरतंर आगे बढ़े आज की प्रासंगिकता यही है। निदेशक ने कहा कि हर बच्चा भारत का भविष्य है। तद्पश्चात शिक्षक विनय दुबे ने सभी हाउस के कैप्टन और सदस्यों को खेल के प्रति सच्ची भावना के लिए शपथ दिलाई। सभी हाउस के छात्रों ने अपने अपने हाउस फ्लैग के साथ बैंड के धुन पर मार्च पास्ट किया। क्लास दशम और ग्यारहवीं की छात्राओं ने स्वागत गान की। जबकि उपप्राचार्य बीके ठाकुर ने स्वागत भाषण दिया। बाल दिवस के अवसर पर आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में खेल प्रतिवेदन शिक्षक खुर्शीद आलम ने व्यक्त किया वहीं निदेशक ने खेलकूद प्रतियोगिता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेलकूद आवश्यक है। स्कूल प्रबंधन की ओर से उन्होंने सभी बच्चों को बालदिवस की शुभकामनाएं एवम बधाई दी। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक उदय प्रकाश ने दी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नीरा शर्मा, नीलम केशरी, नरेन्द्र सिन्हा, मुकेश भारती, सरिता दुबे, सुषमा तिवारी, रिजवाना साहिन, शिवानी, कुमारी, सुनीता कुमारी,संतोष प्रसाद सहित अन्य सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर की भूमिका सराहनीय रही।

# कार्यपालक पदाधिकारी ने बिरसा मुंडा की तस्वीर पर किया पुष्पांजलि अर्पित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मंझिआंव/गढ़वा।** नगर पंचायत कार्यलय सभागार में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई जिसमें नगर पंचायत मंझिआंव के कार्यपालक पदाधिकारी सुश्री निकिता बाला स्वच्छता प्रभारी राकेश कुमार सिन्हा ने भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर संयुक्त रुप से माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया। वही कार्यपालक पदाधिकारी ने कहीं की भगवान बिरसा मुंडा झारखंड के एक कर्तव्यनिष्ठ वीर सपूतों थे। जिन्होंने झारखंड प्रवेश के लिए सर्वस्व निछावर कर दिया। वही स्वच्छता प्रभारी राकेश कुमार सिन्हा ने कहा कि जिस प्रकार भगवान बिरसा मुंडा झारखंड प्रदेश के लिए कर्तव्य और निष्ठा के साथ सर्वस्व निछावर किया है। उसी प्रकार में स्वच्छता प्रभारी राकेश कुमार सिन्हा अपने सहयोगी सफाई कर्मियों के साथ नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों में साफ सफाई हेतु क्रांति लाएंगे। जिससे कि नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्ड की गली मोहल्ले साफ सुथरा एवं स्वच्छ उतरन के रूप में झारखंड प्रदेश के नगर पंचायत मंझिआंव का नाम प्रथम श्रेणियों में अंकित हो। वही सिन्हा ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्ड में साफ सफाई हेतु हम सभी सफाई कर्मी प्रतिबद्ध है। गौरतलब है कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को कार्यपालक पदाधिकारी सुश्री निकिता बाला के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें राकेश कुमार सिन्हा, वाहन चालक सत्येन्द्र कुमार, रंजीत कुमार, विकास पाण्डेय, विनय कुमार, सफाई कर्मचारी में बबलु, विजय सहित अन्य शामिल है।

# समृद्धि की पाठशाला में मनाया गया बाल दिवस

मेदिनीनगर। निः शुल्क चल रहे समृद्धि की पाठशाला के कचरवा शाखा और जनकपुरी शाखा में बच्चों के बीच बाल दिवस मनाया गया। चाचा नेहरू के बारे में बच्चे आज तक जो सुनते और पढ़ते आए उसे उन्होंने अपनी भावनाओं के द्वारा व्यक्त की। पाठशाला में आये शुभम प्रसाद, रितेश कुमार के साथ -साथ मिशन समृद्धि के सदस्य प्रो सरिता कुमारी, प्रो वंदना श्रीवास्तव, रंजीता वीणा गुप्ता ने भी बच्चों के बीच आदर्श बातों को रखा। सभी सदस्य प्रेरणास्रोत हैं जो समाज के इन नॉनिहालों के लिए निःस्वार्थ और निः शुल्क सेवा देने में हमेशा तत्पर होते हैं। संस्था के द्वारा शहर के नागरिकों और आरती श्रीवास्तव जो बिहार की है।

# राज्य स्थापना दिवस पर लाभुकों के बीच परिसंपतियों का किया वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में झारखंड राज्य स्थापना दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन कर लाभुकों के बीच परिसम्पतियों का वितरण किया गया। उपायुक्त अबु इमरान ने जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अन्तर्गत पांच लाभुकों को कुल तैतालिस हजार रुपए का चेक दिया। सामाजिक सुरक्षा विभाग अन्तर्गत पेंशन से संबंधित पांच लाभुकों को स्वीकृति पत्र, जेएसएलपीएस के दो सखी मंडल में जुड़ी नौ सौ महिलाओं को कैश क्रेडिट लिंकेज के तहत ग्यारह करोड़ की राशि एवं उत्पादक समूहों को कार्यशील पूंजी की राशि पन्द्रह लाख का चेक दिया गया। पशु सखी को वितरित वैक्सीन बॉक्स के तहत इक्यानबे हजार चार सौ पचास रुपए का चेक, फूलो-झानों आशीर्वाद योजना अंतर्गत दो आजीविका संखी मंडल की महिलाओं को



पन्द्रह लाख अस्सी हजार का चेक दिया गया। वहीं श्रम विभाग के तहत प्रवासी श्रमिक योजना, मेधावी पुत्र-पुत्री छात्रवृत्ति योजना, मातृत्व प्रसुविधा योजना एवं अंत्येष्टि सहायता योजना अन्तर्गत कुल दो लाख दस हजार का चेक दिया गया। कार्यक्रम में डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता, एसी पवन कुमार मंडल, उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार उमेश कुमार राम, जिप उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी, नप अध्यक्ष गुंजा देवी, एसडीओ मुमताज अंसारी, एसडीओ सिमरिया सुधीर दास आदि मौजूद थे।

# धूमधाम से मना शहीद जयप्रकाश उरांव का शहादत दिवस

**चान्हो।** प्रखंड के नवाडीह गांव में मंगलवार को शहीद जयप्रकाश उरांव का शहादत दिवस धूमधाम से मनाया गया। आज ही के दिन 2017 में जयप्रकाश उरांव उग्रवादियों से लोहा लेते हुए शहीद हो गए थे।मरणोपरांत भारत सरकार द्वारा उन्हें शौर्य चक्र प्रदान किया गया है। मंगलवार को उनके पैतृक गांव में आयोजित शहादत दिवस में वक्ताओं ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पहुंचे अजित सिंह ,बबीता सिंह, शालीक राम पांडेय, रंजीत उराँव ,शहीद की पत्नी संगीता उराँव वार्ड सदस्य सीता उराँव आदि ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

बिरसा मुंडा जयंती सह स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक, कहा

# बिरसा मुंडा के सपनों का बन रहा झारखंड

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** लातेहार विधायक वैधनाथ राम बिरसा मुंडा जयंती पर चंदवा प्रखंड अंतर्गत गुरिटाँड़ स्थित बिरसा मुंडा के प्रतिमा स्थल पहुंच उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री राम ने झारखंड स्थापना दिवस की भी लोगो को बधाई और सुभकामनाएँ दी।श्री राम ने मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अपने छोटे से जीवनकाल में ही जो उलगुलान का बिगुल फूंका उससे पूरे समाज में एक नई चेतना पैदा हुई।उन्होंने ने समाज को एक नई दिशा प्रदान किया। अपने नेतृत्व क्षमता से अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लोगो को न सिर्फ इकट्ठा किया बल्कि समाजिक कुरुतियों के



खिलाफ भी लोगो को एकत्रित करने का काम किया था। उन्होंने ने लोगो को एकत्रित कर जल जंगल और जमीन की रक्षा का आह्वान भी किया।श्री राम ने आगे कहा कि माननीय हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बिरसा मुंडा के सपनो का झारखण्ड बन रहा है।बिरसा जयंती पर गुरिटाँड़ प्रतिमा स्थल पर बड़ी संख्या में लोग जमा हुए थे।कार्यक्रम से पूर्व प्रतिमा स्थल का पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम स्थल पर श्री राम के पहुंचने पर पूर्व मुखिया बबन मुंडा, झामुमो नेता शितमोहन मुंडा, चंदवा पूर्वी मुखिया रंजीत उंराव के नेतृत्व पर उनका जोरदार स्वागत किया गया गया। कार्यक्रम स्थल पर विधायक श्री राम मांदर की थाप पर थिरकते नजर आये। मौके पर प्रखंड प्रमुख मनीषा उंराव, बीडीओ विजय कुमार, पूर्व एमएलसी सह भाजपा नेता प्रवीण सिंह,लातेहार बीडीओ मेघनाथ उंराव, बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू,मो इजहार, समाजसेवी राजकुमार साहु, अंकित पांडेय, रामयश पाठक, संजय दूबे, मनोज कुमार पासवान, मो सरफरा,समेत बड़ी संख्या में लोग जुटे थे।

# पलामू में राज्य स्थापना दिवस व बिरसा मुंडा जयंती की रही धूम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय स्टेशन रोड बिरसा चौक पर आजसू पार्टी ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। काफी संख्या में आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जयंती पर नमन करते हुए माल्यार्पण किया। आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सह गढ़वा जिला प्रभारी सतीश कुमार ने कहा कि हमारी पार्टी भगवान बिरसा जयंती पर नमन करते हुए संकल्प लेती है। वहीं बिकेश शुक्ला केन्द्रीय सचिव ने कहा कि हम लडाई लड़ कर राज्य बनाये बिरसा के सपनो का झारखण्ड बनाने के लिए राज्य को उपनिवेश नहीं होने देंगे। झारखंड में लुट संस्कृति को रोकने के लिए एक बड़ा लड़ाई लड़नी होगी। मौके पर केन्द्रीय सचिव इम्तियाज अहमद नजमी ने कहा कि आज राज्य स्थापना दिवस पर बिरसा मुंडा जी के आन्दोलन की धाह को पुनः जागृत कर भय भुख अपराध और पलायन जैसे कोढ़ को समाप्त कर झारखण्डी जनता के चेहरे पर मुस्कान लायेंगे। केन्द्रीय सचिव बिजय मेहता ने कहा कि बिरसा








के सपनो का खुशहाल समाज झारखण्ड स्थापना के 22 बर्ष में भी पुरा नहीं हुआ। झारखंड का बागडोर आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो जी के हाथ में आएगी तभी चहचहाता मुस्कराता और खुशहाल झारखण्ड बनेगा। जिला उपाध्यक्ष तुलसी शुक्ला ने बताया कि राज्य की खुशहाली भगवान बिरसा मुंडा के रास्ते आगे बढ़ाने से संभव है। आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष संतन मेहता ने कहा कि अब झारखण्डी जनता करवट ले रही है। राज्य बेहतर बनेगा। कार्यक्रम में आजसू छात्र संघ के पलामू जिला अध्यक्ष राहुल मिश्रा छात्र नेता अभिशेख राज, बिनित शुक्ला, कमल शुक्ला, आषिश सिंह, आर्यन राज, नितीश मिश्रा, जिला के बरिष्ट नेता संजू सिंह, लौकेश सिंह, चन्द्र शेखर सिंह, छोटू, शिव शंकर प्रसाद, नरेन्द्र पाण्डेय, अधिवक्ता शक्ति सिंह, मंजीत मेहता, प्रेमकांत तिवारी, सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। **इधर :** अभाविप के द्वारा जनजातीय गौरव दिवस सह झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर प्रमंडलीय कार्यालय गणपति धर्मशाला से प्रभात फेरी की शुरूआत कर स्थानीय रेलवे स्टेशन तक पहुंच कर स्टेशन के समीप अवस्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस प्रभात फेरी एवं माल्यार्पण कार्यक्रम की नेतृत्व मेदिनीनगर नगर इकाई के नगर मंत्री रामा शंकर पासवान ने किया। मौके पर उपस्थित जिला संयोजक अभय वर्मा ने कहा कि जल, जंगल, जमीन और आदिवासी अस्मिता के लिए संघर्ष कर अंग्रेजों के दांत खट्टे कर देने वाले आदिवासी महानायक और स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुण्डा की जीवनी हम सभी के लिए प्रेरणादाई है। हम सभी को इनसे प्रेरित होने की जरूरत है। मौके पर उपस्थित नगर मंत्री रामा शंकर पासवान ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने आदिवासियों का अंग्रेजों द्वारा किए जा रहे शोषण के खिलाफ अपने जीवन का बलिदान कर दिया। इस प्रकार अपना जीवन समर्पित कर निर्विवाद नेता बन गए और अमरत्व को प्राप्त कर झारखंड के साहसी नेता बन गए। बिरसा मुंडा का सामाजिक एवं राजनीतिक आंदोलन भारत के आंदोलनों में आदर के साथ याद किया जाता है। हमें भी अन्याय को सहन नहीं करना चाहिए उनका विरोध करना चाहिए। उनका खंडन कहना चाहिए, इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्वविद्यालय प्रांत सह प्रमुख आनंद पांडे, जिला सहसंयोजक रोहित देव, विपिन यादव, प्रकाश पांडेय, उत्कर्ष तिवारी, राहुल कुमार चेरो आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे। **इधर :** शहर के आश्रम आवासीय विद्यालय रेड़मा पलामू में झारखंड स्थापना दिवस एवं जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। निबंध प्रतियोगिता संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता पेंटिंग प्रतियोगिता के अलावा खेलकूद (वॉलीबॉल कबड्डी कैरम खो खो) संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य दिवाकर प्रसाद सिंह, सहायक शिक्षक रजनीकांत राज, चंदन शर्मा, मनोज कुमार यादव, निवेदिता मिश्रा एवं दिलीप कुमार उपस्थित थे।

सम्पादक की कलम से...

## 23 वें वर्ष में झारखंड

**मंगलवार** को झारखंड 23 वें वर्ष में प्रवेश कर गया। इस स्थापना दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का यह कहना कि परंपराओं में जहां प्राण बसते हैं, संस्कृतियों में जहां प्रकृति की सुगंध है, हम उस झारखंड प्रदेश के बाशिंदे हैं। हम खुद को क्यों न गौरवान्वित समझें, जहां देवों के देव महादेव विराजते हैं, जहां जैन धर्म के तीर्थंकरों ने अध्यात्म के शिखर को स्पर्श कर सिद्धात्म को प्राप्त किया। अलग राज्य गठन का उद्देश्य बुनियादी समस्याओं का समाधान कर आम आदमी को राहत देना था। समावेशी विकास और जल जंगल जमीन से जुड़ी समस्याओं का निराकरण करना था। ऐसे में इस खुशगवार मौके पर यह देखना जरूरी है कि क्या हम झारखंड को विकास की मुख्य धारा में शामिल कर पाये? हर वर्ष आयोजित होनेवाले राज्य स्थापना दिवस पर ये सवाल उठते हैं कि राज्य स्थापना के उद्देश्यों के हम कितने करीब आ पाये...? ये वक्त खामियां ढूंढने का नहीं है, बल्कि एक संकल्प लेने का दिन है, ताकि हम अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए, अपने सपनों के झारखंड के लिए विचारों का अनुमोदन कर उसे कार्यान्वित कर सकें। अब सवाल है कि विकास की अंगड़ाई लेने को आतुर झारखंड राज्य में विकास का दीप स्तंभ कैसे जलेगा? विकास और जनकल्याण के लिए सरकार के कदम न रुके थे, न रुकेंगे, लगातार आगे बढ़ते रहेंगे। आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और वंचितों के दुख-दर्द दूर करने की दिशा में सरकार को आगे बढ़ना होगा। झारखंडवासियों की आत्मा और अस्मिता से जुड़े 1932 के खतियान आधारित स्थानीयता और नियुक्ति तथा सेवाओं में आरक्षण वृद्धि विधेयक विधानसभा से पारित किया जा चुका है। आदिवासी और मूलवासियों को उनका अधिकार देने के साथ यहां रह रहे सभी लोगों के हितों का भी पूरा-पूरा खयाल रखना जरूरी है। झारखंडवासियों को उनका मान-सम्मान और अधिकार मिले, इस के लिए लगातार प्रयास होने चाहिए। राज्य के समावेशी विकास की एक महत्वपूर्ण कड़ी शिक्षा है, क्योंकि शिक्षा से ही सभ्यता की पगडंडियों को सशक्त किया जा सकता है और समाज में आर्थिक परिवर्तन लाया जा सकता है। स्कूल, कॉलेज के बुनियादी ढांचे को मजबूत कर शिक्षा को सर्वसुलभ बनाने का प्रयास समय की मांग है। उसके बाद आवश्यकता है रोजगार की. रिक्तियों को भरना है, साथ ही निजी क्षेत्रों में झारखंड के लोगों को प्राथमिकता मिले, यह सुनिश्चित करना है। हम सब मिल कर स्वरोजगार की दिशा में राज्य को बढ़ाना है। शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में कई योजनाओं के साथ कानून में भी बदलाव किये गये हैं, लेकिन इसके कार्यान्वयन के लिए जनता को जागरूक होना होगा। झारखंड की माटी खेल और खिलाड़ी के लिए काफी उर्वर है। खेल और खिलाड़ियों को लेकर वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना की शुरूआत होना अच्छी बात है। बस जरूरत है इसे और आगे बढ़ाने की। कृषि के क्षेत्र में भी काफी संभावनाएं हैं। किसानों के आर्थिक सुदृढ़ीकरण के लिए खाद, बीज और यांत्रिक सुविधाएं देना, साथ ही खेतों को पानी मिले, उसके लिए छोटे और मंझोले डैम का निर्माण किया जाना जरूरी है। सरकार के द्वारा किये जा रहे कार्य अभी नाकाफी हैं। गांव के विकास की प्रामाणिकता इस बात की गवाह है कि हम विकास के पथ पर सतत अग्रसर हैं। कोविड संक्रमण के दौर में भी हमने अपनी रफ्तार कम नहीं होने दी, जो इस बात का प्रमाण है कि चुनौतियां हमें रोक नहीं सकती। ऐसे में और मजबूती से काम करने की जरूरत है।

### आज का इतिहास

**1938 :** मशहूर कथक नर्तक बिरजू महाराज का जन्म।
**1948 :** श्रीलंका को ब्रिटिश शासन से मुक्ति मिली।
**1965 :** अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
**2004 :** सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक की लांचिंग हुई।
**2006 :** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने ईरान के परमाणु हथियार बनाये जाने के मामले को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भेजा।
**2007 :** अमेरिकी पूर्व उपराष्ट्रपति अलगोर को संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण पुरस्कार मिला।
**2014 :** सत्या नाडेला विश्व की प्रमुख सॉफ्टवेयर कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के प्रमुख कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किए गए हैं।
**1760 :** सदाशिव राव भाऊ के नेतृत्व में मराठा सेना ने उदगीर के युद्ध में निजाम को पराजित किया।
**1815 :** स्विटजरलैंड में विश्व का पहला पनीर उत्पादन कारखाना खोला गया।
**1816 :** 'नामधारी संप्रदाय' के संस्थापक राम सिंह का जन-?म ।
**1915 :** प्रथम विश्व युद्ध के दौरान स्वेज नहर पर जर्मनी और उसमानी शासन की संयुक्त सेनाओं ने मिलकर हमला किया।
**1916 :** बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की शुरूआत हुआ।
**1925 :** मुम्बई से कुर्ला के बीच भारत की पहली बिजली संचालित ट्रेन सेवा शुरू।
**1976 :** अमेरिकी देशों ग्वाटेमाला और होंडुरस में आये भीषण भूकंप में 22000 लोगों की मौत हुई।
**1978 :** जूलियस जयवर्धने ने श्रीलंका के प्रथम राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की।
**1990 :** केरल के एनार्कुलम ज़िले को पूर्ण साक्षर ज़िला घोषित किया।
**1994 :** अमेरिका ने वियतनाम के विरुद्ध लगाये गए व्यापारिक प्रतिबंध हटाये।
**1996 :** दक्षिण-पश्चिमी नेपाल के लुम्बिनी में उस वृक्ष का पता चला, जहाँ भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था।
**1998 :** अफगानिस्तान में आये भीषण भूकंप में 4000 से अधिक लोगों की मौत।

# परीक्षा तो मतदाता की भी है

> 'मोरबी दुर्घटना को अभी चौबीस घंटे भी नहीं बीते थे। एक प्रमुख चैनल पर गरमागरम बहस चल रही थी। इसके दौरान कांग्रेस के प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल ने अपनी जिम्मेदारी का सही तौर पर निर्वाह नहीं किया। जवाब में हुकूमत की नुमाइंदगी कर रहे प्रवक्ता ने आरोपकर्ता पर ही आरोप जड़ दिया कि आपकी पार्टी ने पटेल का अपमान किया था। संयोग से सरदार पटेल की उस दिन जयंती थी। वह भूल गए थे कि पटेल को गुजरे 72 बरस हो चले हैं, जबकि मोरबी पुल के इस्पाती तार माचिस की तीलियों की तरह चंद घंटे पहले टूटे थे।'

पिछले दिनों मैं एक 'टीवी डिबेट में था। वह चैनल गुजरात चुनाव के मुद्दों, व्यक्तित्वों और बदलते हालात पर प्रतिदिन सर्वे करता है। उस दिन पेश किये गये सर्वे के नतीजे बता रहे थे कि साठ फीसदी लोग मानते हैं कि मोरबी की दुर्घटना एक बड़ा और असरकारी मुद्दा है। क्या राजनीतिक वर्ग उसको इसी संवेदना से लेता है? गुजरी 31 अक्तूबर का एक उदाहरण देता हूं। मोरबी दुर्घटना को अभी चौबीस घंटे भी नहीं बीते थे। एक प्रमुख चैनल पर गरमागरम बहस चल रही थी। इसके दौरान कांग्रेस के प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल ने अपनी जिम्मेदारी का सही तौर पर निर्वाह नहीं किया। जवाब में हुकूमत की नुमाइंदगी कर रहे प्रवक्ता ने आरोपकर्ता पर ही आरोप जड़ दिया कि आपकी पार्टी ने पटेल का अपमान किया था। संयोग से सरदार पटेल की उस दिन जयंती थी। वह भूल गए थे कि पटेल को गुजरे 72 बरस हो चले हैं, जबकि मोरबी पुल के इस्पाती तार माचिस की तीलियों की तरह चंद घंटे पहले टूटे थे। नतीजतन, दर्जनों घरों के चिराग बुझ चुके थे और सौ से अधिक शव अस्पताल में औपचारिकताएं पूरी होने के इंतजार में पड़े थे। ऐसे में, अतीत के अंधेरे बंद कपाट खोलने के बजाय सरकारी सहायता के ब्योरे और योजनाओं का खुलासा करना जरूरी था, मगर हमारे सियासी सूरमा तथ्य के बजाय खुद गढ़े गये कथ्य पर बल देते हैं। बाद में प्रधानमंत्री मोदी ने खुद मोरबी पहुंचकर सांत्वना, राहत, जांच और कार्रवाई की अगुवाई की। वह जब भरी आंखों से लोगों के आंसू पोंछ रहे थे, तब भी टेलीविजन पर वही उबाऊ तू-तू, मैं-मैं बुलंद थी। अपने राजनेताओं की मेहरबानी से हमने सत्य से अर्द्धसत्य की ओर बढ़ना तो आजादी के पहले से ही शुरू कर दिया था, पर अब सच और झूठ का अंतर आभासी हो चला है। सिर्फ सियासी सूरमा नहीं, बल्कि सामाजिक विमर्श में शामिल लोग भी इसके कुसूरवार हैं। हालांकि, भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ताओं ने बाद में संवेदनशील भाषा का इस्तेमाल शुरू कर दिया। शायद उन्हें भरोसा हो गया था कि दोषियों पर कठोर कार्रवाई के जरिये डैमेज कंट्रोल कर सकेंगे। बाद में जब भगवा दल ने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की, तो पता चला कि 38 विधायकों के टिकट कट गये हैं। इनमें मोरबी के विधायक भी शामिल हैं। सत्ता विरोधी लहर से निपटने का यह आजमाया हुआ राजनीतिक फॉर्मूला है। इसके साथ ही पार्टी ने अपनी रणनीति में परिवर्तन भी किया। पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री मोदी ने नारा बुलंद किया, जिसमें उन्होंने सभा में शामिल हर व्यक्ति से कहलवाया- 'आ गुजरात में बनाव्यु छे'(यह गुजरात मैंने बनाया है)। इस संदेश के गहरे राजनीतिक अर्थ हैं। प्रत्यक्ष तौर पर लगता है, जैसे यह गुजरात के विकास और उसके प्रति गुजरातियों की प्रतिबद्धता का नारा है, लेकिन परोक्ष तौर पर इससे यह भी साबित होता है कि खुद प्रधानमंत्री मोदी ने गए 22 साल की हुकूमत में मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री की हैसियत से इस प्रदेश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। मोदी खुद को मतदाता के स्वाभिमान से जोड़ते आए हैं। आपको याद होगा, सोनिया गांधी ने जब उन पर कुछ आरोप लगाये थे, तब उन्होंने गुजरात की सभा में कहा था कि यह मेरा नहीं, बल्कि 12 करोड़ गुजरातियों का अपमान है। इस बार भी उन्होंने यही दांव चला है। इसके जवाब में कांग्रेस अधिक हो-हल्ले के बिना जन-संवाद कार्यक्रम चला रही है, लेकिन अरविंद केजरीवाल खासे मुखर हैं। पिछले दिनों एक लाइव इंटरव्यू के दौरान उन्होंने एक पर्ची लिखी और एंकर के हाथ में थमा दी। उसमें लिखा था कि कांग्रेस इस बार पांच से भी कम सीट जीतेगी। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि हम नंबर दो की पार्टी बन चुके हैं और अब नंबर वन बनना है। केजरीवाल ने यह भी कहा कि लोग कहते हैं, मेरे पास ह्यओटीपीह्न का समर्थन है। ओटीपी, यानी ओबीसी, ट्राइबल और पटेल। केजरीवाल 'वैकल्पिक राजनीति' का दावा करते हुए चुनावी समर में उतरे थे। उन्होंने दस साल से भी कम समय में तीन बार दिल्ली और फिर पंजाब में धुआंधार जीत के साथ तमाम कीर्तिमान गढ़े हैं। इस दौरान उनकी भाषा और तेवर में खासा बदलाव आया है।

**■ शशि शेखर**

# जब जिंदगी हैक हो जाये

भजनखबरी हर औसतन पाठक की तरह समाचार का पहला पन्ना सरसरी निगाहों से पढ़ने लगा। लिखा था - फलाने का ट्विटर अकाउंट हैक। यह पढ़ते ही वह थोड़ी देर के लिए खूब हँसने लगा। उसकी हँसी और भारत की गिरती जीडीपी दोनों का गहरा संबंध है। इसे वही बता सकता था जो प्याज की जगह जीडीपी खाता हो। वह तो अच्छा हुआ कि उसने अपने राज पर से पर्दा उठाते हुए हैक होने का मतलब समझाया। उसने अपनी जिंदगी को कंप्यूटर की भाषा में बदलते हुए कहा - जिंदगी के की बोर्ड पर विंडोज का बटन एल से दब जाए तो वह तो हमेशा के लिए लॉकडाउन में चली जाती है। जो फिलहाल वही हो रहा है। यदि विंडोज के बटन के साथ डी बटन दबा दिया जाए तो हम कहीं किसी और दुनिया में चले जाते हैं। इस स्थिति की बात की जाए तो कइयों के लिए कोरोनाकाल से पहले या बाद में कोई अंतर नहीं था। जब सब यादें कंट्रोल और ए बटन के साथ मस्तिष्क में कंट्रोल एस बटन के साथ भरी पड़ी हों तो उसे कभी-कभी डिलिट कर देना चाहिए। चूँकि सभी यादें याद बनकर रह जाएँ तो आदमी पागल हो सकता है। इसलिए कभी-कभार डिलिट बटन का छिड़काव भी कर देना चाहिए। जिंदगी और कंप्यूटर में सबसे बड़ा फर्क यही है कि जहां जिंदगी में बीते पल को फिर से प्राप्त नहीं किया जा सकता वहीं कंप्यूटर कंट्रोल के साथ जेड का बटन दबाने मौका रहता है। जिंदगी में आगे पीछे नहीं हो सकते। एक सटीक निर्णय लेने की आवश्यकता होती है, जबकि कंप्यूटर पर कंट्रोल के साथ शिफट् और टैब बटन दबाने से पीछे और कंट्रोल के साथ टैब बटन दबाने आगे जा सकते हैं। जिंदगी में कुछ नया करना जितना कठिन है वहीं कंप्यूटर पर कंट्रोल बटन के साथ एन बटन दबाने पर नई-नवेली दुनिया में पहुंच सकते हैं। अब जो भला बेरोजगार है उसके लिए अब क्या तब क्या? जो लोग चाहते हैं कि जिंदगी की सारी खिड़कियाँ एक साथ देखें उनके लिए विंडोज बटन के साथ टैब का बटन मिल जाता है। फिर देख लीजिये जितनी जिंदगी देख लेनी है। हाँ इतना है कि आल्ट बटन के साथ टैब का बटन दब जाए तो जिंदगी की नई खिड़की खुल जाती है। फर्क सिर्फ इतना है कि उसमें अब भी वही हवा आ रही है जो पहले आ रही थी। इसलिए अच्छा यही है कि फिर से आल्ट बटन दबाएँ लेकिन उसके साथ एफ फोर का बटन दबाएँ इससे वह खिड़की क्या जिंदगी ही बंद हो जायेगी। लगता है भजनखबरी अपनी जिंदगी से परेशान होकर ये सारे बटन एक साथ दबा दिएँ। अब उसकी जिंदगी भी हैक हो गयी है। लेकिन क्या फर्क पड़ता है? वह प्रधान मंत्री थोड़े न है कि उसकी जिंदगी को ट्विटर हैक की तरह तवज्जो दी जायेगी। वेसे भी हैक ट्विटर फिर से वापस मिल सकता है, लेकिन जिंदगी के साथ ऐसा नहीं होता।

**■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**
मो. नं. 73 8657 8657

### धर्म दर्शन

## श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्
### अथ प्रथमोऽध्यायः

जनमेजय बोले-[हे मुनिवर!] मुझे इस विषयमें यह महान् संशय हो रहा है कि भगवान्ने उत्पन्न होते ही उस बालकका त्याग कर दिया। निर्जन वनमें उस असहाय बालककी देखभाल किसने की ?॥ 1 ॥

हे सत्यवतीनन्दन ! उस बालककी क्या गति हुई? बाघ, सिंह आदि हिंसक जानवर उस छोटे-से बालकको उठा तो नहीं ले गये॥ 2 ॥

व्यासजी बोले- हे राजन्! जब भगवान् विष्णु तथा लक्ष्मीजी उस स्थानसे चले गये, उसी समय चम्पक नामक विद्याधर उत्तम विमानपर आरूढ़ होकर अपनी प्रेयसी मदनालसाके साथ इच्छापूर्वक विहार करते हुए संयोगवश वहाँ आ पहुँचा ॥ 3-4 ॥

देवपुत्र - तुल्य उस उत्तम शिशुको पृथ्वीपर सुखपूर्वक अकेले खेलते हुए देखकर चम्पकने शीघ्रतापूर्वक विमानसे उतरकर झटसे उस बालकको उठा लिया और वह उसी प्रकार आनन्दित हो गया, जिस प्रकार कोई धनहीन व्यक्ति धनका खजाना पाकर आनन्दित हो जाता है ॥ 5-6 ॥

कामदेवके समान अत्यन्त सुन्दर उस नवजात शिशुको उठाकर चम्पकने (अपनी पत्नी) मदनालसाको सौंप दिया ॥ 7 ॥

उस बालकको लेते ही प्रेमसे रोमांचित तथा विस्मित मदनालसा हृदयसे लगाकर उस बालकका मुख चूमने लगी ॥ 8 ॥

हे भारत प्रीतिपूर्वक हृदयसे लगाने तथा चूमने के पश्चात उस तन्वंगी मदनालसाने उसे अपना पुत्र समझकर गोदमें ले लिया ॥ 9 ॥

उसे गोदमें लेकर पति-पत्नी प्रसन्नतापूर्वक विमानपर आरूढ़ हो गये। तब कमनीय अंगोंवाली मदनालसाने हँसकर अपने पतिसे पूछा-हे कान्त ! बालक किसका है तथा किसने इसे निर्जन वनमें छोड़ दिया है? त्रिनेत्रधारी भगवान् शंकरने इसे मुझे पुत्ररूपमें दिया है ॥ 10-11 ॥

चम्पक बोला- हे प्रिये मैं आज ही सब कुछ जाननेवाले इन्द्रके पास जाकर पूछूंगा कि यह बात देवता है, दानव है अथवा गन्धर्व है। उनसे आदेश प्राप्त करनेके बाद ही मैं वनमें प्राप्त इस बालकको अपना पुत्र बनाऊँगा बिना उनसे पूछे मुझे कोई भी कार्य निश्चितरूपसे नहीं करना चाहिये ॥ 12-13 ॥

ऐसा कहकर उस मदनालसा तथा पुत्रको लेकर हर्षातिरेकके कारण उत्फुल्ल नेत्रोंवाले उस चम्पकने तुरंत विमानसे इन्द्रपुरीके लिये प्रस्थान किया। [यहाँ पहुँचकर] प्रेमपूर्वक इन्द्रके चरणोंमें प्रणामकर उस बालकको उन्हें समर्पित करके दोनों हाथ जोड़कर चम्पक खड़ा हो गया और बोला- ॥ 14-15 ॥

- क्रमश

# ठीकरे फोड़ने का चलन

अरविंद केजरीवाल से जब पिछले साल पूछा गया प्रदूषण के बारे में, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री होने के नाते वे अपनी तरफ से पूरी कोशिश कर रहे हैं, लेकिन पंजाब में पराली जलाने पर जब तक पूरी पाबंदी नहीं लगती, दिल्ली में प्रदूषित हवाएं आती रहेंगी। इस साल ऐसा नहीं कह सके, इसलिए कि पंजाब में अब आम आदमी पार्टी की सरकार है। सो, केजरीवाल पर दोष मढ़ने में लग गये भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता और आला नेता। कब आयेगा वह दिन, जब हमारे राजनेता समझ पायेंगे कि प्रदूषण राष्ट्रीय समस्या है, शहरी नहीं? देश की राजधानी में अगर हवा इतनी गंदी है कि नीले आसमान की जगह एक मैली चादर बिछी है, जो इतनी जहरीली है कि स्कूल बंद करने पड़े हैं, डीजल गाडियों और ट्रकों पर पाबंदियां लग गई हैं। मलहम है यह, समाधान नहीं, सो सवाल बनता है कि ऐसा हो क्यों नहीं रहा है? एक अनुभवी रणनीतिक पंडित होने के नाते मैंने सीखा है कि जब समस्या ऐसी हो, जिसका समाधान कठिन और पेचीदा हो, तो सरकारी अफसर अदृश्य हो जाते हैं, और राजनेता एक-दूसरे पर कीचड़ उछालने में लग जाते हैं। क्या अपने भारत महान में ऐसा होता है, क्योंकि हम-आप उनसे जवाब नहीं मांगते हैं। अंग्रेजी में कहावत है कि लोगों को वैसी ही सरकारें मिलती हैं, जो उनके लायक हों, सो क्या गलती हमारी है? कुछ हद तक हो सकती है, लेकिन यह भी सच है कि कुछ ऐसी चीजें हैं, जिनमें आम लोग कुछ नहीं कर सकते हैं। गंभीर लापरवाही, जो साफ दिख रही है प्रदूषण को लेकर, वह हमारे शासकों की है। नीतियां बनाने का काम हमने उनको सौंपा है। शहरों की आबोहवा स्वच्छ रखना सरकारों की सबसे महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारियों में से है, लेकिन बावजूद इसके कि देश के आला राजनेता दिल्ली में रहते हैं, ऐसा क्यों है कि पर्यावरण के बारे में प्रधानमंत्री की आवाज सिर्फ अंतरराष्ट्रीय सभाओं में सुनने को मिलती है? इन दिनों मिस्र में चल रहा है काप-27 सम्मेलन, जहां भारत उन देशों में से है, जो पर्यावरण के बिगड़े हाल का सारा दोष डाल रहे हैं विकसित पश्चिमी देशों पर और मांग रखे हैं कि इसका मुआवजा उनको देना पड़ेगा। यह बात कुछ हद तक सही है, लेकिन क्या हमारे शहरों की हवा को साफ रखना हमारी अपनी जिम्मेदारी नहीं है? क्या गंगा और यमुना जैसी पवित्र नदियों को साफ करना हमारी जिम्मेदारी नहीं है? जब तक हमारे राजनेता इसको स्वीकार नहीं करते, तब तक भारत माता का हाल बिगड़ता रहेगा। ऐसा नहीं कि हमारे राजनेताओं ने हमारे करोड़ों रुपए लगाये न हों नदियां और शहरों की हवा साफ करने पर, लेकिन ऐसा जरूर है कि ये करोड़ों रुपए तकरीबन पूरी तरह बेअसर रहे हैं। किसकी जिम्मेदारी है यह? किससे मांगें जवाबदेही? दिल्लीवासी होने के नाते यकीन मानिये कि मैंने अपने बचपन में देखे हैं सर्दियों के वे दिन, जब इस शहर की हवा इतनी साफ थी कि रात को आसमान में तारे दिखते थे, प्रदूषण की चादर नहीं। यकीन यह भी कीजिए कि उस समय भी यमुना का पानी इतना प्रदूषित हो चुका था कि उसको सिर्फ बागों में इस्तेमाल किया जाता था और जब माली डालते थे पानी पौधों को, तो बदबू घरों के अंदर तक आती थी। सवाल यह है कि इस नदी को आज तक साफ क्यों नहीं कर पाए हैं, हमारे शासक? रही बात गंगाजी की, तो गंगा कार्य योजना जब पहली बार बनी थी राजीव गांधी के दौर में तो इंटैक नाम की संस्था के लिए मैंने एक रिपोर्ट लिखी थी, एक दोस्त के कहने पर। उसके बाद सरकारें आईं, सरकारें गईं और इस नदी की सफाई के लिए पानी की तरह पैसा बहाया गया, लेकिन आज भी गंगा में डुबकी वही बहादुर लोग लगाते हैं, जिनकी आस्था इतनी महान है कि वे अपने स्वास्थ्य की परवाह नहीं करते हैं। ये बातें मैंने पहले भी अपने कई लेखों में लिखी हैं। पर्यावरण में विशेष रुचि रखने वाले पत्रकार हर दूसरे लेख में जिक्र करते हैं इन चीजों की, लेकिन राजनेताओं से अभी तक हम केवल झूठे वादे ही सुनते आए हैं, और कुछ नहीं। आज जब देश की बागडोर एक ऐसे प्रधानमंत्री के हाथ में है, जो संसद में पूरी बहुमत लेकर दो बार आए हैं, समझना मुश्किल है कि हमारे शहरों की हवा क्यों इतनी प्रदूषित है कि बच्चे-बूढ़े बीमार हो जाते हैं सिर्फ सांस लेकर। हमारी पवित्र नदियों का पानी इतना प्रदूषित क्यों है? अपनी बात कहूं तो यह कहना पड़ेगा कि दिल्ली का हाल देख कर मुझे रोना आया इस बार और यादें आईं मेरे बचपन की दिल्ली की, जब सर्दी शुरू होते ही हम बाहर बागों में बैठ कर दिन भर ठंडी, ताजा हवा का मजा लेते थे।

**■ तवलीन सिंह**

### संपादक के नाम पाठकों की पाती

## गलत शब्द का प्रयोग न करें

हम किसी भी शहर में चले जायें, वहां पर लोग आपस में बातचीत में धड़ल्ले से गाली का प्रयोग करते हैं। यह हमारे लिए काफी शर्म की बात है। कई लोग तो ऐसे हैं जो अपना एक भी वाक्य बिना गाली की नहीं करते हैं। कई शहरों में किसी खास गाली का प्रचलन रहता है। इन गालियों में मां-बहनों को अपमानित किया जाता है। गाली देने से ही हम समझ जाते हैं कि वह व्यक्ति कैसे परिवार से संबंध रखता है। उसमें अच्छे संस्कारों की कमी है। कई जगहों पर तो महिलाओं को भी बेधड़क गाली देते देखा जा सकता है। गाली देने वालों को कभी भी सभ्य नहीं कहा जा सकता है। मैं आपके लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से लोगों से अपील करता हूं कि अपनी बातचीत में गाली का प्रयोग नहीं करें। ना ही किसी को करने दें। इस तरह की गाली से हमारे आसपास की महिलाओं को शर्मिंदा होना पड़ता है। गाली देकर हम अपनी बहादुरी प्रकट करने की कोशिश करते हैं जो शर्मनाक है। कई जगहों पर कई तरह की गालियों का प्रयोग किया जाता है,जिसकी चर्चा करना भी शर्मनाक है। इन गालियों के प्रयोग से महानगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र प्रभावित हैं । जिस प्रकार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है । उसी प्रकार जुबान की गंदगी को भी साफ करने का अभियान चलाना चाहिए,जिससे की आम बातचीत में लोग गाली का प्रयोग नहीं करें। वहीं कई पढ़े-लिखे लोग भी गाली प्रयोग अंग्रेजी में कर अपने को पढ़ा लिखा साबित करने की कोशिश करते हैं,लेकिन गाली तो गाली है। इनको कहने व सुनने से हमें दूर रहना चाहिए और इसे सामाजिक बुराई मानकर इसे खत्म करना चाहिए।

**■ गौतम कुमार, मेदिनीनगर।**

# राजशाही की पैत्रिक विरासत का गणतांत्रिक स्वरूप

देश में व्यक्तिगत स्वार्थपरिता निरंतर चरम सीमा की ओर बढ़ती जा रही है। राजनैतिक चरित्र में पतन की गति में इजाफा हो रहा है। दलगत राजनीति की दुर्गन्ध अब राष्ट्र के सर्वोच्च पद की गरिमा तक को प्रभावित करने का प्रयास कर रही है। बंगाल की ममता सरकार के मंत्री के व्दारा राष्ट्रपति पर की जाने वाली शर्मनाक टिप्पणी को इसी क्रम में देखा जा रहा है। इसके पहले भी राष्ट्राध्यक्ष पर बंगाल की मुख्यमंत्री के चहेतों ने अभद्र वक्तव्य दिये जाते रहे हैं, जिस पर कोई कठोर कार्यवाही न होने से लोगों के हौसले बढ रहे हैं। राजनैतिक दलों की वास्तविक सोच, आन्तरिक सिध्दान्त और वास्तविक कार्ययोजनायें निरंतर उजागर होने के बाद भी आम आवाम की व्यक्तिगत स्वार्थवादिता पर राष्ट्रवादी दृष्टिकोण विजय प्राप्त नहीं कर सका। आतंकवाद के पोषक और टुकडे-टुकडे गैंग के संरक्षकों के टुकडों के लालच में अनेक खद्दरधारी अपने ईमान को गिरवी रखते जा रहे हैं। कोई हिन्दू-मुसलमान के मध्य खूनी होली देखने की ललक से षडयंत्र कर रहा है तो कोई हिन्दू-सिख के मध्य अग्निरेखा खींचने में लगा है। कभी भोले-भाले हिन्दुओं को बरगालकर ईसाई बनाने की मुहिम चल रही है तो कहीं अतीत का जातिवादी दंश दिखाकर बौध्द बनाने का क्रम चल निकला है। कुल मिलाकर हिन्दुओं को कोसने, उनकी जीवन जीने की शैली पर प्रश्नचिन्ह अंकित करने और उनकी आस्था पर कुठाराघात करने का फैशन चल निकला है। इस फैशन को अपनाने वालों को बुध्दिजीवी होने का तमगा देकर अंग्रेजों व्दारा अपनायी गई 'सर' की परम्परा को ही आगे बढाया जा रहा है। देश के अन्दर चल रही इन कुटिल चालों में सीमापार के देशों ने अब खुलकर दखल देना शुरू कर दिया है। कहीं ड्रेगन के जासूस लामा बनकर अध्यात्मिक आधार का दुरुपयोग करने की फिराक में हैं। तो कहीं इस्लाम के नाम पर पाकिस्तान का झंडा बुलंद किया जा रहा है। विष कन्याओं की फौज तैयार करके हिन्दुस्तान के विरुध्द जहरीली चालों से कश्मीर फतह करने की फिराक में बैठी सीमापार की सरकार नित नये शगूफे फैला रही है। अल्पसंख्यकों पर जुल्म करने वाले देश अब भारत पर मानवाधिकार की आड लेकर निशाना साधने लगे हैं। ऐसे में दुनिया को उसी की भाषा में जबाब देने की हिम्मत के साथ राष्ट्र को नित नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने वाले लोगों को देश के अन्दर ही उलझाकर रखने की विदेशी चालों का क्रियान्वयन करने में जयचन्दों की फौज जुटी है। कनाडा में बैठकर खालिस्तान का राग अलापने वालों से लेकर पाकिस्तान और दुबई की सरजमीं से भारत को मुस्लिम राष्ट्र बनाने वालों तक को संरक्षण देने वाले सफेदपोशों की जमात का लालची सिक्का देश में खूब चल रहा है। स्वाधीनता के समय से ही चांदी की चम्मच का चमत्कार प्रभावी परिणाम लाता रहा है। भौतिक सुख, अस्थाई सम्मान और खोखले सुख के सहारे जीने वाले लोग आज एक पल की संतुष्टि के लिए भविष्य को भी दांव पर लगाने से भी नहीं चूक रहे हैं। ऐसे ही लोगों के सहारे आम आवाम को मृगमारीचिका के पीछे दौड़ाया जा रहा है। अतीत के दुःखद इतिहास को हाशिये पर पहुंचाकर चाटुकारों के माध्यम से लिखवाये गये झूठे दस्तावेजों पर स्वाधीनता के बाद से ही प्रमाणिकता की सरकारी मुहर लगा दी गई थी, जिसकी विना कर वर्तमान में छाती पीटी जा रही है। यह सब राजनैतिक दलों की सोची समझी चालों का ही परिणाम रहा जो देश में अनेक स्थानों पर बहुसंख्यकों की स्थिति आज अल्पसंख्यक हो चुकी है परन्तु उन्हें अल्पसंख्यकों की सुविधाओं से निरंतर वंचित रखा जा रहा है। राजनैतिक दलों के वित्तीय कारोबारों को सूचना के अधिकार से दूर रखकर उन्हें काले कारनामों की खुली छूट देना, राष्ट्र हित में कदापि नहीं कहा जा सकता। यह वह कोना है जहां से दलगत राजनीति के खेमों का परिवारवाद शिखरोन्मुख हो रहा है। यह कहना अतिशयोक्ति न होगा कि राजशाही की पैत्रिक विरासत का गणतांत्रिक स्वरूप बनते राजनैतिक दल आज स्वार्थपूर्ति का साधन मात्र बनकर रह गये हैं।

**■ डा. रवीन्द्र अरजरिया**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## न्यूज गैलरी

### धरती आबा जयंती व राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन



**रामगढ़।** धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती एवं राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में छत्तरमांडू स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे, उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता नेल्सम एयोन बागे एवं अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन सहित जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

### 18 को नि:शुल्क मोतिया बिंद ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपन शिविर का किया जायेगा आयोजन



**रामगढ़।** रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ द्वारा 15 नवंबर को प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। मौके पर क्लब के अध्यक्ष अनिल गर्ग, सचिव राहुल जैन, प्रोजेक्ट चेयरमैन विजय कुमार, संजय जैन द्वारा संयुक्त रूप से बताया गया गया कि रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ एवम ललिता नेत्रालय द्वारा संयुक्त तत्वाधान से 18 नवंबर को नि :शुल्क मोतिया बिन्द ऑपरेशन एवम लेंस प्रत्यारोपन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। बताया कि इसके लिए मरीजों की जांच ललिता नेत्रालय में होगी। बताया कि शिविर में प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉ खुर्शीद हसन द्वारा मरीजों का ऑपरेशन किया जाएगा। बताया कि यह कार्यक्रम रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ का ड्रीम प्रोजेक्ट है।

### आरएसएस ने मनाया जनजाति गौरव दिवस

**बरही।** राज्य के 22 में स्थापना दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शिवाजी शाखा बरही के द्वारा जनजाति गौरव दिवस मनाया गया । इस अवसर पर बरसोत पंचायत के बरियठा गांव स्थित विरहोर टोला में संघ परिवार के द्वारा बैठक कर संघ के क्रिया कलापों की जानकारी दी गई। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष नंद किशोर गुप्ता, डॉ कृष्णा केसरी, पिंटू केसरी, राजू केसरी, राजकुमार यादव आदि सहित कई जनजातीय परिवार के लोग शामिल थे।

### पीएम आवास योजना के तहत लाभुकों को कराया गया गृह प्रवेश




**बरकट्ठा।** प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में लाभुकों को गृह प्रवेश कराया गया। प्रखंड के बेडोकला पंचायत अंतर्गत ग्राम चांदगढ़ तथा बेडोकला में प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवास में लाभुक नेहाल मिर्धा ,कालिया देवी ,एनुल अंसारी ,यूसुफ अंसारी आदि लोगों को मुखिया रिंकी देवी,मुखिया प्रतिनिधि देवेंद्र पांडेय,बीएफटी दिलीप दास,पंचायत समिति सदस्य रामचंद्र साव,यूसुफ अंसारी,अरुण पासवान,मुमताज अंसारी के उपस्थिति में सामुहिक रूप से गृह प्रवेश कराया गया। मौके पर मुखिया रिंकी देवी ने कहा कि प्रधान मंत्री आवास योजना गरीबों के लिए महत्वपूर्ण योजना है।सरकार की बहुत बड़ी उपलब्धि है कि गरीबों को रहने के लिए सरकार आवास के रूप में सर छिपाने के लिए छत की व्यवस्था कर रही है।

# उपायुक्त ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण, दिये कई दिशा-निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** कोडरमा जिला मुख्यालय से सटे कोडरमा सदर अस्पताल का मंगलवार को डीसी आदित्य रंजन के द्वारा निरीक्षण कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। वहीं डीसी और एसडीओ के द्वारा सदर अस्पताल में डिजिटल एक्सरे मशीन और आयुष्मान भारत का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा है कि एक्सरे मशीन चालू होने से मरीजों को बहुत सुविधा मिलेगी। ऑपरेटर को बोला गया कि प्रतिदिन लगभन सौ मरीजों का एक्सरे होना चाहिए। वहीं सदर अस्पताल में भर्ती मरीजों को बेबी किट भी दिया गया और मरीजों से हाल-चाल भी लिया गया। डीसी के द्वारा कई



वार्डो का निरीक्षण भी किया गया साथ ही इमरजेंसी वार्ड, पेन वार्ड, जेनरल वार्ड का निरीक्षण किया गया और उपस्थित सीएस को कई दिशा निर्देश भी दिया गया। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों से ड्रेस कोड में रहने और बैच लगाने की बात कही। मौके पर डीएस डॉ. मनोज कुमार, डीपीएम महेश कुमार, रूपेश, प्रमोद, राजेश सहित अन्य स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी कर्मी मौजूद थे।

### समाहरणालय में बिरसा मुंडा के चित्र पर किया माल्यार्पण




**कोडरमा।** झारखंड राज्य स्थापना दिवस पर 15 नवंबर को समाहरणालय परिसर में भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें उपायुक्त आदित्य रंजन, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, अपर समाहर्ता अनिल तिर्की और अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीणा ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पार्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, जिला शिक्षा पदाधिकारी अलका जायसवाल, जिला योजना पदाधिकारी खोपलाल राम, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी, नगर प्रशासक जितेंद्र कुमार जैसल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, एपीआरओ अविनाश कुमार समेत पदाधिकारी, कर्मियों ने भी भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पार्पित कर उन्हें नमन किया।

### आजसू जिला कार्यालय में धूमधाम से मनी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

## एक गरीब परिवार में जन्में भगवान बिरसा ने लोगों को जागृत किया था : रोशनलाल चौधरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला आजसू कार्यालय में 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं झारखंड स्थापना दिवस नगर कमेटी द्वारा मनाया गया। जिसमें मुख्य रुप से बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी उपस्थित थे। मौके पर रोशनलाल चौधरी ने भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि झारखंड के एक गरीब किसान परिवार में जन्मे भगवान बिरसा मुंडा ने अल्पायु में आदिवासी समाज के लोगों को संगठित कर अंग्रेजी हुकुमत के दांत खट्टे कर दिये थे। समाज में बिरसा मुंडा को भगवान की तरह पूजा जाता है। मौके पर नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, जिला उपाध्यक्ष दिनेश स्टील, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र साव भोपाली, लाल बिहारी महतो, मनु कुशवाहा, लेखराज महतो, जिला उपाध्यक्ष संजय महतो, आदिवासी महासभा के जिला अध्यक्ष महेश करमाली, आदिवासी महासभा के जिला सचिव अशोक राम बेदिया, अनुसूचित महासभा के जिला सचिव अमरदीप राम, नगर अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, नगर कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप वर्मा ,नगर सचिव नीरज मंडल, नगर महिला मोर्चा अध्यक्ष अनुपमा सिंह, नगर संगठन सचिव टीकू कुशवाहा, सतीश कुशवाहा, नगर सह सचिव रवि कुशवाहा, नगर सह कोषाध्यक्ष नीतीश दांगी, मोहम्मद तबरेज, डब्लू करमाली, नगर सह सचिव फहीम साह, नंदू महतो, बुद्धिजीवी मंच के अनवर हुसैन आदि आजसू पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता एवं सम्मानित पदाधिकारी मुख्य रूप से मौजूद थे।

## चर्चित रूपेश हत्याकांड की जांच करने सीबीआई और फोरेंसिक टीम पहुंची बरही

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** चर्चित रूपेश हत्याकांड की जांच करने सीबीआई और फोरेंसिक की टीम मगलावार को बरही पहुंची। टीम ने बरही थाना पहुंचकर दर्ज प्राथमिकी की जानकारी लिया उसके बाद एस आई विकास कुमार और आदित्य कुमार को बतौर गाईड लेकर घटना स्थल की जांच हेतु दुलमहा पहुंची के चर्चित रूपेश हत्याकांड की जांच करने दुलमाहा गांव पहुंची। विदित हो कि बीते 6 फरवरी को सरस्वती पूजा के मूर्ति विसर्जन के दौरान कुछ अल्पसंख्यक समुदाय के द्वारा नई टांड़ के रूपेश की क्रूरता से हत्या कर दिया था। जिससे आक्रोशीत लोगो के द्वारा आगजनी जैसे घटनाओं का अंजाम दिया गया था। इस घटना को संसद तक मामला उठाया गया था। इसी घटना की जांच करने सीबीआई की टीम दुलमहा गांव पहुंचकर कई घरों का गहनता से छान बीन करते हुए ग्रामीणों से पूछताछ किया गया। सीबीआई टीम में दो इंस्पेक्टर और दो अन्य पदाधिकारी सहित कुल चार सदस्य शामिल थे। जिसका नेतृत्व रूपेश हत्याकांड के अनुसंधानकर्ता इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार यादव व दुलमाहा आगजनी के अनुसंधानकर्ता सुनील कुमार कुशवाहा कर रहे थे। जबकि सात सदस्यीय फोरेंसिक जांच टीम का नेतृत्व डॉ ए के सिंह कर रहे थे। टीम ने घटना के संबंध में गहनता से जांच किया। इस दौरान पत्रकारों से दूरियां बनाए रखे। सिर्फ इतना ही बताया कि मामले का अनुसंधान पूरी निष्पक्षता से किया जा रहा है।

### सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन, कहा

## भगवान बिरसा मुंडा देश के सभी लोगों के लिए प्रेरणास्रोत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 06 पैंकी बिरसा चौक में बिरसा मुंडा जयंती के शुभ अवसर पर 15 नवंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, जिप सदस्य तपेश्वर महतो, सरस्वती देवी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों द्वारा विधिवत रूप से फीता काटकर किया गया। मौके पर गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जनजातीय समाज के ही नहीं,बल्कि पूरे देश के लिए गौरव थे। उन्होंने अपने धर्म, संस्कृति, जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए



अंग्रेजी हुकूमत से लड़ते हुए महज पचीस वर्ष के अल्पायु में देश के लिए अपना प्राण न्योछावर कर दिया। हम सभी को उनकी जीवनी से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में राजेश राज म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक गीत प्रस्तुत कर लोगों का मन मोहा। मौके पर वार्ड पार्षद चितु महतो, रोशन कुमार, हेमनी देवी, राजेन्द्र महतो, डिया महतो, अरविंद महतो, बबलू करमाली, महेश करमाली, जयकिशोर महतो, करण कुमार, तुलसी महतो, विनोद करमाली, विनोद कुशवाहा,पवन यादव, कैलाश महतो, राजू भुइयां, जानकी यादव, मंगल मुंडा, बरतु महतो, अमरदीप मुंडा, राजू महो,किशोर महतो, शम्भू राम, गुड्डू सिंह, हेमलाल महतो, विनोद कुमार महतो, अशोक यादव, प्रसादी यादव, अशोक बेदिया आदि उपस्थित थे।

### अज्ञात शव की हुई शिनाख्त, मामला प्रेम प्रसंग से संबधित

**बरही।** सोमवार को बरियट्ठा मोड़ पर मिले शव की शिनाख्त हो चुकी है।



मृतक शिवनाथ कुंवर उर्फ मोनू पिता देवनाथ कुंवर जो बिहार के बेगूसराय जिला अंतर्गत बछवारा थाना का निवासी है। मृतक के बहनोई अविनाश राज के अनुसार बीते 12 नवंबर को मृतक अपने तीन दोस्त कन्हैया राम, अजय पासवान और सुमन ईश्वर के साथ गाड़ी में निकला था। उसके बाद से वह सभी गायब है। समाचार पत्रों में छपी खबरों से उन्हें जानकारी मिली। वेलोग पुलिस निरीक्षक ललित कुमार से संपर्क कर बेगूसराय से मृतक के शव लेने के लिए बरही के लिए चल चुके है। फिलहाल मृतक का शव हजारीबाग शीत गृह में रखा हुआ है।

### भगवान बिरसा मुंडा जयंती और राज्य स्थापना दिवस पर समारोह का आयोजन



**बरकट्ठा।** 15 नवंबर भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं झारखंड राज्य स्थापना दिवस को लेकर प्रखंड मुख्यालय में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी कीर्ति बाला लकड़ा द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। समारोह में उपस्थित आगंतुकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बिरसा मुण्डा का जन्म 15 नवम्बर 1875 के दशक में एक छोटे किसान के गरीब परिवार में हुआ था। मुण्डा एक जनजातीय समूह था जो छोटा नागपुर पठार (झारखण्ड) के निवासी थे। 1897 से 1900 के बीच मुंडाओं और अंग्रेज सिपाहियों के बीच युद्ध होते रहे और बिरसा और उसके चाहने वाले लोगों ने अंग्रेजों की नाक में दम कर रखा था। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल ने कहा, आज भी बिहार, उड़ीसा, झारखंड, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल के आदिवासी इलाकों में बिरसा मुण्डा को भगवान की तरह पूजा जाता है। समारोह में प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल, बीपीओ श्याम वर्मा, प्रखंड समन्वयक अजय कुमार ट्रेनर चंदन चटर्जी, रोजगार सेवक उमेश प्रसाद, नारायण प्रसाद, मनोहर रविदास, शिवकुमार वीरेंद्र प्रसाद, अमित तिग्गा, भारत प्रसाद संजय साहू, प्रदीप सिंह समय दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### झामुमो प्रखंड समिति ने भगवान बिरसा मुंडा की मनायी जयंती



**बरकट्ठा।** झारखंड राज्य स्थापना दिवस एवं धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष में झामुमो प्रखंड समिति बरकट्ठा के द्वारा गोरहर में भगवान बिरसा के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद कूदूश अंसारी ने की।मौके पर उपस्थित झामुमो के केंद्रीय सदस्य बासुदेव महतो ने कहा कि आज का दिन हम लोगों के लिए बहुत ही खास है क्योंकि इसी दिन धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का जन्म हुआ था और हमारा झारखंड राज्य बिहार से अलग हुआ था। झारखंड को अलग हुए आज 21 साल बीत चुके हैं लेकिन कहीं ना कहीं आज भी प्रखंड के जो आदिवासी मूलवासी हैं, को उनके हक और अधिकार से वंचित किया जा रहा है ।लेकिन उनके हक और अधिकार के लिए हम लोग लड़ाई जारी रखेंगे। लोगों को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष कुदूश अंसारी ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा सम्राट मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सतत प्रयास कर रहे हैं कि यहाँ के आदिवासी मूलवासी जो राज्य में अपने हक और अधिकार से वंचित थे उन्हें उनका हक हरहाल में मिले। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड का भविष्य उज्जवल है। कार्यक्रम में केंद्रीय सदस्य वासुदेव महतो, प्रखंड अध्यक्ष कुदूश अंसारी, जिला मीडिया प्रभारी प्रमोद गुप्ता, भारत जकात मांझी परगना महाल के अध्यक्ष राम जी बेसरा, सचिव मनोज मुर्मू, रमेश पांडेय, श्यामलाल बास्के, दासो मुर्मू समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### अनुसूचित जनजाति उपयोजना के तहत 140 किसानों को मिला बीज, हुए प्रशिक्षित



**बरही।** अनुसूचित जनजाति उप योजना के तहत भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान गौरियाकरमा एवं भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी के संयुक्त तत्वाधान में डाड़ी प्रखंड के 140 आदिवासी कृषकों को वैज्ञानिक पद्धति द्वारा सब्जियों के उत्पादन करने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षणोरांत कृषकों के बीच सह वितरण भी किया गया। प्रशिक्षण के दौरान निदेशक डॉ तुषार कांति बहरा ने किसानों को विभिन्न सब्जियों के उन्नत किस्मों के जानकारी देते हुए बीज रोपण के समय, तरीकों और देखभाल की जानकारी दी गई। विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ विशाल नाथ पांडेय ने संस्थान में चल रहे अनुसंधान कार्यों एवं किसानों के आय वृद्धि हेतु चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए सब्जी एवं फलों के बेहतर प्रबंधन के बारे में बताया। प्रधान वैज्ञानिक डॉ सुदर्शन मौर्य प्रधान ने टमाटर, मिर्च, बैगन एवं अन्य सब्जियों में लगने वाले रोग एवं कीटो के बेहतर प्रबंधन की जानकारी दी। वैज्ञानिक डॉ सुप्रो जीत राय ने किसानों से फसलों में आने वाली समस्याओं को जानते हुए उसके समाधान के तरीके बताए। इसके अलावा अन्य कृषि वैज्ञानिकों ने भी उपस्थित किसानों को उन्नत उत्पादन में सहायक विभिन्न तरीकों की जानकारी दी। कार्यक्रम का आयोजन कोयलांचल फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी दाढ़ी के तुलसी विश्वकर्मा के सहयोग से किया गया था।

### बड़कागांव पश्चिमी पंचायत भवन में मनायी गयी स्थापना दिवस

**बड़कागांव।** बड़कागांव पश्चिम पंचायत भवन में मुखिया सह मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार की अध्यक्षता में झारखंड स्थापना दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई। उपस्थित अतिथियों ने भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर रंजीत कुमार ने कहा कि हम सभी अपने अपने पंचायत की तीव्र गति से विकास करें तभी बिरसा मुंडा के सपनों का साकार होगा। विकास के लिए प्रयासरत रहें जितना विकास हमारा पंचायत में होगा उसी गति से झारखंड राज उन्नति करेगा। अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास करें। मौके पर मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, चेपा कला मुखिया अनिकेत कुमार नायक, डाड़ीकला मुखिया इलियास अंसारी, सीकरी मुखिया प्रभु महतो, मध्य पंचायत मुखिया तकरीब उल्ला खान, पूर्वी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार साव, मोहम्मद आसीन, जुगनू कुमार आदि उपस्थित थे।

### टाटीझरिया-बेरहो के भलुआ वन में पेड़ों में बांधा रक्षा सूत्र

**दारू।** टाटीझरिया प्रखंड के टाटीझरिया-बेरहो का भलुआ वन रक्षाबंधन की सातवीं वर्षगांठ मंगलवार को बिरसा जयंती के अवसर पर धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर सबसे पहले जंगल में स्थित वेदी पर फूल, बेलपत्र, धूप, दीप और प्रसाद चढ़ाए गए। पर्यावरणविद सुरेंद्र प्रसाद सिंह, सुधा कुमारी और स्थानीय महिलाओं ने वनदेवी की वंदना गीत प्रस्तुत की गई। इसके बाद वनदेवी को आराध्य मानते हुए उपस्थित ग्रामीणों ने नमन किया और जंगल के एक-एक वृक्ष की डालियों पर लाल डोर बांधकर इनकी रक्षा का संकल्प लिया। मौके पर पर्यावरणविद महादेव महतो, प्रमुख संतोष मंडल, डॉ खेमलाल महतो, झुनझुन गुप्ता, जलेश्वर प्रसाद, लालो यादव, चोलो प्रजापति, मुकेश कुमार साव, विपुल चौधरी, कौलेश्वर यादव, बद्री महतो, गोविंद महतो, विभावि स्नातकोत्तर गणित विभाग के विद्यार्थी समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि जंगलों की सुरक्षा से ही हम सब सुरक्षित हैं। केवल जंगल की सुरक्षा ही नहीं बल्कि इनमें निवास करने वाले वन्य प्राणियों की सुरक्षा आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों को आग्रह किया कि वह जंगल की सुरक्षा के प्रति सजग रहें। बताते चलें कि भलुआ वन रक्षाबंधन की स्थापना टाटीझरिया निवासी शिक्षक प्रमोद कुमार गुप्ता एवं उनके सहयोगी महावीर साव ने किया था। उक्त दोनों इस वन प्रांत में पिछले कई वर्षों से अहले सुबह पहुंच कर योगा करते आ रहे हैं। योगा करते-करते उनके मन में आया कि क्यों न इस भलुआ वन में रक्षाबंधन कर इसकी सुरक्षा की जाए और उन्होंने टाटीझरिया, बेरहो, होलंग, डहरभंगा, बौधा के ग्रामीणों को इकट्ठा कर इस जंगल में वृक्षाबंधन की शुरूआत की थी।

### चलकुशा प्रखंड मुख्यालय में मनायी गयी धरती आबा की जयंती

**चलकुशा।** प्रखंड में बीडीओ समरेश प्रसाद भंडारी के नेतृत्व में समारोह आयोजित कर चलकुशा प्रखंड मुख्यालय में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनायी गई। भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर नमन किया। श्रद्धांजलि देने वालों में प्रमुख नितू कुमारी, जेएमएम प्रखंड सह बीस सूत्री अध्यक्ष सलीम अंसारी, मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह, उप प्रमुख शमशेर आलम, जई विजय पाल, मुखिया सुखदेव यादव, पंसस उदित राम, उमेश ठाकुर, शंकर साव, वासुदेव यादव,शमीम अंसारी, साकेत आलम एवं अन्य लोग मौजूद थे।

### झारखंड स्थापना दिवस पर लाभुकों के बीच बांटी परिसंपत्ति

**इचाक।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा और झारखंड स्थापना दिवस पर ब्लॉक सभागार में परिसंपति वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। अध्यक्षता प्रमुख पार्वती देवी ने की और संचालन राजीव आनंद बीपीओ ने किया। बीडीओ रिंकू कुमारी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन गरीबी में गुजरा किंतु उन्होंने गरीबी को कभी बाधा नहीं माना। वह निरंतर जनसेवा से साथ जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाते रहे। यही वजह है कि उन्हें धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की उपाधि मिली। इस मौके पर जरूरतमंद लोगो के बीच परिसंपति का वितरण किया गया। जिनमें सुनीता देवी, इशरत खातून, हेमनी देवी, छोटकी देवी को अंबेडकर आवास, मीना देवी, भुनेश्वर मेहता, नंदो महतो, टेकन साव, तेजानी देवी, देवनाथ साव, साबिया देवी, बैजू कोयरी, माला देवी, लखन प्रजापति को सामाजिक सुरक्षा के तहत कंबल, यशोदा देवी, रामचंद्र मेहता, मीना देवी, बैजू महतो, लोकन ठाकुर, अर्जुन ठाकुर और ललिता देवी को पेंशन की स्वीकृति पत्र जनप्रतिनिधियों के हाथों सौंपा गया। शिविर में सफीक अंसारी, ललिता देवी, प्रेम मेहता, राम प्रकाश मेहता, चंद्रिका यादव, निर्मल गंझू, सुनीता देवी, बदन महतो, कामेश्वर प्रसाद, परमेश्वर साव तथा संदीप मेहता को जॉब कार्ड और दो किसानों को केसीसी का स्वीकृति पत्र दिया गया।

# झारखंड के 22वें स्थापना दिवस पर क्या कहते है बरही के प्रबुद्धजन

**जयदीप कुमार सिन्हा**

**बरही।** राज्य अपनी स्थापना का 22वाँ साल आन वान और शान से मना रहा है। विभिन्न सरकारी और गैरसरकारी संस्थानों में दो दशक के सफर की गाथाएं गाई जा रही है।

### ऐसे में हमारे संवाददाता ने बरही के कुछ गणमान्यों से लिए गए विचार इस प्रकार हैं



**बिनोद विश्वकर्मा :** झामुमो बरही विधान सभा प्रभारी ने लोगो को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि इतने लंबे वर्षो में सिर्फ झामुमो की सरकार ने ही झारखंडियों के हित में काम किया। आज फिर से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन की सरकार ने राज्य में विकास की गाथा लिखी जा रही है। रोटी, कपड़ा और मकान सबको मिले इसके लिए सरकार कृत संकल्पित है। गरीबों को खाने के लिए मात्र एक रुपए किलो अनाज, तन ढकने के लिए सोना सोबरन योजना के मात्र दस रुपए में धोती-साड़ी, रहने के लिये बिरसा आवास, बेरोजगार युवा का पलायन रोकने के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, बेटियो को पढ़ाने के लिए फूलो झानो आशीर्वाद योजना, कर्मचारियों के लिए पेंशन की स्वीकृति, महिलाओ को सखी मंडल के माध्यम से रोजगार हेतु ऋण मुहैया करवाना, पारा शिक्षकों की वर्षो लंबित मांगों को पूरा करना, देश में पहली बार चार वर्षो के राज्य सेवा का पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा लेते हुए पदाधिकारियों को नियुक्त करना आदि कई कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाया गया है। राज्य के प्रत्येक गलियों तक सड़के बनी है, बिजली और पानी पहुंचा है, किसानों को पचास हजार रुपये का ऋण माफ हुआ है, सुखाड़ पीड़ितों को राहत कोष से सहायता प्रदान किए जा रहे है।1932 खतियान और ओबीसी के आरक्षण बढ़ाकर झारखंडियों को सम्मान देने का काम किया गया है। राज्य चहुंमुखी विकास की राह पर चल पड़ा है।



**रमेश ठाकुर :** भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिस आशा और उम्मीद से राज्य का गठन किया गया था वह आज 22 वर्ष बाद भी उदेश्यहीन नजर आ रहा है। राजनेताओं ने राज्य की जनता का सपना को कुठाराघात किया है। आज भी आदिम जनजाति और टाना भगत की स्थिति दयनीय है। गरीब से लेकर पूंजीपति तक परेशान है। खनिज संपदा से भरपूर होने के बावजूद भी झारखंड में उद्योगों का विकास नहीं हो सका है। रोजगार के लिए युवाओं का लगातार पलायन हो रहा है। झारखंड में प्रतिभाओं की कमी नहीं होने के बावजूद भी छात्र परेशान है। हत्या, तानाशाह और नौकरशाह बढ़े है। सरकारी कार्यालयो में अधिकारियों व कर्मियों की कमी, अस्पताल में चिकित्सकों और संसाधनों की कमी है। कई विद्यालय मात्र एक शिक्षक के भरोशे विद्यालय चल रहा है। गरीब आवास और पेंशन लेने के लिए परेशान हो रहे है, दलालों की चांदी हो रही है, व्यवसायी वर्ग परेशान है। देश के दूसरे राज्य से पंजीकृत वाहन मालिकों को अनावश्यक परेशान किया जा रहा है। इन्होंने कहा की सड़क और गली बना देना विकास नहीं है, विकास के लिए राज्यवासियों के जीवनस्तर में सुधार होना चाहिए, जो नगण्य है। राज्य बनने के बाबजूद भी झारखंड यथास्थिति में है।



**इशो सिंह :** राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कृत सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक सह झारखंड पेंशनर कल्याण समाज एवं बरही अनुमंडल बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष ईशो सिंह ने अनुमंडलवासियों सहित समस्त राज्य वासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि तीस से चालीस वर्षों तक राज्य को सेवा देने वाले आज खुद को ठगे महसूस कर रहे है। राज्य सरकार के पास हम वृद्धों के लिए कोई सम्मान की योजना है नहीं है। मात्र एक हजार रुपए का स्वास्थ्य भत्ता दिया जाता है, मंहगाई के दौर में जिससे न तो इलाज संभव है और न ही दवाइयां खरीदी जा सकती है। किसी भी प्रकार का ईलाज या दवा संभव नही है। वृद्धों के तीर्थाटन के लिए कोई योजना नही है। यहां तक कि हवाई यात्रा या रेल यात्रा करने के लिए भी पैसे देने पड़ते है। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि आज पांच वर्षों तक सेवा देने वाले मंत्री और विधायक तिहरे पेंशन के हकदार, निःशुल्क यात्रा और ईलाज करवाते है, सारी सुविधाएं उपलब्ध है जबकि चालीस वर्ष तक सेवा देने वाला कर्मी को कोई सम्मान नहीं दिया जा रहा है। यह सरकार का दोहरा मापदंड कही से भी न्याय संगत नही है।



**डॉ अनिल कुमार :** बरही के जाने माने सर्जन डॉ अनिल कुमार की नजरों में विगत बाइस वर्षो में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में झारखंड में कई सुविधाएं बढ़ी है। सीएचसी स्वास्थ्य केंद्र विक सीत हुआ है। अनुमंडल और जिला अस्पतालों में सुविधाएं विकसित हुई है। कई नए उपकरण लगाए गए है। ममता वाहन और 108 जैसे निःशुल्क सेवाए चालू किए गए है। विभिन्न क्रिटिकल बीमारियों का भी ईलाज राज्य में ही प्रारंभ हुआ है।



**शैलेश कुमार :** आईलेक्स प्लस टू के निदेशक ने बेबाक कहा कि झारखंड आज भी वही है, जो 22 साल पूर्व था। सभी संसाधन और सुविधाएं साधन संपन्न लोगो के लिए है। गरीब अपनी रोजी के लिए मारा फिर रहा है, विद्यार्थी उच्च तकनीक शिक्षा के लिए तो बेरोजगार रोजगार के लिए पलायन कर रहे है, उद्यमियों को संरक्षण नही मिल रहा है, किसानों को बाजार उपलब्ध नही है। आम जनता महंगाई में पीस रही है। योजनाएं सिर्फ कागजों पर है, आम लोगों को लाभ नही मिल रहा है। आईएएस पैसे भरने में मशगूल है, गरीब कर्ज में दबा है।



**मनोज केसरी :** बरही के जाने-माने व्यवसायी मनोज केसरी का मानना है की बीते 22 वर्षो में राज्य सरकार ने व्यवसाय के क्षेत्र में कोई उल्लेखनीय कार्य नही किया है। सरकार की सारी योजनाएं सिर्फ घोषित है, आम लोगों को इसकी जानकारी ही नहीं है। चौका चौराहों पर योजनाओं का प्रचार प्रसार होना चाहिए, ताकि लोग उसका लाभ ले सके। राज्य ने निर्माण उद्योग को बढ़ावा मिलनी चाहिए। बाजार, ट्रांसपोर्टेशन, प्रशिक्षण को बढ़ावा देना चाहिए जो देखने को नहीं मिला। लोगों का ऑनलाइन मार्केटिंग की ओर रुझान बढ़ा है, ऐसे ने ट्रेडिंग बाजार सिमटता नजर आ रहा है, सरकार को इस दिशा में ध्यान देने की आवश्यकता है। कोरोना ने व्यवसायियों को परेशान किया, जिससे कई व्यवसायी बैंकों के ऋण से उबर नहीं पाए, नतीजा उनका सिबिल और स्कोर खराब हो गया। बैंकर्स अब ऋण देने से कतराते है। कुल मिलाकर व्यवसाय के क्षेत्र में झारखंड यथास्थिति में है।

## न्यूज गैलरी

### पोलार्ड ने खिलाड़ी के तौर पर आईपीएल को कहा अलविदा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 क्रिकेट में सबसे आक्रामक खिलाड़ियों में से एक कीरोन पोलार्ड ने मंगलवार को लीग की शीर्ष टीम मुंबई इंडियन्स के साथ 13 सत्र बिताने के बाद खिलाड़ी के तौर पर इंडियन प्रीमियर लीग के करियर को अलविदा कह दिया। वेस्टइंडीज के 35 साल के पोलार्ड आईपीएल में अभी कुछ और साल खेलना चाहते थे, लेकिन पांच बार की चैम्पियन टीम के साथ चर्चा के बाद उन्होंने आईपीएल से संन्यास लेने का फैसला किया। पोलार्ड के नाम आईपीएल में 189 मैचों में 3412 रन है। उन्होंने 2010 में इस टीम के लिए पदार्पण किया था। वह हालांकि फ्रेंचाइजी के साथ जुड़े रहेंगे और टीम के नये बल्लेबाजी कोच होंगे। फ्रेंचाइजी से जारी बयान में पोलार्ड ने कहा कि मेरे लिये यह फैसला करना आसान नहीं था, क्योंकि मैं कुछ और साल खेलना चाहता था, लेकिन मुंबई इंडियंस के साथ चर्चा के बाद मैंने आईपीएल करियर को खत्म करने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि इस अविश्वसनीय फ्रेंचाइजी ने इतना कुछ हासिल किया है और मैं समझता हूं कि अब उस में कुछ बदलाव की जरूरत है। अगर मैं अब मुंबई की टीम के लिए नहीं खेलता हूं तो खुद को इस टीम के खिलाफ खेलते हुए नहीं देख सकता हूं।

### नोवाक जोकोविच ने एटीपी फाइनल्स में लगातार 9वीं बार सिटसिपास को हराया

**तूरिन (एजेंसी)।** सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने स्टेफानोस सिटसिपास को एटीपी फाइनल्स में लगातार नौवीं बार हराते हुए पहला मैच 6-4, 7-6 से जीता। 21 बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन जोकोविच ने अस्ताना, कजाखस्तान और पेरिस मास्टर्स में सिटसिपास को हराया था। सिटसिपास पिछले तीन साल से अधिक समय से जोकोविच को हरा नहीं सके हैं। इससे पहले आंद्रेइ रूबलेव ने रूस के ही दानिल मेदवेदेव को 6-7, 6-3, 7-6 से हराया। इस मैच के बाद रूबलेन ने यूक्रेन में चल रहे युद्ध का जिक्र करते हुए टीवी कैमरों के सामने शांति, शांति, शांति, हमें यही चाहिए कहा। रूबलेव और मेदवेदेव के साथ रूस और बेलारूस के सभी खिलाड़ी अपने राष्ट्रध्वज के बिना खेल रहे हैं और उनके नाम के साथ देश का नाम भी नहीं लिखा है। यूक्रेन पर रूस के हमले के कारण खेलों में दोनों देशों पर काफी प्रतिबंध लगाये गये हैं। रूबलेव ने फरवरी में भी रूस के हमले के बाद टीवी कैमरों के सामने कहा था कि हमें युद्ध नहीं चाहिए। रूस ने हाल ही में यूक्रेन के खेरसन से सेना हटा ली है।

### टी-20 वर्ल्ड में हारने के बाद बीसीसीआई ने बनाया खास प्लान

# एमएस धोनी की भारतीय टीम में फिर होगी वापसी

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया में खेले गये टी-20 वर्ल्ड कप 2022 के सेमीफाइनल में हारने के बाद टीम इंडिया देश वापस लौट चुकी है। हालांकि, कुछ खिलाड़ी आस्ट्रेलिया से ही न्यूजीलैंड के लिए रवाना हो गए थे। इस विश्व कप में इंग्लैंड ने दमदार प्रदर्शन के बूते दूसरी बार खिताब अपने नाम किया है। वहीं, दूसरी तरफ टीम इंडिया अच्छी शुरूआत के बाद भी सेमीफाइनल में इंग्लैंड से हारकर बाहर हो गई। इस हार के बाद टीम इंडिया के कप्तान समेत सभी खिलाड़ियों को आलोचना का शिकार होना पड़ रहा है। फैंस और क्रिकेटर अब टीम इंडिया के चैंपियन कप्तान एमएस धोनी को याद कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि बीसीसीआई जल्द ही फैंस को एक बड़ी खुशखबरी देने वाला है और वह भी धोनी एक बार फिर से टीम इंडिया से जोड़कर।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बीसीसीआई के अधिकारी मानते हैं कि टीम इंडिया के कोच राहुल द्रविड़ के लिए अब तीनों फॉर्मेट को संभालना मुश्किल हो गया है। वर्कलोड मैनेजमेंट के लिए बीसीसीआई अब कोच के रोल को बांटना चाह रहा है। इसलिए बोर्ड अब टीम इंडिया के टी-20 एक्सपर्ट महेंद्र सिंह धोनी को टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के मद्देनजर डायरेक्टर की भूमिका में



वापस लाने की की तैयारी कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, इसका फैसला बीसीसीआई आगामी एपेक्स काउंसिल की बैठक के दौरान ले सकता है।

### पूरी तरह रिटायर होंगे धोनी

**रिपोर्ट** में यह भी कहा जा रहा है कि आईपीएल 2023 के बाद महेंद्र सिंह धोनी क्रिकेट से पूरी तरह से रिटायर हो सकते हैं। इसके बाद बीसीसीआई धोनी की स्किल्स का अच्छे से उपयोग कर टीम इंडिया को फायदा पहुंचा सकता है। बीसीसीआई धोनी को कुछ खिलाड़ियों के साथ कार्य करने और उनके प्रदर्शन को निखारने के काम में लगा सकता है।

### पूरी तरह फेल रहे रोहित शर्मा

**बता** दें कि टी-20 वर्ल्ड कप 2022 में टीम इंडिया को इंग्लैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। जबकि इससे पहले भारतीय टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही थी। वह अपने ग्रुप में टॉप पर थी, लेकिन इंग्लैंड के सामने कप्तान रोहित शर्मा न तो बल्ले से कुछ कमाल कर सके और न ही कप्तान के तौर पर कुछ ऐसा कर पाये, जिसे याद किया जाये।

# रोहित शर्मा वर्ल्ड कप में थे रिमोट कप्तान : पूर्व क्रिकेटर

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया के पूर्व खिलाड़ी अतुल वासन ने रोहित शर्मा की कप्तानी पर एक

- कंट्रोल किसी और के हाथ में था, छिपते फिर रहे थे हिटमैन



बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि रोहित शर्मा तो रिमोट कप्तान थे। फैसले तो टीम मैनेजमेंट ले रहा था। रोहित मैदान पर खुद को छिपाने की कोशिश करते दिखे। यही नहीं, वासन ने तो यह भी कहा कि कप्तान के तौर पर रोहित शर्मा का करियर खत्म हो चुका है। ऑस्ट्रेलिया में खेले गये टी-20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम को इंग्लैंड से सेमीफइनल में शर्मनाक 10 विकेटों की हार का सामना करना पड़ा था। अतुल वासन ने एक इंटरव्यू में कहा- मुझे ऐसा लगता है कि रोहित शर्मा का टी-20 कप्तान के तौर पर करियर खत्म हो चुका है। आप हमेशा दो वर्ल्ड कप के लिए कप्तान को चुनते हैं, लेकिन मुझे ऐसा नहीं लगता है कि भारतीय क्रिकेट टीम ऐसा कर पायेगी। इस इन्वेस्टमेंट से कुछ नहीं मिला। उन्हें कप्तान के तौर पर रिटेन नहीं किया जा सकता है। बता दें कि 2021 टी-20 वर्ल्ड कप के बाद रोहित शर्मा ने विराट कोहली की जगह टीम की कप्तानी संभाली थी। वासन ने भारतीय टीम के भविष्य के कप्तान के बारे में बात करते हुए कहा- मेरे हिसाब से हार्दिक पंड्या और ऋषभ पंत के रूप में टीम की कप्तानी करने के लिए दो विकल्प हैं। मैं अभी भी विश्वास नहीं कर पा रहा हूं कि ऑस्ट्रेलिया में क्या हुआ? इंग्लैंड के खिलाफ एडिलेड और पाकिस्तान के खिलाफ शारजाह में जो हुआ उसपर विश्वास कर पाना नामुमकिन है। बता दें कि दोनों ही मैचों में भारत को 10 विकेटों की शर्मनाक हार मिली थी। हिटमैन की कप्तानी के बारे में बात करते हुए कहा कि मुझे नहीं लगता कि आप रोहित शर्मा की कप्तानी को आप इस हार के लिए जिम्मेदार ठहरा सकते हैं। यह टीम मैनेजमेंट था, जो हर फैसले ले रहा था। रोहित शर्मा ने तो कुछ नहीं किया। उन्होंने एक भी फैसला नहीं किया। वह तो मैदान पर छिपने कोशिश करते दिखे।

# तीन टी-20 और तीन एक दिवसीय मैचों के लिए न्यूजीलैंड ने की टीम की घोषणा

### भारत के खिलाफ सीरीज के लिए न्यूजीलैंड ने बोल्ट और गुप्टिल को टीम से रखा बाहर

**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने नये दौर में प्रवेश का अंदेशा देते हुए अनुभवी ओपनर मार्टिन गुप्टिल और तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट को भारत के खिलाफ होनेवाली सीमित ओवर श्रृंखलाओं के लिए टीम में शामिल नहीं किया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने मंगलवार को तीन टी-20 और तीन एक दिवसीय मैचों के लिए टीम की घोषणा करते हुए बताया कि केन विलियम्सन ब्लैक कैप्स की कमान संभालेंगे। गप्टिल के स्थान पर फिन ऐलन को बतौर सलामी बल्लेबाज 15-सदस्यीय स्क्वाड में शामिल किया गया है। ऐलन ने हाल ही में समाप्त हुए टी-20 विश्व कप 2022 में भी न्यूजीलैंड के लिए सलामी



बल्लेबाज की भूमिका निभाई थी, और अब वह एकदिवसीय टीम में भी मुख्य सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभा सकते हैं। दूसरी ओर बोल्ट इस साल की शुरुआत में अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने और दुनिया भर की घरेलू लीगों में ध्यान केंद्रित करने के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ अपने अनुबंध को तोड़ने का फैसला करने के बाद उन्हें टीम में जगह नहीं दी गयी।

न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि बोल्ट और गुप्टिल को टीम से बाहर रखने का फैसला मुश्किल था। स्टीड ने कहा कि जब ट्रेंट ने अगस्त में अपने एनजेडसी अनुबंध से तोड़ने का फैसला किया, तो हमने संकेत दिया कि उन खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जाएगी जिनके पास केंद्रीय या घरेलू अनुबंध हैं, और यहां ऐसा ही हुआ। उन्होंने कहा कि हम सभी ट्रेंट की विश्व स्तरीय क्षमता को जानते हैं, लेकिन इस समय जैसे-जैसे हम और अधिक वैश्विक आयोजनों की ओर बढ़ रहे हैं, हम दूसरों को अवसर और अनुभव देना चाहते हैं। सीमित ओवर क्रिकेट में शीर्ष क्रम में फिन के उभरने और सफलता का मतलब है कि मार्टिन गप्टिल के वर्ग का एक खिलाड़ी टीम में जगह नहीं बना सकेगा। यह उच्च प्रदर्शन वाले खेल की प्रकृति है।

## अल्माटी में होगी विश्व रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज चैम्पियनशिप

**कजाकिस्तान (एजेंसी)।** दुनियाभर में सबसे तेजी से लोकप्रिय होते शतरंज के फटाफट फॉर्मेट की विश्व चैम्पियनशिप की घोषणा हो गयी है। विश्व चैम्पियनशिप का आयोजन कजाकिस्तान के सबसे बड़े महानगर और पहाड़ों की तलहटी में बसे अल्माटी में होगा। चैम्पियनशिप 25 दिसम्बर (आगमन और उद्घाटन) और 30 दिसम्बर (अंतिम राउंड और समापन) के बीच बीते पांच वर्षों से अपनी पारंपरिक तिथियों पर खेली जायेगी। विश्व रैपिड शतरंज का वर्तमान खिताब पुरुष वर्ग में उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तारोव नोदिरबेक तो महिला वर्ग में रूस की अलेक्जेंड्रा कोस्टेनियुक के पास है। भारत से विश्वनाथन आनंद नें 2017 में पुरुष वर्ग में तो महिला वर्ग में कोनेरु हम्पी नें 2019 में विश्व रैपिड खिताब अपने नाम किया था। ब्लिट्ज में वर्तमान विश्व खिताब पुरुष वर्ग में फ्रांस के मकसीम लागरेव और महिला वर्ग में बीबिसारा अस्सायुबाएवा के पास है।

## खेल पुरस्कारों का ऐलान, टेटे खिलाड़ी शरत कमल को खेल रत्न

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2022 के लिए खिलाड़ियों और कोच के नाम का ऐलान हो चुका है। टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल अंचता को खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया है। अर्जुन अवॉर्ड के लिए 25 खिलाड़ियों को चुना गया है। सात कोच द्रोणाचार्य अवॉर्ड से सम्मानित होंगे। वहीं, चार खिलाड़ी ध्यानचंद अवॉर्ड से सम्मानित किये जायेंगे। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू 30 नवम्बर को सभी खिलाडियों और कोच को ये पुरस्कार देंगी। मेजर ध्यानचंद खेल पुरस्कार हासिल करनेवाले शरत कमल अचंता कई सालों से टेबल टेनिस में भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। इस साल राष्ट्रमंडल खेलों में भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्हें इस पुरस्कार के लिए चुना गया है। अर्जुन अवॉर्ड जीतनेवाले खिलाड़ियों में भी अधिकतर खिलाड़ी राष्ट्रमंडल खेल 2022 में भारत के लिए पदक लेकर आये थे।

**अर्जुन अवॉर्ड जीतने वाले खिलाड़ी :** सीमा पुनिया (एथलेटिक्स), एल्डहॉस पॉल (एथलेटिक्स), अविनाश मुकंद साबले (एथलेटिक्स), लक्ष्य सेन (बैडमिंटन), एचएस प्रणय (बैडमिंटन), अमित पंघाल (बॉक्सिंग),निकहत जरीन (बॉक्सिंग), भक्ति प्रदीप कुलकर्णी (चेस), रमेशबाबू प्रज्ञानानंदा (चेस), दीप ग्रेस इक्का (हॉकी), शुशीला देवी (जूडो), साक्षी कुमारी (कबड्डी), नयन मोनी साक्या (लॉन बॉल), सागर कैलास ओवहलकर (मलखंभ), एलावेनिवलारिवन (शूटिंग), ओमप्रकाश मिथरवाल (शूटिंग), श्रीजा अकुला (टेबल टेनिस), विकास ठाकुर (वेटलिफ्टिंग), अंशु(कुश्ती), सरिता(कुश्ती), प्रवीण (वुशू), मानसी गिरिशचंद्र जोशी (पैरा बैडमिंटन), तरूण ढिल्लों (पैरा बैडमिंटन), स्वप्निल संजय पाटिल (पैरा स्विमिंग), जेर्लिन अंकिता जे (डीफ बैडमिंटन)।

# आस्ट्रेलिया दौरे के लिए पुरूष हॉकी टीम की घोषणा



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** अनुभवी ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह आगामी आस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत की 23 सदस्यीय पुरूष हॉकी टीम के कप्तान होंगे। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को टीम की घोषणा की। भारतीय टीम 26 नवम्बर से एडीलेड में शुरू हो रहे दौरे पर पांच मैच खेलेगी जो अगले साल होनेवाले विश्व कप की तैयारी के लिए अहम है। एफआईएच विश्व कप 13 से 29 जनवरी तक भुवनेश्वर और राउरकेला में खेला जायेगा। अमित रोहिदास को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। भारतीय हॉकी टीम के मुख्य कोच ग्राहम रीड ने एक विज्ञप्ति में कहा कि आगामी आस्ट्रेलिया दौरा एफआईएच हॉकी विश्व कप 2023 के प्रबल दावेदारों में से एक के खिलाफ खुद को जांचने का सुनहरा मौका है। उन्होंने कहा कि हमने अनुभवी खिलाड़ियों के साथ युवाओं को भी चुना है ताकि अपनी टीम की गहराई का आकलन कर सकें।

फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह, दिलप्रीत सिंह, अभिषेक और सुखजीत सिंह होंगे जबकि मध्यक्रम की कमान गुरजंत सिंह, आकाशदीप सिंह, मोहम्मद रहील मौसीन, राजकुमार पाल, नीलाकांता शर्मा, शमशेर सिंह, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह और सुमित संभालेंगे। डिफेंस का जिम्मा वरूण कुमार, जरमनप्रीत सिंह, सुरेंदर कुमार, हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, मनदीप मोर और नीलम संजीप सेस पर होगा। हाल ही में एफआईएच प्रो लीग में न्यूजीलैंड पर मिली दोहरी जीत में हरमनप्रीत टीम के कप्तान थे। स्पेन के खिलाफ मुकाबला 1-1 से बराबर रहा था।

**भारतीय टीम : -**

**गोलकीपर :** कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश।
**डिफेंडर :** वरूण कुमार, जरमनप्रीत सिंह, सुरेंदर कुमार, हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, मनदीप मोर और नीलम संजीप सेस।
**मिडफील्डर :** गुरजंत सिंह, आकाशदीप सिंह, मोहम्मद रहील मौसीन, राजकुमार पाल, नीलाकांता शर्मा, शमशेर सिंह, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह और सुमित।
**फॉरवर्ड :** मनदीप सिंह, दिलप्रीत सिंह, अभिषेक और सुखजीत सिंह।

# धोनी ने टेनिस टूर्नामेंट का जीता खिताब

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महान विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद अब टेनिस में झंडे गाड़ रहे हैं। धोनी ने रांची के जेएससीए स्टेडियम में कंट्री क्रिकेट क्लब टेनिस टूर्नामेंट के डबल्स में खिताब अपने नाम किया। इस दौरान दूसरे प्लेयर के रूप में उन्हें सुमित बजाज का साथ मिला जो एक बार फिर से इस टूर्नामेंट के चैम्पियन बने।

कंट्री क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित टेनिस टूर्नामेंट का फाइनल कन्हैया और रोहित के खिलाफ गुरुवार शाम को खेला गया और धोनी-बजाज की जोड़ी ने 6-2 से बढ़त बनायी। हालांकि, खराब लाइटिंग के कारण मैच पूरा नहीं हो सका और बाकी के दो सेट सोमवार को करवाने का फैसला लिया गया जिसमें धोनी और बजाज ने जीत दर्ज करते हुए पुरुष डबल्स में खिताब अपने नाम किया। धोनी ने प्रतिभागियों को खुद ट्रॉफी प्रदान की। इसी के साथ ही उन्होंने अकादमी में लॉन टेनिस सीख रहे बच्चों को ऑटोग्राफ बल्ला देकर सम्मानित किया। गौर हो कि धोनी विश्व क्रिकेट में सबसे सफल कप्तान हैं जिन्होंने कप्तान के रूप में टीम को आईसीसी टी-20 विश्व कप और वनडे विश्व जीताया है। उन्होंने सितम्बर 2020 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से पूर्ण रूप से संन्यास ले लिया था और उसके बाद से वह आईपीएल में नजर आ रहे हैं।

# हार्दिक पांड्या बन सकते हैं भारत के अगले कप्तान!

### न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने कहा - हार्दिक खेल के सुपरस्टार

**वेलिंगटन (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहने के बाद टीम इंडिया एक नई शुरूआत करने की कोशिश कर रही है। टीम इंडिया टी-20 और वनडे सीरीज के माध्यम से अगले साल होने वाले वनडे सीरीज और 2024 में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप की तरफ देख रही होगी। 2024 में होनेवाले टी-20 विश्व कप के लिए हार्दिक पांड्या को कप्तान बनाए जाने की तरफदारी पूर्व क्रिकेटर और क्रिकेट एक्सपर्ट कर रहे हैं। इसी पर अपनी राय न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने दी है। हालांकि, चयनकर्ताओं ने अभी तक ऑस्ट्रेलिया में भारत के विश्व कप अभियान का आकलन नहीं किया है और न ही कप्तान के रूप में रोहित के भविष्य के बारे में कोई फैसला किया है। उनको न्यूजीलैंड के दौरे पर आराम दिया गया है और ऐसे में न्यूजीलैंड में 18 नवम्बर से शुरू हो रही टी-20 सीरीज के कप्तान हार्दिक पांड्या और वनडे टीम की कप्तानी शिखर धवन संभाले नजर आयेंगे।



हार्दिक पांड्या टी-20 क्रिकेट में एक कप्तान के रूप में प्रभावी नजर आए। उन्होंने इस साल की शुरूआत में गुजरात टाइटन्स को अपनी पहली आईपीएल ट्रॉफी जिताने में मदद की। पांड्या ने आयरलैंड के खिलाफ भी टी-20 सीरीज में टीम इंडिया की कप्तानी की थी और देश को सीरीज जिताई थी। टी-20 वर्ल्ड कप 2022 में भी हार्दिक पांड्या का प्रदर्शन शानदार था। उन्होंने गेंद और बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया था। सीरीज से पहले प्राइम वीडियो पर बात करते हुए केन विलियमसन ने हार्दिक पांड्या के भविष्य में कप्तान बनने पर बात की और कहा कि हार्दिक जाहिर तौर पर खेल के सुपरस्टार हैं। मैंने कई मौकों पर उनके खिलाफ खेला। वह दुनिया के बड़े मैच विजेताओं में से एक है। सबसे अलग बात यह है कि वह एक ऑलराउंडर हैं, उसकी गेंदबाजी वास्तव में अच्छी चल रही है। बल्ले पर गेंद भी अच्छी आ रही है। वह एक खास क्रिकेटर हैं। विलियमसन ने आगे कहा कि जहां तक उनके नेतृत्व क्षमता की बात है, मैं उनके साथ नहीं खेला हूं तो मुझे बिल्कुल नहीं पता, लेकिन उन्हें आईपीएल में काफी सफलता मिली है। भारतीय टीम में नेतृत्व के लिहाज से उन्हें कई महान और अनुभवी खिलाड़ी मिले हैं। इसलिए रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों के नेतृत्व में उनका मार्गदर्शन काफी मददगार होगा।



## न्यूज गैलरी

### सीतारमण ने की एनएमपी की समीक्षा



नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन (एनएमपी) में तक हुयी प्रगति की समीक्षा की। श्रीमती सीतारमण के साथ ही इस समीक्षा बैठक में वित्त सचिव, नीति आयोग के सीईओ, आर्थिक मामलों के सचिव, के साथ ही पर्यटन, पेट्रोलियम , दूरसंचार विभाग, नागर विमानन मंत्रालय, शिपिंग मंत्रालय, कोयला मंत्रालय, खान एवं खनन मंत्रालय के साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय के अधिकारियों ने भाग लिया। एनएमपी के तहत सरकार विभिन्न मंत्रालयों की संपत्तियों का मुद्रीकरण कर धनराशि जुटा कर विभिन्न इंफ्रा परियोजनाओं में लगा रही है।

### भारत से कैरेबियाई देशों को निर्यात बढ़ाने का भरपूर अवसर



नयी दिल्ली। हाल के वर्षों में भारत और कैरेबियाई देशों के बीच व्यापार में तीव्र वृद्धि दर्ज की गई है और रिफाइंड पेट्रोलियम, इलेक्ट्रॉनिक्स, परिवहन, दालें, ऑप्टिकल उपकरण के साथ-साथ पशुओं अथवा वनस्पति से प्राप्त वसा और तेल इत्यादि के जरिए भारतीय निर्यात को बढ़ाया जा सकता है। भारत और कैरेबियाई देशों के बीच 2001 में 5.24 करोड़ डॉलर का व्यापार था, जो 2021 तक आते-आते बढ़कर 1.7 अरब डॉलर तक पहुंच गया। भारतीय निर्यात-आयात बैंक (इंडिया एक्ज़िम बैंक) और कैरेबियाई निर्यात विकास एजेंसी (सीईडीए) के संयुक्त शोध अध्ययन में यह खुलासा हुआ है। भारत-कैरीफोरम सहयोग के लिए आपसी आर्थिक संबंधों और संभावनाओं को बढ़ाना शीर्षक से जारी इस रिपोर्ट में भारत और कैरेबियाई क्षेत्रों के लिए व्यापार, निवेश और परस्पर सहयोग के क्षेत्रों में मौजूद विभिन्?न अवसरों का उल्लेख किया गया है। कैरेबियाई क्षेत्र के देशों के साथ भारत की आर्थिक गतिविधियां अपनी वास्तविक क्षमता से कम रही हैं। इन अर्थव्यवस्थाओं का अलग-अलग आकार तथा इनसे भौगोलिक दूरी और कनेक्टिविटी इसके मुख्य कारण रहे हैं। तथापि, यह उल्लेखनीय है कि कैरेबियाई क्षेत्र में 2021 में 3.34 करोड़ की जनसंख्या और 18.53 अरब डॉलर का कुल सकल घरेलू उत्पाद रहा। कैरेबियाई देशों ने दुनिया के प्रमुख व्यापारिक देशों के साथ कई व्यापार करार किए हुए हैं। इसे देखते हुए भारतीय व्यवसाय जगत के लिए कैरेबियाई क्षेत्र में तो अपार संभावनाएं हैं ही, इसके अलावा यह क्षेत्र भारत के लिए विश?व के दूसरे हिस्सों के लिए भी प्रवेश द्वार साबित हो सकता है।

### पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर, कच्चा तेल 96 डॉलर प्रति बैरल के पार



नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में तेजी का रुख बना हुआ है। हफ्ते के पहले दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 96.37 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई 89.25 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक सोमवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। मुंबई में पेट्रोल का भाव 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल की कीमत 92.76 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में तेजी बनी हुई है। आज ब्रेंट क्रूड 0.36 फीसदी यानी 0.35 डॉलर की उछाल के साथ 96.34 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.33 फीसदी यानी 0.29 डॉलर की तेजी के साथ 89.25 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

### केंद्रीय मंत्री से देश के अलग-अलग हिस्सों में इस तरह के ट्रेड फेयर लगाने का अनुरोध कर रहे हैं

# केरल इस साल एक लाख उद्यमियों को इन्क्यूबेट करेगा : वित्त मंत्री

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले के 41वें संस्करण के शुभारंभ के साथ ही इसमें केरल पवेलियन का हुआ उद्घाटन। केरल के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल ने इस अवसर पर कहा कि राज्य एक प्रमुख विनिर्माण केंद्र बनने और देश में बढ़ते आंतरिक व्यापार और सेवाओं को भुनाने के अपने प्रयास के तहत नए उद्यमिता को आक्रामक रूप से बढ़ावा दे रहा है। मंत्री ने कहा कि राज्य केरल स्वाद के अधिक उत्पादों का उत्पादन करने के लिए इस साल 1 लाख नए उद्यमी बनाने की योजना बना रहा है। मंत्री ने कहा कि केरल में पर्यटन, खेल और स्थानीय कारीगरों पर आधारित अद्वितीय बिक्री वाले उत्पाद हैं और राज्य उनका राष्ट्रीय स्तर पर विपणन करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने कहा हम इस साल 60 लाख नए एसएमई



और 1 लाख नए उद्यम शुरू करने की योजना बना रहे हैं। इस तरह की प्रदर्शनियां राज्य के एसएमई के लिए फायदेमंद हैं। हम हर गांव में ज्यादा से ज्यादा उद्यमी पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। हम उनकी वकालत कर रहे हैं। उन्होंने केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से देश के विभिन्न हिस्सों में, विशेष रूप से अन्य राज्यों की राजधानियों में, स्थानीय रूप से निर्मित चीजों को राष्ट्रीय स्तर पर बाजार में लाने

> हम हर गांव में ज्यादा से ज्यादा उद्यमी पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। जिससे लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंच सके।

के लिए और अधिक व्यापार मेले आयोजित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा किसी चीज का उत्पादन करना आसान है, उसकी मार्केटिंग करने से ज्यादा आसान है। मार्केटिंग एक कठिन काम है। इसलिए हमें अपनी स्थानीय स्तर पर बनी चीजों की मार्केटिंग के लिए और मेलों की जरूरत है। हम केंद्रीय मंत्री से देश के अलग-अलग हिस्सों में इस तरह के ट्रेड फेयर लगाने का अनुरोध कर रहे हैं। जैसा कि नारा कहता है, हमें स्थानीय चीजों के बारे में मुखर होना होगा। व्यापार मेले में केरल पवेलियन में कृषि, हर्बल, हथकरघा, आयुर्वेदिक, मसालों और वस्त्र उत्पादों को प्रदर्शित करने वाले लगभग 30 स्टॉल हैं। इस आयोजन में उनतीस राज्य और केंद्र शासित प्रदेश भाग ले रहे हैं। ट्रेड फेयर में केरल और उत्तर प्रदेश फोकस स्टेट्स के तौर पर हिस्सा ले रहे हैं। बिहार, झारखंड और महाराष्ट्र भागीदार राज्य हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने राजधनी के प्रगति मैदान में 14 दिवसीय मेगा इवेंट का उद्घाटन किया। इस वर्ष व्यापार मेले की थीम वोकल फॉर लोकल, लोकल टू ग्लोबल है। उद्घाटन समारोह के दौरान वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल भी मौजूद थी। व्यापार मेला व्यापार समुदाय के लिए एक प्रमुख आयोजन के रूप में विकसित हुआ है। यह भारत व्यापार संवर्धन संगठन, सरकार की नोडल व्यापार संवर्धन एजेंसी द्वारा आयोजित एक प्रमुख कार्यक्रम है।

## वेंचर कैटलिस्ट्स समर्थित 54 कंपनियों ने पांच करोड़ डॉलर का वैल्यूएशन किया पार

**मुंबई (एजेंसी)।** एकीकृत इनक्यूबेटर और शुरूआत से लेकर विकास चरण वाले स्टार्टअप के लिए फुल स्टैक निवेशक वेंचर कैटलिस्ट्स ग्रुप ने घोषणा की है कि इसके पोर्टफोलियो स्टार्टअप में से लगभग 54 ने इस साल पांच करोड़ डॉलर से अधिक का वैल्यूएशन (मूल्यांकन) हासिल कर लिया है। कंपनी ने कहा कि चुनौतीपूर्ण समय की वजह से इस साल फंडिंग में 70 प्रतिशत की गिरावट आई, लेकिन इसके बावजूद वेंचर कैटलिस्ट्स काफी तेजी से बढ़ा और अब यह 33 यूनिकॉर्न और 100 से अधिक मिनीकॉर्न बन चुके हैं। पिछले एक साल में कम से कम दो दर्जन कंपनियों का मूल्यांकन 10 करोड़ डॉलर को पार कर गया है और लगभग तीन स्टार्टअप - शिप्रॉकेट, भारतपे और वेदांतु ने यूनिकॉर्न का दर्जा हासिल किया है। वेंचर कैटालिस्ट्स ग्रुप एक अर्ली-टू-ग्रोथ



(शुरूआती से लेकर विकास चरण तक) स्टेज फंड है जिसमें शुरूआती स्टेज से लेकर सेक्टर फोकस्ड तक के पांच फंड शामिल हैं। कंपनी ने पहली बार 2020 में अपना 15 करोड़ डॉलर का एक्सीलेरेटर फंड लॉन्च किया था। इसके बाद कंपनी ने चार और फंड लॉन्च किए हैं, जिसमें वेंचर कैटालिस्ट्स एंजेल फंड, 20 करोड़ डॉलर का फिनटेक फोकस्ड फंड बीम्स, प्रॉपटेक फंड स्पायर, और 20 करोड़ डॉलर का ग्रोथ स्टेज सेक्टर एग्नोस्टिक फंड इलेव8 शामिल है। समूह के पास 300 से अधिक स्टार्टअप का एक संयुक्त पोर्टफोलियो है, जिसका समेकित मूल्यांकन लगभग 10 अरब डॉलर आंका गया है।

## खाद्य पदार्थों की कीमतों में आयी नरमी से नरम पड़ी खुदरा महंगाई : वित्त मंत्रालय

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा महंगाई के सितंबर 2022 की तुलना में अक्टूबर 2022 में नरम पड़ने पर वित्त मंत्रालय ने कहा है कि खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट से यह कमी आयी है। मंत्रालय ने कहा कि सितंबर में खुदरा महंगाई 7.41 प्रतिशत थी जो अक्टूबर में घटकर 6.77 प्रतिशत पर आ गयी। इसी तरह से खाद्य पदार्थों की महंगाई भी सितंबर के 8.6 प्रतिशत की तुलना में अक्टूबर 2022 में घटकर 7.01 प्रतिशत पर आ गयी। सब्जियों, फलों, दालों के साथ ही तेल एवं वसा की कीमतों में नरमी के कारण खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट आयी



है। उसने कहा कि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल और लौह अयस्क की कीमतों पर दबाव रहा। इसके साथ ही घरेलू स्तर पर सरकार द्वारा कच्चे माल पर शुल्कों को तर्कसंगत बनाये जाने का असर भी हुआ है और घरेलू स्तर पर आपूर्ति सुधार का असर भी दिखा है।

## साई सिल्क्स को आईपीओ से 1,200 करोड़ रुपए जुटाने की मंजूरी मिली

**नई दिल्ली।** पारंपरिक परिधानों की विक्रेता साई सिल्क्स (कलामंदिर) लिमिटेड को बाजार नियामक सेबी से आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए 1,200 करोड़ रुपए जुटाने की मंजूरी मिल गई है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास जमा कराए गए मसौदा दस्तावेज के मुताबिक, आईपीओ के तहत 600 करोड़ रुपए मूल्य के नए शेयर जारी किए जाने के साथ ही प्रवर्तकों की तरफ से 18,048,440 इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश भी की जाएगी। सेबी ने मंगलवार को अपनी वेबसाइट पर इस आईपीओ को मंजूरी देने की जानकारी दी। इस तरह आईपीओ लाने का रास्ता साफ हो गया है। बाजार सूत्रों के मुताबिक, इस निर्गम से साई सिल्क्स को करीब 1,200 करोड़ रुपए मिलने की उम्मीद है।

## रिजर्व बैंक ने 9 बैंकों पर लगाया 12 लाख रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने 9 बैंकों पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। आरबीआई ने जिन 12 बैंकों पर यह जुर्माना लगाया है, उनमें छह को-ऑपरेटिव बैंक और 3 सहकारी बैंक शामिल हैं। बैंक नियामक ने इन बैंकों पर बैंकिंग नियमों को तोड़ने के कारण यह जुमार्ना लगाया है। आरबीआई ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि इन बैंकों पर बैंकिंग नियमों का उल्लंघन करने के लिए जुर्माने के तौर पर कुल 11.60 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। इसमें बेरहमपुर को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक (ओडिशा) पर 3.10 लाख रुपये, उस्मानाबाद जनता सहकारी बैंक (महाराष्ट्र) पर 2.5 लाख रुपये और संतराम अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक (महिसागर, गुजरात) पर 2 लाख रुपये का जुमार्ना लगा है।

## अपनी संपत्ति को दान करना आसान काम नहीं : बाईजूस

> ◆श्री बाईजूस से पूछा गया था कि क्या वे अपने संपत्ति को दान करने का इरादा रखते हैं। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि मुझे लगने लगा है कि परमार्थ का काम करना कोई आसान काम नहीं है।




**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** ऑनलाइन बाजार प्लेटफार्म अमेजन के संस्थापक एवं पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेफ बेजोस ने पहली बार कहा है कि वह अपनी ज्यादातर संपत्ति अपने जीवनकाल में दान करने की इच्छा रखते हैं। उनकी संपत्ति 124 अरब डॉलर आंकी गई है। श्री बाईजूस ने अमेरिकी टेलीविजन चैनल सीएनएन से बातचीत में इस विषय पर सवाल के जवाब में कहा, हां मैं यह इरादा जरूर रखता हूं, पर कठिनाई यह तय करने में है कि देनदारियां अलग रखते हुए इसे कैसे किया जाए, यह कोई आसान काम नहीं है। गौरतलब है कि उनकी इस बात के लिए आलोचना होती रही है कि उन्होंने अब तक अपने विशाल संपत्ति में से कुछ दान नहीं किया है। अमेरिका कि माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स, निवेशक वारेन बफेट और कई अन्य अरबपति अपनी संपत्ति का बड़ा हिस्सा आम लोगों की भलाई के लिए दान करने की घोषणा कर चुके हैं। श्री बाईजूस से पूछा गया था कि क्या वे अपने संपत्ति को दान करने का इरादा रखते हैं। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि मुझे लगने लगा है कि परमार्थ का काम करना कोई आसान काम नहीं है, यह वास्तव में कठिन काम है। उन्होंने कहा कि हम यह दान देने के लिए क्षमता तैयार कर रहे हैं। उन्होंने गायिका डॉली पार्टन को करेज एंड सिविलिटी अवार्ड देने की घोषणा के बाद यह बातें कही। पार्टन यह पुरस्कार पाने वाली तीसरी व्यक्ति हैं। इसके तहत उन्हें 10 करोड़ डॉलर मिलेंगे। इसका वे परमार्थ कार्य पर अपने हिसाब से खर्च कर सकेंगी। उन्होंने विगत शनिवार को एक समारोह में मजाक में उसे कहा था, आपने एक सौ मिलियन डॉलर कैसे कह दिया जेफ धन्यवाद मैं इस पैसे से बहुत से अच्छे काम करूंगी। श्री बेजोस इस समय 58 साल के हैं और अमेजन के 9.75 फीसदी के हिस्सेदार हैं।

## ग्लोबल बाजार से मिले जुले संकेत, एशियाई बाजारों में ओवरऑल तेजी का रुख

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज लगातार दूसरे दिन मिले जुले संकेत मिल रहे हैं। पिछले कारोबारी सत्र में अमेरिकी बाजार ब्याज दर बढ़ने की आशंका से गिरावट के साथ बंद हुए। लेकिन डाओ फ्यूचर्स में मामूली बढ़त नजर आ रही है। दूसरी ओर एशियाई बाजारों में आज आमतौर पर मजबूती का रुख बना हुआ है। पिछले कारोबारी सत्र में डाओ जोंस 211 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स भी करीब 1 प्रतिशत टूट कर 3,957 अंक के स्तर पर बंद हुआ। जबकि नैस्डेक में 1.25 प्रतिशत की कमजोरी दर्ज की गई। इस कारोबारी सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार के एक्टिव स्टॉक्स में से 47 प्रतिशत शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। दरअसल, कल ही अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में बढ़ोतरी जारी रहने के संकेत दिए गए थे। फेडरल रिजर्व की ओर से कहा गया था कि ब्याज दरों में बढ़ोतरी आने वाले दिनों में भी जारी रह सकती है। यूएस फेड की ओर से दिए गए संकेत के बाद से ही अमेरिकी बाजार दबाव में आ गए थे, जिसका परिणाम गिरावट के रूप में सामने आया। अमेरिकी बाजार के विपरीत एशियाई बाजारों में आज ओवरऑल मजबूती का रुख नजर आ रहा है। भारतीय बाजार, कोस्पी इंडेक्स और जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स के अलावा ज्यादातर बाजारों में मजबूती का रुख बना हुआ है।

## आईआरएफ की हेलमेट पर शून्य जीएसटी करने की अपील

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** इंटरनेशनल रोड फेडरेशन (आईआरएफ) ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से दोपहिया सवारों के लिए जीवन रक्षक उपकरण पर जीएसटी को 18 प्रतिशत से कम कर शून्य तक लाने की अपील की है। आईआरएफ के अध्यक्ष एमेरिटस केके कपिला ने श्रीमती सीतारमण को लिखे पत्र में कहा कि सड़क यातायात दुर्घटनाएं एक वैश्विक खतरा है और भारत इस रोके जा सकने वाले कारण के कारण होने वाली कुल मौतों में लगभग 11 प्रतिशत का योगदान देता है। आंकड़े मोटे तौर पर बताते हैं कि हर साल लगभग 500,000 सड़क यातायात दुर्घटनाएं होती हैं, जिसके परिणामस्वरूप 150,000 से अधिक लोग मारे जाते हैं और 500,000 से अधिक घायल होते हैं, जिनमें से कुछ स्थायी




विकलांगता के शिकार हो जाते हैं। इनमें से एक बड़ा हिस्सा 18 से 45 वर्ष के आयु वर्ग के हैं, जो किसी भी अर्थव्यवस्था के लिए सबसे अधिक उत्पादक आबादी है। दोपहिया सवार, सबसे कमजोर होने के कारण, मुख्य रूप से सिर की चोटों के कारण सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों का बड़ा हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि दोपहिया दुर्घटना में चोटों और मौतों को कम करने के लिए सबसे प्रभावी उपायों में से एक मानक हेलमेट का उपयोग है लेकिन देश में हेलमेट का उपयोग कम पाया गया है। भारत यातायात दुर्घटनाओं, चोटों और मौतों के बढ़ते बोझ का सामना कर रहा है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के परिवहन अनुसंधान विंग की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2019 में भारत भर में 480,652 सड़क दुर्घटनाओं में से कुल 151,113 लोग मारे गए, औसतन 414 एक दिन या एक घंटे में 17 लोग मारे गए। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली कुल मौतों में से 31.4 प्रतिशत दोपहिया वाहन चालकों की हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 129 के अनुसार दोपहिया सवारों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने भारतीय मानक ब्यूरो के परामर्श से बीआईएस मानकों के अनुसार हेलमेट का उपयोग अनिवार्य बनाया है।

## डेटा संरक्षण विधेयक उपभोक्ता डेटा के दुरुपयोग पर लगायेगा लगाम: चंद्रशेखर

**नयी दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि प्रस्तावित डेटा संरक्षण विधेयक उपभोक्ताओं से संबंधित डेटा के दुरुपयोग पर लगाम लगाने के साथ दोषियों पर दंडात्मक कार्रवाई का भी प्रावधान करेगा। चंद्रशेखर ने यह टिप्पणी दिग्गज इंटरनेट कंपनी गूगल पर अमेरिका में लगे उपभोक्ता डेटा के दुरुपयोग के आरोपों के संदर्भ में की है। गूगल पर अपने उपभोक्ताओं की सहमति के बगैर उनके लोकेशन की निगरानी करने का आरोप था। हालांकि गूगल ने इस मामले की जांच बंद करने के लिए अमेरिकी सरकार के साथ निपटान समझौता कर लिया है जिसके तहत वह करीब 39.2 करोड़ डॉलर का भुगतान करेगी। चंद्रशेखर ने अपने एक ट्वीट में कहा, उपभोक्ताओं के डेटा का इस तरह दुरुपयोग करना निजता एवं डेटा



संरक्षण की अपेक्षाओं का उल्लंघन करता है। भारत का डिजिटल डेटा संरक्षण विधेयक इस पर रोक लगाएगा और यह सुनिश्चित करेगा कि ऐसा काम करने वाले किसी भी इंटरनेट मंच या मध्यवर्ती को दंडात्मक एवं वित्तीय नतीजे का सामना करना पड़े। सरकार ने निजी डेटा संरक्षण विधेयक को गत अगस्त में संसद से वापस ले लिया था। इसके साथ ही सरकार ने कहा था कि वह समग्र कानूनी ढांचे में तालमेल बिठाने वाले नए कानून लेकर आएगी। सरकारी सूत्रों ने संकेत दिए हैं कि नया डेटा संरक्षण विधेयक संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में पेश किया जाएगा।

# पेज एक के शेष

### भगवान बिरसा मुंडा...

जनजातीय वीरों के सपनों को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। जनजातीय गौरव दिवस के जरिये देश की जनजातीय विरासत पर गर्व और आदिवासी समाज के विकास का संकल्प इसी ऊर्जा का हिस्सा है। प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी समुदाय के योगदान को याद किया और प्रमुख आदिवासी आंदोलनों और स्वतंत्रता के लिए युद्धों को याद किया। उन्होंने तिलका मांझी के नेतृत्व में दामिन संग्राम, बुद्धू भगत के नेतृत्व में लरका आंदोलन, सिद्धू-कान्हू क्रांति, वेगड़ा भील आंदोलन, नायकड़ा आंदोलन, संत जोरिया परमेश्वर और रूप सिंह नायक, लिम्दी दाहोद युद्ध, मानगढ़ के गोविंद गुरु जी और अल्लूरी सीताराम राजू के के नेतृत्व में चलाये गये रम्पा आंदोलन को याद किया। प्रधानमंत्री ने तिलका मांझी सहित तमाम जनजातीय क्रांतिकारियों द्वारा चलाये गये आंदोलनों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत के जनजातीय समाज ने अंग्रेजों, विदेशी शासकों और ताकतों को अपना सामर्थ्य दिखा दिया था। उन्होंने कहा कि पिछले आठ सालों में जनजातीय समाज को देश की प्रत्येक योजना और प्रयास की प्रेरणा रहे हैं। इसमें उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों में आदिवासी संग्रहालयों और जन धन, गोवर्धन, वन धन, स्वयं सहायता समूह, स्वच्छ भारत, पीएम आवास योजना, मातृत्व वंदना योजना, ग्रामीण सड़क योजना, मोबाइल कनेक्टिविटी, एकलव्य स्कूल, एमएसपी जैसी योजनाओं का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने आदिवासी समाज की वीरता, सामुदायिक जीवन और समावेश पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत को इस भव्य विरासत से सीखकर अपने भविष्य को आकार देना है। मुझे विश्वास है कि जनजातीय गौरव दिवस इसके लिए एक अवसर और माध्यम बनेगा।

### सभी के सहयोग...

राज्य के किसानों को किस तरह राहत पहुंचायी जा सके, इस निमित्त कई योजनाएं चलायी जा रही हैं। हमारी सरकार ने राज्य के चिन्हित सूखाग्रस्त 226 प्रखंडों में लगभग 31 लाख किसान परिवारों को सूखा राहत हेतु 3500 रुपये की राशि तत्काल उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है।

**गरीबी-पिछड़ापन करेंगे दूर :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य में जो गरीबी और पिछड़ापन है, वह किसी अभिशाप से कम नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमारी सरकार आपके दरवाजे पर जाकर आपको ऋण मुहैया करा रही है। आपके लिये स्वरोजगार का मार्ग प्रशस्त कर रही है। रोजगार सृजन के लिए राज्य सरकार आपको अनुदान भी दे रही है। सरकार ने ऐसी कार्य योजना बनायी ताकि झारखंड की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सके।

**नियुक्ति प्रक्रियाओं में आयी तेजी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत पंचायत-पंचायत, गांव-गांव में शिविर का आयोजन किया गया। 20 वर्ष में किसी भी सरकार ने इस तरह के शिविर के आयोजन को नहीं देखा होगा। गांव में शिविर लगाकर यहां के लोगों की समस्याओं का समाधान हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने आमजनों के साथ-साथ सरकारी कर्मचारियों, पुलिसकर्मियों, पारा शिक्षकों, आंगनबाड़ी कर्मियों सहित कई वर्गों के समस्याओं का निदान करने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नियुक्ति की प्रक्रिया लगातार चल रही है।

**बच्चियों को दे रहे अधिकार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राथमिकता :** मुख्यमंत्री ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर राज्य सरकार काफी गंभीर है। हमने विशेषकर बच्चियों के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना शुरू की है। हमारी सरकार ने इस योजना से राज्य की नौ लाख बच्चियों को जोड़ने का लक्ष्य रखा है। इस योजना के तहत बच्चियों को लाभ दिया जा रहा है और 18 वर्ष पूर्ण होने पर उन्हें एक मुश्त 40 हजार रुपये की सहायता राशि दी जायेगी। हम ऐसी योजना बनाने जा रहे हैं जिसमें जो बच्चियां इंजीनियर, डॉक्टर, वकील आदि बनना चाहती हैं उनकी पढ़ाई का सारा खर्च राज्य सरकार वाहन करेगी। उच्च शिक्षा के लिए भी सरकार छात्र-छात्राओं को मदद करेगी।

**अपनी ताकत और अपने भरोसे राज्य को खड़ा करेंगे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता का आशीर्वाद रहा तो आनेवाले समय में यह राज्य भगवान के भरोसे नहीं बल्कि अपने भरोसे पर खड़ा होगा और अपनी ताकत पर खड़ा होगा। हमारी सरकार ने गरीबी और अशिक्षा को दूर करने का संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वृहद पैमाने पर कार्य करना शुरू कर दिया गया है। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता, ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं एवं अन्य मुद्दों पर अपनी बातें रखीं। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री तथा वर्तमान राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन, महुआ माजी, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, पुलिस महानिदेशक नीरज सिन्हा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, कार्मिक विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन सहित कई गणमान्य अतिथि एवं वरीय पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### 1960 के दशक...

थी। हालांकि, जानकारों के मुताबिक ये आंकड़ा अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग है। सब-सहारा अफ्रीका में प्रति महिला जन्म दर आज प्रशांत क्षेत्र की तुलना में चार गुना ज्यादा है। जनसंख्या विशेषज्ञों ने ध्यान दिलाया है कि अब जनसंख्या में हो रही वृद्धि का एक प्रमुख कारण यह है कि लोगों का जीवन काल बढ़ गया है। 2019 में दुनिया में औसत जीवन प्रत्याशा 72 साल थी। 1990 की तुलना में यह नौ वर्ष ज्यादा है। 2050 तक औसत जीवन प्रत्याशा बढ़ कर 77 वर्ष हो जाने का अनुमान है।

कोविड-19 महामारी के कारण 2021 में औसत जीवन प्रत्याशा में एक साल की गिरावट आयी। बीते वर्ष यह 71 साल थी। औसत जीवन प्रत्याशा के मामले में भी दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों में असमानता है। मसलन, धनी देशों की तुलना में आम तौर पर गरीब देशों में लोग सात वर्ष कम जीवित रहते हैं। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि 2050 तक 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की संख्या कुल आबादी में 16 प्रतिशत हो जायेगी। अभी ये संख्या दस फीसदी है। दुनिया की आधी से भी ज्यादा आबादी अब एशिया में है। दक्षिण एशिया में दुनिया के 26 प्रतिशत लोग रहते हैं। अगले वर्ष चीन को पीछे छोड़ते हुए भारत दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन जायेगा। वैसे 2050 तक आबादी में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी कांगो, मिस्र, इथियोपिया, भारत, नाइजीरिया, पाकिस्तान, फिलीपींस और तंजानिया में दर्ज होगी। जबकि चीन के बारे में अनुमान लगाया गया है कि वहां आबादी में गिरावट का दौर जारी रहेगा। जबकि भारत में बढ़ोतरी जारी है। भारत की जनसंख्या चीन की जनसंख्या से ज्यादा होकर एक सौ इकतालीस करोड़ पर कुलांचे भरती नजर आने लगेगी।

### राज्य स्थापना दिवस...

प्रकाश ने कहा कि बिरसा मुंडा के जन्मदिवस को प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय आदिवासी गौरव दिवस के तौर पर मनाना शुरू किया, लेकिन मंच से एक बार भी मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का आभार तक नहीं जताया। दीपक प्रकाश ने कहा कि मोरहाबादी के कार्यक्रम में जिन वजहों से भाजपा ने दूरी बरती थी, वह अंदेशा सही साबित हुआ।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## न्यूज गैलरी

### गुजरात चुनाव के पहले अमित शाह ने किया सीएम चेहरे का ऐलान

**गांधीनगर (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी के बाद अब बीजेपी ने भी गुजरात में अपने सीएम फेस का ऐलान कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी के चाणक्य कहे जानेवाले अमित शाह ने साफ किया है कि गुजरात में पार्टी को बहुमत मिला तो कौन अगला मुख्यमंत्री होगा। एक चैनल को दिये गये इंटरव्यू में अमित शाह ने गुजरात के मुख्यमंत्री के नाम का खुलासा किया है। गुजरात में दो चरणों में चुनाव होने हैं। पहले चरण की वोटिंग एक दिसम्बर और दूसरे चरण की वोटिंग पांच दिसम्बर को होगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अगर बीजेपी अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव में बहुमत हासिल करती है तो भूपेंद्र पटेल गुजरात के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। पटेल ही भाजपा के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार हैं। गुजरात में बीजेपी की सरकार 1998 से लगातार बन रही है।

### महिला को बचाने की कोशिश में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत

**गांधीनगर (एजेंसी)।** पानी लाने के लिए नहर पर गयी एक महिला को डूबने से बचाने की कोशिश एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गयी। यह दर्दनाक हादसा आज गुजरात के कच्छ जिले से सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार कच्छ के नर्मदा कैनाल में पानी लाने गयी एक महिला डूबने लगी थी। उसे डूबता हुए देख बचाने उतरे परिवार के पांच सदस्य भी डूब गये। इससे सभी की एक साथ एक ही नहर में डूबने में मौत हो गयी। हादसे की पुष्टि करते हुए कच्छ पश्चिम के पुलिस अधीक्षक सौरभ सिंह ने बताया कि एक महिला को डूबने से बचाने के प्रयास में एक ही परिवार के पांच लोग कच्छ की नर्मदा नहर में डूब गये। मामले की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी शवों को बरामद कर लिया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतकों में दो विवाहित जोड़े और एक किशोरी है। यह हादसा कच्छ के परागपुर थाना क्षेत्र के गुंदला गांव के पास घटी। परागपुर थाने के पुलिस अधिकारी ने बताया कि नर्मदा नहर से दो महिलाओं, दो पुरुषों और 15 वर्षीय एक किशोरी के शव को निकाला गया है। इस घटना से गांव में मातम पसरा है।

#### बाली में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए पीएम मोदी बोले -

# भारत और इंडोनेशिया सुख-दुख के साथी

**बाली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों इंडोनेशियाई की यात्रा पर हैं और यहां जी-20 समिट चल रही है। पीएम ने बाली में रहनेवाले भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि यहां आकर हर भारतीय को अलग अनुभूति होती है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत से यहां आये लोग इंडोनेशिया के विकास में सहयोग कर रहे हैं। सिंधी परिवार ने यहां बेहतरीन काम किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडोनेशिया ने परंपरा को जीवंत रखा है। भारत और इंडोनेशिया सुख-दुख के साथी हैं। 2018 में जब यहां भूकंप आया तो हमने ऑपरेशन समुद्र मैत्रीयी चलाया था। पीएम ने कहा, 'भारत में अगर हिमायल है तो यहां आगुंग है। भारत में अगर गंगा है तो बाली में भी गंगा है। यहां भी श्रीगणेश घर-घर विराजमान हैं। अनगिनत बातें हमें जोड़े रखती हैं। यहां का जन-जन महाभारत के साथ बड़ा होता है।' जब 2018 में इंडोनेशिया में भूकंप आया था, तब भारत ने ऑपरेशन समुद्र मैत्री शुरू किया था। उस साल मैं जकार्ता गया था और मैंने कहा था



कि भारत और इंडोनेशिया 90 नॉटिकल मील दूर हैं। वास्तव में, दोनों देश 90 समुद्री मील करीब हैं।

**भारतीय-इंडोनेशिया के विकास में सहयात्री :** बाली में भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि, जैसा कि मैं बाली में आपसे बात करता हूं और हम यहां से 1500 किमी दूर भारत के कटक में इंडोनेशियाई परंपराओं के गीत गाते हैं, बाली यात्रा महोत्सव चल रहा है - बाली जात्रा। यह महोत्सव हजारों साल पुराने भारत-इंडोनेशिया व्यापार संबंधों का जश्न मनाता है। पीएम ने कहा कि जब इंडोनेशिया के लोग इस साल की बाली जात्रा की तस्वीरें इंटरनेट पर देखेंगे तो उन्हें गर्व और खुशी होगी। कोविड के कारण उत्पन्न होने वाली समस्याओं के कारण, कुछ बाधाएं उत्पन्न हुई थीं। ओडिशा में कई वर्षों के बाद बाली जात्रा महोत्सव बड़े पैमाने पर बड़े पैमाने पर मनाया जा रहा है।

**भारत में अगर गंगा हैं, तो बाली में तीर्थ गंगा :** भारत-इंडोनेशिया के रिश्ते के बारे में बताते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'भारत में अगर हिमालय है, तो बाली में अगुंग पर्वत है। भारत में अगर गंगा हैं, तो बाली में तीर्थ गंगा है। हम भी भारत में हर शुभ कार्य का श्रीगणेश करते हैं। यहां भी श्री गणेश घर-घर विराजमान हैं और सार्वजनिक स्थानों पर शुभता फैला रहे हैं।

### दुनिया की कई कंपनियों में भारतीय मूल का सीईओ

**पीएम** मोदी ने कहा कि, कुछ महीने पहले, 15 अगस्त को, भारत ने आजादी के 75 साल पूरे किये। इंडोनेशिया का स्वतंत्रता दिवस भारत के दो दिन बाद आता है - 17 अगस्त को। लेकिन इंडोनेशिया सौभाग्यशाली था कि उसे भारत से दो वर्ष पूर्व ही स्वतंत्रता प्राप्त हो गयी। इंडोनेशिया से भारत बहुत कुछ सीख सकता है। लेकिन अपनी 75 साल की लंबी विकास यात्रा में ऐसा बहुत कुछ है जो भारत इंडोनेशिया को दे सकता है। भारत के टैलेंट, टेक्नोलॉजी, इनोवेशन, इंडस्ट्री ने दुनिया के सामने अपनी एक पहचान बनाई है। दुनिया की कई बड़ी कंपनियों में एक भारतीय मूल का सीईओ है।

## मोदी से हाथ मिलाने को दौड़े आये बाइडन, दोस्त मैक्रों ने ली 'चुटकी'

**बाली (एजेंसी)।** इंडोनेशिया के बाली द्वीप पर आयोजित जी-20 देशों के शिखर सम्मेलन में पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच जबरदस्त केमेस्ट्री देखने को मिली। जी-20

- पीएम मोदी और बाइडन के बीच गर्मजोशी भरी मुलाकात
- जी-20 शिखर सम्मेलन में पीएम नरेंद्र मोदी और बाइडन के बीच गर्मजोशी देखने को मिली

शिखर सम्मेलन स्थल पर पीएम मोदी के बगल में बाइडन को बैठना था। बाइडन को आता देखकर पीएम मोदी ने उनसे मिलने के लिए अपनी कुर्सी से हटकर पीछे जाने के लिए मुड़े ही थे कि तभी अमेरिकी राष्ट्रपति उनकी कुर्सी के पास तेजी से चले आए। बाइडन दूर से ही हाथ बढ़ाए हुए थे ताकि वह पीएम मोदी से हाथ मिला सकें। बाइडन के इस दोस्ताना व्यवहार को देखकर पीएम



मोदी ने न केवल हाथ मिलाया बल्कि उन्हें गले लगाकर जोरदार स्वागत किया। बाइडन और पीएम मोदी जब मिल रहे थे, ठीक उसी समय फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों भी वहीं से गुजरे और उन्होंने भारतीय प्रधानमंत्री के पीठ पर पीछे से हाथ रखकर निकलने लगे। पीएम मोदी ने अपने दोस्त मैक्रों को देखकर उनसे हाथ मिलाया और अभिवादन किया। बाइडन से मुलाकात के दौरान पीएम मोदी उनसे काफी देर तक बातचीत करते रहे। इस दौरान बाइडन पीएम मोदी की पीठ पर हाथ रखे हुए थे। बाइडन और पीएम मोदी के बीच यह केमेस्ट्री सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी रही।

## एलर्जी, यूरिक एसिड व किडनी की बीमारी हो तो न खायें अरहर की दाल

- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** अरहर की दाल बहुत से लोगों को के लिए सबसे प्रिय दाल है। वे उसके स्वाद के मुरीद होते हैं। लेकिन जिन लोगों को एलर्जी, यूरिक एसिड व किडनी की बीमारी है उनके लिये अरहर की दाल बहुत ही नुकसान दायक है। कई वैद्य व चिकित्सकों का कहना है कि अरहर की दाल में फोलिक एसिड, आयरन, प्रोटीन, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस व पोटैशियम जैसे पोषक तत्व होते हैं। इसलिए स्वस्थ व्यक्ति इसको पका कर खाता है तो उसका शरीर स्वस्थ रहता है, वजन नियंत्रण में रहता है। कई बीमारियों में भी अरहर की दाल बहुत फायदेमंद है, जैसे मधुमेह, हृदय रोग में। इस दाल में जिंक, कॉपर, सिलेनियम व मैंगनीज जैसे पोषक तत्व होते हैं, इसलिए इसे खाने से पाचन ठीक



रहता है। लेकिन जिनके शरीर में यूरिक एसिड बढ़ा हुआ है वे यदि अरहर की दाल खाते हैं तो यह और बढ़ेगा, क्योंकि अरहर की दाल में बहुत प्रोटीन होती है। जिसका सेवन यूरिक एसिड के मरीज करते हैं तो उनके शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ने लगती है। जिन लोगों को हाई यूरिक एसिड की परेशानी होती है उनके हाथ-पैरों के जोड़ों में दर्द और सूजन रहती है। इसी तरह जिनको किडनी की बीमारी है वे यदि अरहर की दाल खाते हैं तो इसमें मौजूद प्रचुर पोटैशियम की मात्रा किडनी की बीमारी को और बढ़ा सकती है। किडनी में स्टोन की समस्या बढ़ सकती है। किडनी को डिटॉक्सीफाई करने में परेशानी होती है। कई लोग ऐसे हैं जो यदि रात में अरहर की दाल खाते हैं तो उनको खुजली होने या चकत्ते जैसे एलर्जी होने लगती है। कई जब रात में अरहर की दाल खाते हैं तो उनका पाचन खराब हो जाता है। इसलिए अरहर की दाल का सेवन करते समय इन बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है।

# केरल राजभवन को हजारों माकपा कार्यकर्ताओं ने घेरा

**तिरुवंतपुरम (एजेंसी)।** केरल में सरकार और राज्यपाल के बीच ठन गयी है। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने उच्च शिक्षा क्षेत्र से संबंधित अध्यादेशों या विधेयकों पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया था। जिसके बाद से मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के बीच टकराव देखने को मिल रहा है। मंगलवार को माकपा के हजारों कार्यकर्ताओं ने केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के आधिकारिक आवास राजभवन का घेराव किया। इस रैली में न तो मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और न ही उनके कैबिनेट सहयोगियों ने हिस्सा लिया। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के हस्ताक्षर करने से इनकार के बाद, माकपा ने घोषणा की कि वे अपना विरोध दर्ज कराने के लिए राजभवन की ओर मार्च करेंगे। दिल्ली में केरल राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान

- नाराज केरल राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने दी चुनौती

एक बार फिर से नाराज नजर आये। उन्होंने दिल्ली में मीडिया को संबोधित करते हुए केरल सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाये। हालांकि, विरोध शांतिपूर्ण है और राज्यपाल खान फिलहाल राज्य से बाहर हैं।

**मुझे एक उदाहरण दें उसी क्षण इस्तीफा : केरल राज्यपाल**
विश्वविद्यालयों के मुद्दे पर केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने दिल्ली में कहा कि मुझे लगता है कि इस निष्कर्ष पर पहुंचने



के लिए आपके पास पर्याप्त सबूत हैं कि मैं उस तरह का व्यक्ति नहीं हूं जो दबाव बना सके। मैं आपको 1001 उदाहरण दे सकता हूं जहां उन्होंने प्रतिदिन विश्वविद्यालयों के कामकाज में हस्तक्षेप किया। विश्वविद्यालयों को चलाने का काम चांसलर के पास है, सरकार चलाना चुनी हुई सरकार के पास है। मुझे एक उदाहरण दें जहां मैंने सरकार के काम में हस्तक्षेप करने की कोशिश की, मैं उसी क्षण इस्तीफा दे दूंगा।

### क्या है मामला?

**दरअसल,** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमों के विपरीत सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश के मद्देनजर राज्य के नौ विश्वविद्यालयों के वाइस चांसलर से 24 अक्तूबर तक इस्तीफा देने को कहा था। राज्यपाल के इस आदेश के बाद केरल सरकार ने राजभवन के बाहर प्रदर्शन करने की धमकी दी थी। जिसके बाद राज्यपाल और भड़क गये।

## बीएचयू में 17 नवम्बर से 16 दिसम्बर तक एक माह चलेगा काशी-तमिल संगमम

- कृष्णमोहन सिंह

**नयी दिल्ली।** दक्षिण भारत के लोगों, विशेषकर तमिलनाडु के लोगों में काशी व काशी विश्वनाथ के प्रति अगाध श्रद्धा है। तमिलनाडु में अपने क्षेत्र में गिने-चुने सम्मानित लोगों व

- तमिलनाडु में अपने क्षेत्र में गिने-चुने सम्मानित लोगों व आईआईटी के छात्रों को काशी, प्रयाग, अयोध्या के मंदिरों का कराया जायेगा दर्शन
- आईआईटी चेन्नई व आईआईटी बीएचयू भी मिलकर कर रहे हैं काम

वहां की आईआईटी के टॉप युवा मस्तिष्क को काशी, प्रयाग, अयोध्या के मंदिरों का दर्शन कराया जायेगा। इसके लिये 17 नवम्बर से 16 दिसम्बर तक एक माह चलनेवाले काशी-तमिल संगम (संगमम) को लेकर काशी हिन्दू विश्वविद्यालय व वाराणसी में तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इसमें तमिलनाडु से लगभग तीन हजार प्रतिनिधियों के आने की बात कही जा रही है। इनको काशी विश्वनाथ धाम तो दिखाया ही जायेगा, अयोध्या में श्री रामलला जन्म स्थान मंदिर तथा प्रयाग के संगम का भी दर्शन-पूजन कराया जायेगा। इसके लिये हर तरह की व्यवस्था की जा रही है। आईआईटी चेन्नई (मद्रास) व आईआईटी बीएचयू भी मिलकर काम कर रहे हैं। इसमें ज्यादातर आईआईटी के छात्रों को लाने व एक-दूसरे



के यहां चल रहे प्रोजेक्ट पर विचार-विमर्श की योजना की बात कही जा रही है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में खेल के मुख्य मैदान एंफीथिएटर ग्राउंड में तमिल संस्कृति की झलक दिखाने वाले लगभग 75 स्टॉल लगाने की तैयारी चल रही है। कहा जा रहा है कि इसमें कला, संस्कृति, व्यापार, व्यंजन आदि की प्रदर्शनी लगेगी। इसके बारे में पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक अमित गुप्ता का कहना है कि काशी तमिल संगमम में 25 प्रकार के व्यंजन बनने हैं। इसके लिये तमिलनाडु से दो प्रसिद्ध भोजन बनानेवाले बनारस पहुंच चुके हैं। उनका कहना है कि काशी तमिल संगमम में आनेवाले मेहमानों को भोजन आदि की जिम्मेदारी भारतीय पर्यटन विभाग के वाराणसी कार्यालय के जिम्मे है।

इस बारे में भारतीय भाषा समिति के अध्यक्ष पद्मश्री चमू कृष्ण शास्त्री का कहना है कि काशी-तमिल संगम देश के दोनों जगहों के लोगों को न केवल एक-दूसरे के और पास लायेगा बल्कि अपने प्राचीन संबंधों को महसूसने का अवसर मिलेगा। मालूम हो कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में काशी-तमिल संगमम आयोजन के नोडल अधिकारी प्रो. एचसीएस राठौर हैं। इस बारे में वह एक अकादमिक के तौर पर वही कह रहे हैं जो हर व्यक्ति आम तौर पर कहता है। वह कहते हैं कि काशी तमिल संगम (संगमम) अब तक का अपनी तरह का ऐसा पहला आयोजन है, जिससे भारतीयों के बीच संबंध व सम्पर्क और सशक्त होंगे। जबकि सच्चाई यह है कि एक-दूसरे राज्यों में कलाकारों को भेजनेवाले तमाम आयोजन हर सरकारों के सांस्कृतिक मंत्रालयों ने किया है, लेकिन उसकी अंदरूनी थीम व इसके पीछे की योजना वह नहीं रही जो अब है। करोड़ों रुपये खर्च वाले इस काशी-तमिल संगमम में जहां तक लगभग तीन हजार लोगों को लाने व ले जाने का सवाल है इसके लिये आईआरसीटीसी के अधिकारी व्यवस्था में लगाये गये हैं। एक समूह में 250 प्रतिनिधि हैं। जिन्हें तमिलनाडु से वाराणसी तक लाने के लिए आईआरसीटीसी ने रामेश्वरम से बनारस तक आनेवाली बनारस साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस, चेन्नई सेंट्रल से गया जंक्शन तक जानेवाली गया साप्ताहिक सुपर फास्ट एक्सप्रेस और एर्णाकुलम जंक्शन से पटना जंक्शन जानेवाली पटना सुपर फास्ट एक्सप्रेस में एक-एक कोच लगायी जा रही है। जो कि 19 नवम्बर से 14 दिसम्बर के बीच लगभग हर दो दिन बाद अलग-अलग आयेंगी और जायेंगी।

